राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



# प्रातः किरण



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 'मैं उनके फैसले से हैरान था', इशान किशन...

गैर हिमाचली को राज्यसभा चुनाव में... 12



वर्ष : 14 | अंक : 288 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 01 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 24°C न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 64,005

चांदी 75,500

सेंसेक्स 72,500

निफ्टी 21,982

## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति आज को कर्नाटक के दौरे पर

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को कर्नाटक के धारवाड़ का दौरा करेंगे। अपने एक दिवसीय दौरे में धनखड़ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धारवाड़ के स्थायी परिसर जाएंगे और वहां मुख्य द्वार परिसर, ज्ञान संसाधन एवं डेटा केंद्र और सेंट्रल लर्निंग थिएटर का उद्घाटन करेंगे। उपराष्ट्रपति संस्थान में रूफटॉप सोलर पैनल सुविधा की आधारशिला भी रखेंगे। इस दौरान वे न्यू सुपर-स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल- एमएम जोशी आई इंस्टीट्यूट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

### सांसदों ने मोरारजी देसाई को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को उनकी जयंती के अवसर पर गुरुवार को संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में याद किया गया। इस अवसर पर संसद सदस्यों, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह तथा राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी ने भी देसाई को पुष्पांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि 15 दिसंबर, 1995 को संविधान सदन (तत्कालीन संसद भवन) के केन्द्रीय कक्ष में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा द्वारा मोरारजी देसाई के चित्र का अनावरण किया गया था।

### पिछले साढ़े नौ साल में कुल 92 हजार किमी राष्ट्रीय राजमार्ग बने : जैन

नई दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पिछले साढ़े नौ साल में लगभग 92 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए हैं। मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने बृहस्पतिवार यह जानकारी देते हुए कहा कि अगले महीने के अंत तक यह आंकड़ा 95 हजार किलोमीटर तक पहुंच जाएगा। इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के एक कार्यक्रम में जैन ने कहा कि कृत्रिम मेधा सहित नवीनतम तकनीकों के इस्तेमाल से मंत्रालय को योजना आधारित परिवहन मॉडल विकसित करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि अगले 50 वर्षों के लिए बढ़ती आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उच्च गति वाले गलियारे बनाए जा रहे हैं। जैन ने कहा कि मंत्रालय ने देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अधिकांश ब्लैक स्पॉट की पहचान की है और उनमें से अधिकांश को मार्च, 2025 के अंत तक ठीक कर दिया जाएगा। आईआरएफ के अध्यक्ष अनौर बेनाजौस ने कहा कि बुनियादी ढांचा योजनाकारों, डिजाइनरों और ठेकेदारों की भूमिका तेजी से बदल रही है और उन्हें नई प्रौद्योगिकियों, डिजिटल साधनों तथा कुशल परिवहन प्रणाली को अपनाने की जरूरत है।

# मध्यप्रदेश तेजी से विकास की नई ऊंचाइयां प्राप्त करता रहेगा : प्रधानमंत्री मोदी

- 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का वर्चुअली लोकार्पण एवं शिलान्यास

प्रात : किरण/एजेंसी




भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से विकास की नई ऊंचाइयां प्राप्त करता रहेगा। विकास परियोजनाएं और कार्य मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के साथ जनता के जीवन को आसान बनायेंगी। इनसे निवेश, नौकरियां और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल मंगु भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम का शुभांरभ किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण के लिए केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार खेती, उद्योग और टूरिज्म पर अधिक बल दे रही है। मां नर्मदा पर तीन परियोजनाओं का भूमि पूजन, जनजातीय क्षेत्र में सिंचाई के साथ-साथ पेयजल की समस्या का समाधान भी करेगा। सिंचाई के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में नई क्रांति होते दिख रही है। केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड के लाखों परिवारों का जीवन बदलने वाला है। वर्ष 2014 से पहले 10 वर्षों में 40 लाख हेक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई के दायरे में लाया गया था लेकिन पिछले 10 वर्षों में 90 लाख हेक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई से जोड़ा गया है। साइबर तहसील, ग्रामीण परिवारों का समय और धन बचाएगी: प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में साइबर तहसील का शुभारंभ किया जा रहा है। साइबर तहसील के माध्यम से जमीन का नामांतरण रजिस्ट्री और अन्य मामलों का समाधान डिजिटल माध्यमों से त्वरित रूप से हो जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों का समय और धन दोनों बचेगा। यह समय और धन ग्रामीण परिवार कृषि और उससे जुड़े अन्य रोजगार में लगाएगा। इस तरह से उसकी आय में भी वृद्धि होगी और जीवन आसान होगा।

विक्रमोत्सव हमारी गौरवशाली विरासत और विकास का उत्सवः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विक्रमोत्सव हमारी गौरवशाली विरासत और विकास का उत्सव है। समृद्धशाली विरासत और विकास कार्य कैसे एक साथ उत्सव के रूप में मनाये जाते हैं, यह उसका प्रमाण है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पूरे विश्व में वैदिक गणना की केंद्र रही है। प्राचीन समृद्ध इतिहास को फिर से स्मरण करते हुए विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी उज्जैन में स्थापित की जा रही है। यह हमारे समृद्ध अतीत को याद करने का सिर्फ अवसर नहीं है बल्कि भारत को विकसित बनाने के क्रम का साक्षी बनने का मौका भी है। 700 लाख मीट्रिक टन अनाज के भंडारण के लिए होगा सवा लाख करोड़ से अधिक का निवेशः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसानों की एक बड़ी समस्या अनाज के भंडारण की रही है। इस समस्या के निवारण के लिए भंडारण की सबसे बड़ी योजना पर कार्य किया जा रहा है। लगभग 700 लाख मीट्रिक टन अनाज के भंडारण के लिए सरकार सवा लाख करोड़ से भी अधिक का निवेश करेगी, जिससे किसानों को उनकी फसल का बढ़ा हुआ और सही दाम मिलेगा। गांव को बनाएंगे आत्मनिर्भरः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार गांवों को आत्मनिर्भर बनाने पर अधिक बल दे रही है।

आत्मनिर्भर गांव ही आत्मनिर्भर प्रदेश और आत्मनिर्भर देश का निर्माण करेंगे। इसके लिए देश में सहकारिता के विस्तार पर अधिक बल दिया जा रहा है। गांव में लाखों सहकारिता समितियों का गठन किया जा रहा है। खेती, पशुपालन, मुर्गी पालन, मछली पालन और अन्य माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को उनकी भूमि का स्वामित्व और स्वामित्व से जुड़ी अन्य समस्याओं के निवारण के लिए पीएम स्वामित्व योजना के जरिए स्थायी समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। मध्यप्रदेश, स्वामित्व योजना के तहत अच्छा कार्य कर रहा है। प्रदेश के गांवों का ड्रोन के माध्यम से शत प्रतिशत सर्वे किया जा चुका है। अभी तक 20 लाख से अधिक स्वामित्व कार्ड दिए जा चुके हैं। इन स्वामित्व कार्ड के उपयोग से निर्धन परिवार कई तरह के विवादित कार्यों से बचा रहेगा।

निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करना मोदी का संकल्पः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करना मोदी का संकल्प है। आने वाले समय में मध्यप्रदेश देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल होगा। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया का मध्य प्रदेश एक प्रमुख स्तंभ है। मुरैना के सीतापुर में मेगा लेजर एंड फुटवियर क्लस्टर, इंदौर में रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री पार्क, मंदसौर के इंडस्ट्रियल पार्क का विस्तार और धार इंडस्ट्रियल पार्क का नवीन निर्माण, यह सभी इसी दिशा में उठाए जा रहे प्रमुख कदम है। मध्य प्रदेश में खिलौने बनाने की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन पुराने समय में हमारे बाजार और घर विदेशी खिलौनों से भरे पड़े थे। सरकार ने देश में खिलौने बनाने वाले पारंपरिक परिवारों को विश्वकर्मा योजना के तहत मदद दी, जिसके कारण भारत में खिलौनों का आयात कम हो गया। वर्तमान में हम आयात से अधिक विदेशों में खिलौनों का निर्यात कर रहे हैं। बुधनी के खिलौने बनाने वाले साथियों के लिए यह अच्छा अवसर है। देश की कला और कौशल के प्रचार का जिम्मा भी मोदी का है। विदेशी अतिथियों को कुटीर उद्योग में बना सामान उपहार में देता हूं तो आपकी कला और कौशल का प्रचार करने का पूरा प्रयास करता हूं।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरेगा महाठग सुकेश चंद्रशेखर

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। ठगी के आरोप में मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरोध में निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। 200 करोड़ रुपए की वसूली के मामले में आरोपी सुकेश ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को संबोधित करते हुए तीन पेज का पत्र लिखा है। सुकेश ने पत्र में कहा, ₹मैं आपके सभी ऑफर को ठुकरा चुका हूं। मुझे आपके द्वारा दी गई धमकियों की भी कोई परवाह नहीं है। मैं आपके विरोध में दिल्ली में, आपके विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा। उसने केजरीवाल से विशेष नंबर के बारे में भी सवाल किया। आरोप लगाया कि इस नंबर के जरिए लगातार उसके परिवार के लोगों से संपर्क साधने का प्रयास किया जा रहा है। यही नहीं, सुकेश ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि सीएम केजरीवाल ने उसे धमकी दी और तीन महीने तक मौन रहने के बाद तमिलनाडु और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में टिकट देने के लिए प्रलोभन देने का भी प्रयास किया। सुकेश ने दावा किया कि केजरीवाल ने उसे अपना बयान वापस लेने और मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायतों को वापस लेने के लिए भी कहा। सुकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उसे यह सब कुछ करने के एवज में राजनीतिक समर्थन देने की पेशकश की थी। हालांकि, चंद्रशेखर ने इन सभी ऑफर को ठुकरा दिया था और इस बात पर जोर दिया था कि वह सत्य और अखंडता पर चलने वाला व्यक्ति है। उसने केजरीवाल की आलोचना की। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि केजरीवाल और उनके सहयोगी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। लिहाजा उनकी कानूनी दुश्वारियां बनी हुई हैं। पत्र में केजरीवाल को भ्रष्टाचार के आरोपों का सीधे सामना करने की भी चुनौती दी गई है। चंद्रशेखर ने दावा किया है कि वो केजरीवाल के गलत कामों का खुलासा करके रहेगा। उसने सीबीआई पर विसंगतिपूर्ण कार्य करने का भी आरोप लगाया। सुकेश चंद्रशेखर ने अपने पत्र में कहा, ₹केजरीवाल जी, मैं आपको बताऊंगा कि कैसे इस महाठग को आपके ही विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने प्यार दिया।

# संजय राउत के बिगड़े बोल, नई संसद को पांच सितारा जेल बताया

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच, शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के प्रमुख नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने विवादित बयान दिया है। दरअसल 29 फरवरी को आयोजित प्रेसवार्ता में राउत ने नई संसद भवन की तुलना फाइव स्टार जेल से की है। राउत ने कहा, नई संसद एक पांच सितारा जेल की तरह है, जहां आप काम नहीं कर सकते। जब हम अपनी सरकार बनाएंगे तब हम अपनी ऐतिहासिक संसद (पुरानी संसद) में अपना संसद सत्र शुरू करने वाले हैं। उन्होंने पीएम मोदी की यवतमाल रैली पर भी हमला बोला, जहां उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि और महाराष्ट्र राज्य नमो शेतकारी सम्मान योजना के तहत धनराशि वितरित की। जिसमें किसानों को 12,000 रुपये (केंद्र और राज्य प्रत्येक से 6,000 रुपये) का वार्षिक ऋण शामिल है। गौरतलब है कि इसके पहले संजय राउत ने कहा था कि महा विकास आघाडी (एमवीएम) गठबंधन के सदस्य आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में सीट-बंटवारे पर सहमत हो गए हैं और इसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी। उन्होंने बयान मुंबई में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में दिया था। राउत ने कहा, कि फैसले को अंतिम मंजूरी देने के लिए शरद पवार, उद्धव ठाकरे, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और प्रकाश आंबेडकर मुलाकात कर जिसकी घोषणा संवाददाता सम्मेलन में की जाएगी।

# मप्र सड़क हादसा : पिकअप पलटने से 14 लोगों की मौत

प्रात : किरण



डिंडौरी/एजेंसी। मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां बिछिया पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बड़झर घाट पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। घायलों को शहपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में छह पुरुष और आठ महिलाएं शामिल हैं। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत अन्य नेताओं दुख व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम अमहाई देवरी के रहने वाले लोग गोद भराई के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए मसूरघुघरी थाना इलाके के निवास क्षेत्र में गए थे। वहां वापस लौटते समय गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच शहपुरा थाना और बिछिया पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बड़झर घाट पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में पलट गया। वाहन में 45 लोग सवार थे। इनमें से 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान मदन सिंह पुत्र बाबूलाल आर्मो निवासी अमहाई देवरी, प्रीतम पुत्र गोविंद बरकड़े निवासी पोंडी माल, पुन्नू लाल पुत्र राम लाल अमहाई देवरी, भद्दी बाई पत्नी विश्राम सजानिया जिला उमरिया, सेम बाई पत्नी रमेश निवासी अमहाई देवरी, लाल सिंह पुत्र भानु निवासी अमहाई देवरी, मुलिया बाई पत्नी ढोली निवासी अमहाई देवरी, तितरी बाई पत्नी कृपाल निवासी धमनी जिला उमरिया, सावित्री बाई पत्नी नानसाय पोंडी जिला उमरिया, सरजू पुत्र धनुआ निवासी अमहाई देवरी, रागी बाई पत्नी चंदू, बसंती रामवती और किरपाल पुत्र सुकाली निवासी अमहाई देवरी के रूप में हुई है। केन्द्र सरकार की ओर से भी सहायता की घोषणा : प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

# भाजपा का ममता सरकार पर निशाना, कहा-शाहजहां शेख को दिखावे के तौर पर किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गिरफ्तारी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल सरकार का महज दिखावा करार दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आज यहां कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार और पुलिस किस बात का ढिंढोरा पीट रही है? ऐसा तभी हुआ जब भाजपा ने संदेशखाली का मुद्दा उठाया, सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किए और अदालतों के आदेश पर टीएमसी सरकार और पुलिस को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि शाहजहां को सिर्फ दिखावे के तौर पर गिरफ्तार किया गया है, यह दिखावा करने के अलावा और कुछ नहीं है। अभी तक शाहजहां राज्य सरकार के संरक्षण में था, जिसे अब गिरफ्तार दिखाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी जानती थी कि संदेशखाली का मुख्य आरोपित टीएमसी नेता शाहजहां शेख कहां है, क्योंकि राज्य सरकार ने उसे संरक्षण दे रखा था। विधानसभा में ममता बनर्जी ने उसका बचाव किया और बाहर अभिषेक बनर्जी ने उसका बचाव किया।

# केरल कांग्रेस की मांग वायनाड से ही लड़े राहुल गांधी

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) को उम्मीद है कि वह मौजूदा सांसद राहुल गांधी को वायनाड संसदीय क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ने के लिए राजी कर 2019 के लोकसभा चुनावों में राज्य में अपनी जीत को दोहराने की कोशिश करेगी। विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने कहा कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) सहित केपीसीसी और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के सहयोगियों ने वायनाड से राहुल गांधी की उम्मीदवारी के लिए जोरदार वकालत की। 2019 में, दिवंगत ओमन चांडी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने राष्ट्रीय नेतृत्व को राहुल गांधी को वायनाड से मैदान में उतारने के लिए राजी करके एक राजनीतिक तख्तापलट किया। केरल कांग्रेस के नेता सतीशन ने संकेत देकर कहा कि राहुल गांधी के निर्वाचन क्षेत्र पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है, कहा कि पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व और केंद्रीय चुनाव समिति इस संबंध में फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई ने राष्ट्रीय नेतृत्व से पुरजोर मांग की है कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ें। सतीशन ने कहा, कांग्रेस पार्टी की केरल इकाई, न केवल केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) बल्कि पूरे यूडीएफ ने मांग की है कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ें।

# डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को झटका

प्रात : किरण/एजेंसी



चंडीगढ़। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल दिए जाने के खिलाफ शिरोमणि गुरुदवारा प्रबंधक कमेटी ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में चुनोती दी थी। शिरोमणि गुरुदवारा प्रबंधक कमेटी का कहना था कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम के खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं। इनमे उसे दोषी करार दिए जाने के बाद सजा भी सुनाई जा चुकी है। इसके बावजूद हरियाणा सरकार उसे बार-बार पैरोल दे रही है. ये पूरी तरह से गलत है। लिहाजा राम रहीम को दी गई पैरोल को रद्द किया जाए। हाईकोर्ट ने इस मामले में हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा है कि भविष्य में बिना अदालत की इजाजत के राम रहीम को पैरोल न दी जाए। राम रहीम की पैरोल 10 मार्च को समाप्त हो रही है। हाईकोर्ट ने इसी दिन ही राम रहीम को सरेंडर करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बेंच ने हरियाणा सरकार से पूछा कि राज्य सरकार बताए कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की तरह और कितने कैदियों को इसी तरह से पैरोल दी गई। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से जानकारी मांगी है। हाईकोर्ट इस मामले में हरियाणा सरकार को पहले भी फटकार लगा चुकी है ! कार्यवाहक चीफ जस्टिस रितु बाहरी की बेंच ने हरियाणा सरकार से पूछा था कि जिस तरह समय-समय पर डेरा मुखी को पैरोल का लाभ दिया जा रहा है। उसी तरह दूसरे कैदियों को भी यह लाभ दिया जा रहा है या नहीं? सरकार इस मामले में जवाब देने से क्यों बच रही है। गुरमीत राम रहीम को हुई है 20 साल की सजाः गुरमीत राम रहीम को अपनी दो शिष्याओं के साथ रेप का दोषी पाया गया है. उसे 20 साल की जेल की सजा हुई है। 2021 में डेरा प्रमुख को चार अन्य लोगों के साथ डेरा प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या की साजिश रचने के लिए भी दोषी ठहराया गया था. डेरा प्रमुख और तीन अन्य को इस केस में 16 साल की जेल हुई है।

हरियाणा सरकार ने दी थी सफाईः इस बारे में हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर भी कह चुके हैं, कि राम रहीम को जेल नियमों के अनुसार पैरोल या फरलो मिलती है। राम रहीम को पैरोल के दौरान सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के मुख्यालय में जाने की अनुमति नहीं थी। वह जब भी जेल से बाहर आया, तो बागपत जिले में बरनावा आश्रम में ही रुका।

**बैठक** | **पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्ताव को मंजूरी**

# पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

## उपभोक्ताओं के बिजली बिल की बचत होगी व उनकी आमदनी भी बढ़ेगी: अनुराग ठाकुर

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को गुरूवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 फरवरी को योजना की घोषणा की थी। योजना के तहत 75,021 करोड़ रुपये के कुल व्यय के साथ एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसलों की जानकारी देते हुए योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल की बचत होगी बल्कि उनकी आमदनी भी होगी। अनुराग ठाकुर ने बताया कि योजना के तहत 1 किलो वाट, 2 किलो वाट और तीन किलो वाट सिस्टम लगाने पर क्रमशः 30 हजार, 60 हजार और 78 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। एक राष्ट्रीय पोर्टल के तहत लोग योजना के लिए आवेदन दे सकेंगे। पोर्टल के माध्यम से ही वेंडर भी चुन सकते हैं। इसके अलावा सब्सिडी की अतिरिक्त राशि पर 7 प्रतिशत की दर से ऋण भी लिया जा सकता है। योजना के तहत हर जिले में एक मॉडल सोलर विलेज बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से 17 लाख लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। लोग अपने घरों पर सोलर लगाकर अतिरिक्त बिजली डिस्कॉम कंपनियों को बेच सकते हैं। इससे 30 गीगावाट की अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी और कार्बन उत्सर्जन में 72 करोड़ टन की कमी आयेगी। खरीफ सीजन के लिये उर्वरकों पर पोषण आधारित सब्सिडी की नई दरें तय : सरकार ने आगामी खरीफ सत्र 2024 के लिये फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों के लिये पोषण तत्व आधारित सब्सिडी की दरें गुरुवार को तय कीं। खरीफ सत्र में सरकार द्वारा इसके लिये बजट से 24,400 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दिये जाने का अनुमान है। बैठक के बाद जारी विज्ञप्ति के अनुसार, खरीफ सत्र 2024 के लिये इस योजना के तहत बजट से करीब 24,420 करोड़ रुपये की सहायता की जरूरत पड़ेगी। खरीफ फसल सत्र हर वर्ष पहली अप्रैल से 30 सितंबर तक चलता है। विज्ञप्ति में कहा गया कि इस निर्णय से किसानों को आगामी खरीफ सत्र में फसलों के लिये उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की होगी।

# अंतरिम रोक छह माह में स्वतः समाप्त होने वाला आदेश नहीं दिया जा सकताः सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने दीवानी और आपराधिक मामलों में अदालतों के अंतरिम रोक के आदेशों की अवधि छह महीने तक सीमित करने वाले अपने 2018 के एक फैसले को गुरुवार को रद्द कर दिया और कहा कि अंतरिम रोक को छह महीने के बाद स्वतः समाप्त करने संबंधी निर्देश नहीं दिया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन इलाहाबाद और अन्य द्वारा दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत द्वारा संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए छह महीने के बाद स्वतः रोक हटाने का निर्देश नहीं दिया जा सकता है। पीठ ने कहा, संवैधानिक अदालतों को किसी भी अदालत में लंबित मामलों के निपटारे के लिए समयसीमा तय नहीं करनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जमीनी स्तर की स्थिति को संबंधित अदालतें बेहतर ढंग से समझती हैं, जो किसी विशेष मामले को प्राथमिकता देने का निर्णय ले सकती हैं। संविधान पीठ ने कहा कि वह 2018 के एशियन रिसर्फेसिंग मामले में तीन सदस्यीय पीठ के फैसले से सहमत नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने 13 दिसंबर 2023 को संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान पीठ ने एक दिसंबर 2023 को तीन सदस्यीय पीठ के 2018 के फैसले (एशियन रिसर्फेसिंग मामले) पर आपत्ति जताई थी। इस पर शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने 2018 के अपने फैसले में कहा था कि दीवानी और आपराधिक मामलों में निचली अदालतों या उच्च न्यायालयों के अंतरिम रोक का आदेश छह महीने के बाद स्वतः समाप्त हो जाएगा।

# देर रात तक चला सदन, बिना चर्चा के पास हुए पांच विधेयक

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड विधानसभा सत्र का आज चौथा दिन है। विधानसभा में मंगलवार को पेश हुए पांच विधेयकों में से चार विधेयकों को बुधवार देर रात तक चली कार्यवाही के दौरान बिना किसी चर्चा के पारित कर दिया गया। आज सदन में बजट पर चर्चा होगी।



विधानसभा में देर रात तक चली सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष के विरोध और सत्तापक्ष के समर्थन के बीच राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित हो गया। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने अभिभाषण को राज्य के लिए विकासपरक बताया। विपक्ष ने इसका विरोध किया। सदन पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष ने कुछ सुझाव भी रखे।

बदरीनाथ विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी ने कहा, सिलक्यारा से बड़ा हादसा जोशीमठ में हुआ। यहां 1200 परिवार डेंजर जोन में आ गए। आपदा सचिव ने बैठक कराते हुए शहर में ऐलान किया कि यह सभी परिवार हटेंगे। विधायक ने कहा, इन परिवारों के विस्थापन के बजाए जोशीमठ शहर का ट्रीटमेंट किया जाए। प्रभावितों को बिजली, पानी और कर से छूट मिले।

क्षेत्रीय विधायक ने कहा, क्षेत्र में आपदा से श्रमिकों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। विधायक ने यह भी कहा कि, औली में करोड़ों की लागत से बर्फ बनाने की मशीन ली गई । जिससे एक दिन भी बर्फ नहीं बनी। विद्यालयों की स्थिति खराब है। विद्यालयों की छत टपक रही है। उडामांडा, चौंडी, जोशीमठ, ईराणाी, सोरणा, बछेत आदि विद्यालय भवन ठीक नहीं है। कम छात्र संख्या वाले विद्यालय तोड़ दिए गए हैं। उन्हें बंद कर दिया गया है। जिसे फिर से खोला जाए। उच्च शिक्षा में गोपेश्वर महाविद्यालय में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय का कैंपस खोलने के बाद बंद कर दिया गया है। जिससे छात्र-छात्राओं को टिहरी जाना पड़ रहा है।

भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल ने कहा, पीएम ने घोषणा की है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने यूसीसी को पास कराया। इसके अलावा नकल विरोधी कठोर कानून बनाया। विधायक बिशन सिंह चुफाल ने कहा, सशक्त प्रदेश बने इसके लिए पर्यटन की नीति बनाई है। पौराणिक मंदिरों को चिन्हित कर उन्हें मानस खंड के रूप में चयनित किया। वह हमारी पहचान और संस्कृति है। उन्होंने कुछ सुझाव भी रखे। विधायक ने कहा, पहाड़ में बंदरों और जंगली जानवर की वजह से खेत बंजर हो रहे हैं। बंदरों की समस्या से निपटने के लिए उनका बंध्याकरण किया जाए। उन्होंने आपदा और सड़कों की समस्या को भी उठाया।

विधायक ममता राकेश ने कहा, सरकार ने भगवानपुर क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस दिशा में कुछ नहीं हुआ। यदि क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खुलता तो उत्तराखंड के साथ ही यूपी के लोगों को भी इसका लाभ मिलता। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा, क्षेत्र में वैश्विक सम्मेलन के लिए लोगों की दुकानें तोड़ी गई। जिन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया गया। उप नेता सदन भुवन कापड़ी ने बताया क्षेत्र की कई कंपनियां वापस चली गई हैं। विधानसभा में देर रात तक चली कार्रवाई के दौरान राज्य सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर चर्चा शुरू हो गई।

# बिना काउंसलिंग बीएड में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को कुमाऊं विवि संस्थान आवंटित करेगा

**नैनीताल, एजेंसी।** बिना काउंसलिंग बीएड में प्रवेश लेने वाले आम्रपाली संस्थान के विद्यार्थियों को कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से महाविद्यालय और संस्थान आवंटित किए जाएंगे। महाविद्यालयों व संस्थानों में सीटें फुल होने की स्थिति में कुमाऊं विवि की ओर से छात्र-छात्राओं की फीस वापस कराई जाएगी।

कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से संचालित बीएड सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए बीते दिन तीसरी काउंसलिंग के बाद छात्रों को महाविद्यालय व संस्थान आवंटित किए गए। इधर तीसरी आवंटन सूची जारी होते ही आम्रपाली संस्थान ने 42 ऐसे छात्रों के प्रवेश रद्द कर दिए जिन्होंने विवि की अनुमति बिना प्रवेश लिया। परेशान छात्रों ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से मिलकर प्रवेश रद्द करने के मामले में कार्रवाई की मांग की। इधर कुमाऊं विवि ने मामले में संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना महाविद्यालय या संस्थान में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों से सूचना मांगी। 42 अभ्यर्थियों ने विवि को आवेदन देकर संस्थान में प्रवेश लेने की बात कही। इसके बाद विवि ने आम्रपाली संस्थान से स्पष्टीकरण मांगा तो पूर्व में इसी तरह प्रवेश देने की बात कही गई। संस्थान के अधिकारियों को कहना है कि द्वितीय काउंसलिंग के बाद पूर्व में इसी तरह की प्रवेश प्रक्रिया अपनाई जाती रही है। इसके तहत इस वर्ष प्रवेश दिए गए हैं।

छात्रों की ओर से विवि को मिले आवेदन में कहा गया है कि पहली काउंसलिंग में ही बिना विवि के अनुमति के उन्हें प्रवेश मिल गया था। कहा कि पहली काउंसलिंग में उन्हें प्रवेश दे दिया। अब उनका प्रवेश रद्द कर दिया है। छात्रों ने विवि से छात्रहितों में फैसला लेने की मांग की है।

रावत ने बताया कि बिना विवि की अनुमति के बीएड में प्रवेश मामले में संस्थान से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उक्त संस्थान के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। तीसरी काउंसिलिंग में प्रवेश की स्थिति को देखते हुए अगर महाविद्यालयों और संस्थानों में सीटें रिक्त रहीं तो छात्रहितों को देखते हुए प्रवेश दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### समलैंगिकों में भी बढ़ रहा एचआईवी संक्रमण का खतरा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** संक्रमित सिरिंज से नशे के आदी युवाओं एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस) संक्रमण के मामले तो बढ़ ही रहे है, समलैंगिक लोग भी एचआईवी की चपेट में आ रहे हैं। जिले में एमएसएम श्रेणी में इस साल चार नए केस मिले हैं, जो एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में वर्ष 2023-24 में 10968 गर्भवती महिलाओं समेत कुल 20395 लोगों की एचआईवी जांच की गई। इनमें करीब 144 लोग एचआईवी से ग्रसित निकले। इनमें आठ गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। गर्भवतियों सहित पॉजिटिव पाए गए कुल 109 लोगों का एआरटी सेंटर में इलाज शुरू हो गया। इस साल जिले में नशे के इंजेक्शन लगाने से 18 युवाओं में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई। 2021-22 में 15 और 2022-23 में 14 युवा एचआईवी संक्रमित निकले। विभाग की ओर से एचआईवी जैसी घातक बीमारी से निपटने के लिए एआरटी सेंटरों पर ग्रसित रोगियों का इलाज करने के साथ ही टीआई प्रोजेक्ट के तहत जागरूकता भी फैलाई जा रही है। यह सार्थक भी हो रहा है लेकिन शिक्षा और सुरक्षित यौन संबंधों के बारे में जानकारी का अभाव लोगों में दिखाई दे रहा है। समलैंगिता के मामलों में साल 2021-22 में समलैंगिकता वाले तीन लोग एचआईवी पॉजिटिव आए थे। अगले साल 2022-23 में एक भी मामला नहीं निकला। लेकिन इस बार 2023-24 में चार नए केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अब इसको लेकर भी सतर्क हो गया है। विभाग की ओर से ऐसे पुरुषों को भी जागरूक करने की पहल तेज की गई है।

### कपकोट की पिंडर घाटी में हिमपात, निचले इलाकों में बारिश

**बागेश्वर/कपकोट, एजेंसी।** मौसम ने फिर से करवट बदल ली है। जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में सीजन का चौथा हिमपात हुआ है जबकि निचले इलाकों में बारिश हुई। मौसम में बदलाव से ठंड में इजाफा हो गया है। जिला मुख्यालय का अधिकतम तापमान गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में मौसम का मिजाज सोमवार से बदलने लगा था। मंगलवार की सुबह भी आसमान बादलों से ढका था। दिन चढ़ने के साथ ही बारिश होने लगी। जिला मुख्यालय में पूरे दिन रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। कपकोट की पिंडर घाटी के गांव खाती, वाछम, सोराग, बदियाकोट, बोरबलड़ा, कुंवारी, धूर, विनायक, चिल्ठा, मजुवा टॉप, पकुवा टॉप, झूनी और कर्मी गांव की पहाड़ियों पर दोपहर के बाद बर्फबारी होने लगी। क्षेत्र में दिसंबर-जनवरी में बर्फबारी देखने के लिए मिलती है लेकिन इस बार दिसंबर और जनवरी में केवल दो बार हिमपात हुआ। फरवरी में दो बार बर्फ गिर चुकी है। बिचला दानपुर के बुग्यालों में भी बर्फबारी की सूचना है। आबादी वाले क्षेत्र कीमू, गोगिना, लीती, शामा में बर्फबारी के आसार बने हैं। कपकोट के अन्य इलाकों, कांडा, कापलीगैर और दुग नाकुरी तहसील क्षेत्र में भी बारिश का दौर जारी है। बर्फबारी से यातायात बाधित होने या नुकसान की सूचना नहीं है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कमल कुमार पांडेय ने बताया कि बर्फबारी और बारिश से जमीन को नमी मिलेगी। जल्द गर्मी का प्रकोप नहीं होगा और जलस्त्रोत भी रिचार्ज होंगे।

### आयुष्कामीय शिविर में 500 से अधिक मरीजों का इलाज

**चंपावत, एजेंसी।** जिला पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय आयुष्कामीय शिविर का समापन हो गया है। शिविर में तीन दिन में 500 से अधिक मरीजों का विभिन्न चिकित्सा पद्धति से इलाज किया गया। मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में आयुष और आयुष शिक्षा विभाग उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित शिविर में इलाज के लिए मरीजों की भीड़ रही। चिकित्सा पद्धति से 45, पंचकर्म चिकित्सा से 35, सामान्य चिकित्सा से 250, नाड़ी परीक्षण से 52, अग्नि कर्म से 26 और जलोका पद्धति से चार मरीजों का इलाज किया गया। आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. आनंद गुसाईं ने बताया कि आयुर्वेदिक पद्धति से बड़े-बड़े इलाज भी आसानी से हो जाते हैं।


# सड़क चौड़ीकरण का मामला, हाईकोर्ट ने डीएम को दिए निर्देश; कहा- तीन सप्ताह में करें अतिक्रमण तय

**नैनीताल , एजेंसी।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में नैनीताल रोड से सड़क चौड़ीकरण के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद जिलाधिकारी की निस्तारण कमेटी को तीन सप्ताह के भीतर सुनवाई कर अतिक्रमण तय करने को कहा है।

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में नैनीताल रोड से सड़क चौड़ीकरण के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद जिलाधिकारी की निस्तारण कमेटी को तीन सप्ताह के भीतर सुनवाई कर अतिक्रमण तय करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार हल्द्वानी की नया सवेरा सोसाइटी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि 29 दिसंबर 2023 से सड़क चौड़ीकरण की मुहिम शुरू हुई। याचिका में कहा कि हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने और सड़क चौड़ीकरण का काम ठीक से नहीं किया गया। इसमें प्रशासन ने महज खानापूर्ति की है। याचिका में कहा कि हर जगह अब ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। इससे क्षेत्रीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन लापरवाही पूर्ण और भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहा है, जिससे क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण हो रहा है। याचिका में कहा कि अतिक्रमण के नाम पर कुछ लोगों को महज नोटिस जारी कर फॉर्मेलिटी की गई है। इससे पूर्व न्यायालय ने बीती 12 जनवरी को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे और कहा था सड़क पर पड़े मलबे को हटाया जाए। प्रभावित लोगों को सात दिनों का नोटिस देकर सुनने के बाद उचित आदेश पारित करें। जिलाधिकारी ने स्टेटस रिपोर्ट फाइल कर कहा कि सड़कों से मलबा हटाया गया है। एक कमेटी बनाकर प्रभावितों को नोटिस देकर मामले का निस्तारण किया जा रहा है। प्रभावितों की ओर से न्यायालय को सूचित किया गया कि वो 60 से 70 वर्षों से किराएदार और भूमि के स्वामी हैं। प्रशासन, न्यायालय के आदेश की आड़ में उन्हें बेदखल कर रहा है। न्यायालय ने कहा था कि वो बुधवार तक कागज दिखाएं और जिलाधिकारी इसकी स्टेटस रिपोर्ट न्यायालय में पेश करें। तब तक सड़क से अतिक्रमण ध्वस्तीकरण ड्राइव रोक दी गई थी।

# ऋषिकेश में 15 से 21 मार्च तक होगा महोत्सव, विदेशी साधक व योगाचार्य होंगे शामिल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** फिल्म की शूटिंग में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के समय में ही फेरबदल गया किया है। यह पहली बार हुआ है कि जब योग महोत्सव के समय में फेरबदल हुआ है।




मुनि की रेती स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम के गंगा रिजॉर्ट में 1 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव की तिथि में इस बार बदलाव किया गया है। इसका कारण गंगा रिजॉर्ट और भरत घाट पर आयोजित बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग है, जो 7 मार्च तक चलेगी। महोत्सव अब 15 से 21 मार्च तक होगा। इसमें विदेशी साधक और योगाचार्य शामिल होंगे।

इन दिनों गंगा घाट पर बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग चल रही है। शूटिंग 90 फीसदी ऋषिकेश में ही होनी है। फिल्म ऋषिकेश के एक मोहल्ले की 90 के दशक की कहानी पर आधारित है। शूटिंग टीम ने 7 मार्च तक गंगा रिजॉर्ट और भरत घाट को बुक किया है। भरत घाट पर ही अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव होना है।

फिल्म की शूटिंग में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के समय में ही फेरबदल गया किया है। यह पहली बार हुआ है कि जब योग महोत्सव के समय में फेरबदल हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार के समय से अंतराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन 1 से 7 मार्च को होता आया है।

इस बार योग महोत्सव का आयोजन 15 से 21 मार्च को होगा। इस दिन के लिए आयोजकों ने गंगा रिजॉर्ट में एडवांस कमरे बुक करवा दिए हैं। इसकी तिथि में फेरबदल का मुख्य कारण गंगा घाट पर आयोजित फिल्म की शूटिंग है।

उत्तर प्रदेश सरकार के समय से परमार्थ निकेतन और प्रदेश सरकार की ओर 1 से 7 मार्च तक परमार्थ निकेतन आश्रम में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन होता था। वर्ष 2014 में प्रदेश सरकार ने इस आयोजन को अलग करने की योजना बनाई। जिसके बाद प्रदेश सरकार की ओर से जीएमवीएन गंगा रिजॉर्ट में इसका संचालन शुरू होने लगा। फिर उसके बाद परमार्थ निकेतन और जीएमवीएन गंगा रिजॉर्ट में 1 से 7 मार्च तक योग महोत्सव आयोजित होने लगा। वर्ष 2022 से परमार्थ निकेतन अपने महोत्सव का आयोजन 8 से 14 मार्च कर दिया। लेकिन प्रदेश सरकार ने इसमें कोई फेरबदल नहीं किया।

परमार्थ निकेतन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में करीब 75 देशों के साधक और करीब 65 देशों के योगाचार्य शामिल होते हैं। वहीं, प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महसेत्सव में विदेशी साधकों की संख्या 50 तक होती है। विदेशी योगाचार्य भी इसमें कम ही दिलचस्पी दिखाते हैं।

# अनुसूचित जाति के बच्चों को जातिसूचक शब्द कहने का मामला, शिक्षक पर लगे आरोप; एसडीएम से की शिकायत

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** काशीपुर में एक ग्रामीण ने इंटर कॉलेज के शिक्षक पर अनुसूचित जाति के छात्रों के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने एसडीएम से आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



काशीपुर में एक ग्रामीण ने इंटर कॉलेज के शिक्षक पर अनुसूचित जाति के छात्रों के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने एसडीएम से आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं शिक्षक ने आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

ग्राम जुड़का निवासी रामकिशन सिंह ने एसडीएम कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपकर कहा कि प्रतापपुर राजकीय इंटर कॉलेज में उनका पुत्र कक्षा दसवीं का छात्र है। करीब तीन महीने पहले गणित की कक्षा में उनका बेटा अपने साथी के साथ कुछ शिक्षण सामग्री लेने के लिए गया था। कुछ देर बाद ही कक्षा में वापस आ गया। आरोप है कि शिक्षक ने उनकी पिटाई की और छात्रों को बैग लेकर भगा दिया। आरोप लगाया कि बैग वापस करने को प्रधानाध्यापक से शिकायत की तो शिक्षक छात्रों पर भड़क गए।

# खटीमा में दशकों बाद दिखा गिद्धों का झुंड

**खटीमा, एजेंसी।** भारत-नेपाल सीमा स्थित खटीमा के चकरपुर क्षेत्र में लुप्तप्राय गिद्ध कौतुहल का विषय बने हुए हैं। चकरपुर में किलपुरा रेंज के जंगलों के पेड़ों पर गिद्धों का झुंड का देखकर पक्षी प्रेमियों के साथ ही वन विभाग के अधिकारी भी खुश नजर आ रहे हैं।



करीब दो दशक पहले खटीमा क्षेत्र में गिद्ध काफी संख्या में नजर आते थे। लेकिन लंबे समय से लोगों ने सीमांत क्षेत्र में गिद्धों का झुंड नहीं देखा था। पिछले दो दिनों से खटीमा के चकरपुर क्षेत्र में किलपुरा रेंज के जंगल में गिद्धों का झुंड आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दुर्लभ प्रजाति के यह गिद्ध हिमालयन प्रजाति के बनाए जा रहे हैं। गिद्धों का झुंड ईको सिस्टम के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। किलपुरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मनोज पांडेय ने बताया कि प्रदूषित वातारण और मृत पशुओं में रासायनिक दवाओं के कारण गिद्ध लुप्त हो रहे हैं। खटीमा क्षेत्र में लंबे समय बाद गिद्धों का झुंड परिस्थितिकी तंत्र के लिए शुभ संकेत हैं। परिस्थितिकी संतुलन के लिए यह महत्वपूर्ण है। पचौरिया निवासी समाजसेवी मोहन जोशी बताते हैं कि पिछले दो दिनों से चकरपुर के पास जंगलों में गिद्धों का झुंड देखा जा रहा है।

# कृषकों के आवागमन की व्यवस्था सुविधाजनक बनाने की मांग



**बनबसा (चंपावत), एजेंसी।** गढ़ीगोठ क्षेत्र के गुदमी और देवीपुरा ग्राम पंचायत के कृषकों ने नेपाल के निर्माणाधीन ड्रायपोर्ट तक बनने वाले एनएच 109 डी पर आवागमन की सुविधाजनक व्यवस्था बनाए जाने की मांग को लेकर कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अमित शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसकी प्रति केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और एनएचएआई के निदेशक को भी भेजी गई है।

ज्ञापन मेंहि गया है कि एनएच 109 डी के बनने से गांव दो भागों में बंट जाएगा। एक ओर ग्रामीणों के मकान और दूसरी ओर खेत होने से आवागमन में दिक्कत होगी। लाटाखल्ला, भैंसाझाला, नयाबस्ती, गुदमी, देवीपुरा, गढ़ीगोठ,मझगांव के ग्रामीणों के कृषि उत्पाद और कृषि यंत्रों का परिवहन नहीं हो सकेगा। मार्ग निर्माण के लिए एचएचएआई ने ग्रामवासियों की ही भूमि का अधिग्रहण किया है।

# बागाजाला में भी बनभूलपुरा जैसे हालात, वन भूमि पर बने मकान पर चलेगा धामी का बुलडोजर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** गौलापार में इंटरनेशनल स्टेडियम के ठीक सामने बागजाला क्षेत्र में मंगलवार को अतिक्रमण के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई को फिलहाल रोका गया है। अब मार्च के पहले सप्ताह में यहां बुलडोजर कार्रवाई होने की उम्मीद है। बनभूलपुरा में हालात तक तक पूरी तरह सामान्य भी हो जाएंगे। जिसके बाद पुलिस, प्रशासन और वन विभाग मिलकर यहां बड़ी कार्रवाई करेगा। बागजाला में 1978 में तीस साल के लिए वनभूमि को लीज पर दिया गया था। 2008 में इसकी अवधि समाप्त हो गई है। पुराने बांशिदों को तो वन विभाग कुछ नहीं कह रहा लेकिन आठ लोगों ने हाल-फिलहाल यहां निर्माण शुरू कर दिया। जिन्हें तोडने़ के लिए वन विभाग ने पुलिस और प्रशासन से मदद मांगी थी। जिला प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान एसडीएम हल्द्वानी को बतौर मजिस्ट्रेट तैनाती के लिए कहा था। वहीं, सोमवार को पुलिस ने वन विभाग को पत्र लिख कहा कि आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुए उपद्रव के कारण जिले के अधिकांश थाने का फोर्स यहां शांति व्यवस्था बरकरार रखने में जुटा है। साथ ही विधानसभा सत्र भी चल रहा है। लिहाजा, कार्रवाई की तारीख बदली जाए। ऐसे में संभावना है कि अब मार्च पहले सप्ताह में यहां बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com


# साहित्यिक मिशन को भारत-नेपाल के साथ-साथ अन्य देशों में भी ले जाना चाहता हूँ: डॉ. विजय पंडित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



गत दिनों, पोखरा में तीन दिवसीय नेपाल भारत साहित्य महोत्सव (22-24 फरवरी) के सफलतापूर्वक आयोजक डॉ. विजय पंडित ने समापन समारोह दिन मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि कि हमने पहली बार, वर्ष 2017 में मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल की शुरूआत थी उसके बाद निरंतर हम भारत में छः और नेपाल में पांच साहित्य महोत्सव आयोजित कर चुके हैं डॉ विजय के अनुसार साहित्य समाज के दर्पण के साथ-साथ दीपक काम करता है , साहित्य समाज को सही राह पर चलने की दिशा दिखाता है साहित्य के माध्यम से आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है, साथ ही साहित्य का विस्तार होना, युवा पीढ़ी को जोड़ना महत्वपूर्ण है इन्ही कुछ मुद्दों पर हम निरंतर प्रयास करते हुए कुछ योगदान दे पा रहे हैं मैं प्राचीन भारतीय विचारधारा वसुधैव कुटुम्बकम् में विश्वास रखता हूँ जिसका अर्थ है विश्व एक परिवार है। जो सार्वभौमिक भाईचारे और एकता की भावना को बढ़ावा देता है। इस विचारधारा के अनुसार, पूरी दुनिया एक ही परिवार है और हम सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यह हमें अपने पड़ोसियों और दुनिया भर के लोगों के प्रति दया और करुणा के साथ जोड़ता है वैसे भी, मैं अपने यस्शवी प्रधानमंत्री की वैश्विक विचारधारा का अनुपासक रहा हूँ जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य यह जी-20 का मंत्र भी है ।यही विचार और मूल्य लेकर भारत विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा । मैं साहित्यिक मिशन को भारत-नेपाल के साथ-साथ अपने पडोसी देशों में ले जाने की योजना बना रहा हूँ हिंदी-नेपाली के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओँ सहित अंग्रेजी, रसियन, जापानी, फ्रेंच जैसी भाषाओँ को भी आगामी साहित्य महोत्सव में भागीदारी को साकार रूप देने की तैयारी में जुटा हुआ हूँ भारतीय दूतावास काठमांडू, गंडकी प्रज्ञा प्रतिष्ठान, पोखरा प्रज्ञा प्रतिष्ठान, ज्योतिष भविष्यवाणी मेडिया प्रा लि, लेखनाथ साहित्य प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान मे भारत की क्रांतिधरा साहित्य अकादमी द्वारा पोखरा, नेपाल के पृथ्वी नारायण कैंपस, गंडकी प्रज्ञा प्रतिष्ठान के भानुसभा हाल में आयोजित तीन दिवसीय नेपाल भारत साहित्य महोत्सव के पंचम संस्करण का भव्य उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार श्री सरूभक्त श्रेष्ठ, भारतीय दूतावास के प्रतिनिधि श्री सत्येन्द्र दहिया, गंडकी प्रज्ञा प्रतिष्ठान के कुलपति श्री सूर्य खड़का बिखर्चा, पोखरा प्रज्ञा प्रतिष्ठान के कुलपति श्री पद्मराज ढ़काल, बर्दघाट प्रज्ञा प्रतिष्ठान के कुलपति डा घनश्याम न्यौपाने परिश्रमी, चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ, भारत के इतिहास विभागाध्यक्ष और इतिहासकार प्रो. विघ्नेश कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार व समाजसेवी श्री गणेश प्रसाद लाठ मुख्य वक्ता रहे सभी ने दीप प्रज्वलित कर किया इससे पूर्व इसका शुभारंभ नेपाल व भारत के राष्ट्रीय गीत से किया गया । उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता नेपाल के वरिष्ठ भविष्य वक्ता व साहित्यकार डा बलराम उपाध्याय रेगमी ने किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नेपाल संगीत व नाट्य प्रज्ञा प्रतिष्ठान के पूर्व कुलपति वरिष्ठ साहित्यकार श्री सरूभक्त श्रेष्ठ ने इस तरह के आयोजन से नेपाल भारत का सांस्कृतिक , साहित्यिक , धार्मिक सम्बन्ध में मिठास आएगा और दोनों देशों के लेखकों व शोधार्थियों के लिए सेतु का काम करेगा। हमारे आपके बीच का दूरीयां कम होगी। एक दूसरे का साहित्यिक इतिहास जानने का बेहतर मंच है ये ।

विशिष्ट अतिथि इतिहासकार प्रो विघ्नेश कुमार ने कहा कि नेपाल भारत उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए । दोनो देश के बीच ऐतिहासिक, धार्मिक , साहित्यिक, सांस्कृतिक सम्बन्ध को हम अनदेखा नही कर सकते और भारत में 1857 की क्रांति और नेपाल की भूमिका सहित नेपाल भारत के ऐतिहासिक जानकारी सभी से साझा की । नेपाल भारत साहित्य महोत्सव आयोजक डा . विजय पंडित ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बर्दघाट प्रज्ञा प्रतिष्ठान के कुलपति डॉ घनश्याम न्यौपाने परिश्रमी का भारत नेपाल के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक, साहित्यिक भाईचारा, मैत्री कायम रखने और देवनागरी लिपि पर केंद्रित उद्बोधन में कहा भारत की क्रांतिधरा साहित्य अकादमी द्वारा लेखनाथ साहित्य प्रतिष्ठान और ज्योतिष भविष्यवाणी साप्ताहिक के सहयोग से वसुद्धैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ पोखरा मे आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य नेपाल और भारत के मध्य एक साहित्यिक सेतु का निर्माण करने के साथ परस्पर सहयोग, प्रेम, मैत्री, साहित्य का विस्तार, अनुवाद, शोध, विचारों का आदान प्रदान, युवाओं की भागीदारी से दोनों देशों के संबंधों को और भी प्रगाढ़ बनाना है। कार्यक्रम का संचालन पौडेल बिमुंश द्वारा नेपाली, हिन्दी दोनों भाषाओं में किया गया । नेपाल भारत साहित्य महोत्सव के प्रथम संयोजक, वरिष्ठ साहित्यकार मुख्य वक्ता श्री गणेश प्रसाद लाठ ने साहित्यिक महोत्सव में कृतियों के अनुवाद, प्रकाशकों व पाठकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह में ह्यनेपाल भारत साहित्य महोत्सवह्व की स्मारिका का विमोचन किया गया। लघुकथा सत्र में भारत से विभारानी श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, अमृता सिन्हा, नीता चौधरी, ऋचा वर्मा, डा ममता पंत, मीरा प्रकाश, सीमा रानी, कृष्ण कुमार ह्यआशुह्न, अनिता निधि नेपाल से लघुकथाकार भाषा आयोग के माननीय सदस्य डा पुष्कर राज भट्ट, कल्याण पंत, श्याम श्रेष्ठ और किशन पौडेल शामिल रहे `लघुकथा सत्र में किशन पौडेल की हिन्दी में प्रकाशित लघुकथा पुस्तक अंतर्दृष्टि का भव्य विमोचन किया गया और चर्चा की गई। कहानी सत्र में महाराष्ट्र से विपिन पंवार और डॉ हरेंद्र हर्ष शामिल रहे। भारत नेपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रथम दिन का समापन गजल और बहुभाषी कविता के नाम रहा, सत्र संचालन डा देवी पंथी ने किया, कादंबिनी नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कविता, गीत, गजल को समर्पित इस में 77 नेपाली व भारतीय कलमकारों ने शिरकत की । नेपाल भारत साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र में नेपाल के वरिष्ठ साहित्यकार श्री माधव वियोगी रहे और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

# आलेख फाउन्डेशन बना सिटी टेक्सटाईल सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स 2024 का नॉलेज पार्टनर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



26 फरवरी को भारत मंडपम में भारत टेक्स एक्स्पो के दौरान सिटी (कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाईल्स इंडस्ट्री) टेक्सटाईल सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स 2024 का अनावरण हुआ, जहां टेक्सटाईल उद्योग में इनोवेशन और स्थायित्व का जश्न मनाया गया। आलेख फाउन्डेशन ने महिला उद्यमी श्रेणी के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में इस प्रतिष्ठित आयोजन में हिस्सा लिया। कपड़ा एवं वाणिज्य के लिए केबिनेट मंत्री श्री पीयूष गोयल जी और राज्य कपड़ा एवं रेलवे मंत्री दर्शना जसदोष जी ने पुरस्कार दिए।

इस अवसर पर प्रख्यात जूरी सदस्यों ने अपने अमूल्य विचार भी प्रस्तुत किए। विजेताओं की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा हैः

विजेताः निवेदिता बैनर्जी कुंबाया प्रोड्युसर कंपनी

फर्स्ट रनर-अप- विलिमा रोडरीग्यूस, साहस वेस्ट मैनेजमेन्ट

सैकण्ड रनर-अप- सोनाली पाल, 23:23डिजाइन एण्ड सोर्सिंग

इसके अलावा बैंगलोर की नैनो-एंटरेप्रेन्योर मिस कुमुदा अम्मा को स्पेशल मेंशन अवॉर्ड मिला। डॉ रीनी जॉय, संस्थापक, आलेख फाउन्डेशन ने कहा, स्थायी टेक्सटाईल्स में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना बेहद महत्वपूर्ण है, इसके लिए हमें उद्योग जगत में सकारात्मक बदलाव लाने में उनकी भूमिका को समझना होगा। भारत टेक्स के तहत सिटी सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स इन महिलाओं के इनोवेशन और स्थायित्व के लिए उनकी प्रतिबद्धता को सम्मानित करते हैं। उन्हें जरूरी सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराकर, सिटी जैसे संस्थान छोटे उद्यमियों और उद्योग जगत के मानकों के बीच के अंतर को दूर करना चाहते हैं, ताकि वे अपने कारोबार का पैमाना बढ़ाकर समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकेंगे। हम सब एक साथ मिलकर ऐसे भविष्य के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं जहां स्थायित्व सिर्फ लक्ष्य नहीं होगा बल्कि हमारे उद्योगों का बुनियादी सिद्धान्त होगा।

ठनमें से हर उद्यमी ने दृढ़ इरादे का प्रदर्शन करते हुए स्थायित्व के क्षेत्र में अपनी कहानी लिखी है। वे टेक्सटाईल उद्योग में महिला उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी यात्रा के बारे में जानना बहुत अच्छा अनुभव रहा, हम उनकी कहानियों के द्वारा अधिक से अधिक उद्यमियों को प्रेरित करना चाहते हैं। तो आइए इनकी सफलता का जश्न मनाएं, और स्थायित्व एवं इनोवेशन से युक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के पार्क में नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के इंद्रपुरी इलाके के एक पार्क में तीन लड़कों ने कथित तौर पर 15 वर्षीय एक नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात करीब 9 बजे इंद्रपुरी थाने में हरित पार्क में एक लड़के को चाकू मारने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो इंद्रपुरी निवासी इस किशोर को घायल पाया। उसे तत्काल नारायणा के कपूर मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीनों का पीड़ित के साथ हुआ था झगड़ा पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि पूछताछ के दौरान यह पाया गया कि तीन लड़कों (सभी किशोर) का पीड़ित और उसके दोस्त के साथ पार्क में झगड़ा हुआ था। उन्होंने पीड़ित पर चाकुओं से हमला किया। पीड़ित की छाती और पेट पर चोटें आईं हैं।

### संगम विहार में नल से नहीं टैंकर से मिलता है पानी

दक्षिणी। दिल्ली। देश की राजधानी होने के बावजूद यहां के संगम विहार क्षेत्र के घरों में लोगों को नल से पानी नसीब नहीं होता है। यहां रोजाना टैंकरों के जरिये पानी की आपूर्ति की जाती है, जिसके लिए पैसे देने पड़ते हैं। इलाके में अधिकतर पानी प्राइवेट टैंकरों से आता है। संगम विहार में रोजाना 60 से 70 टैंकर पानी की खपत होती है और यदि पानी कम पड़ जाता है तो फिर से टैंकर मंगवाना पड़ता है। 1000 से 1200 रुपए में आता है टैंकर एक टैंकर के लिए 1000 से 1200 रुपये तक देने पड़ते हैं। संगम विहार के लोगों को यदि पानी चाहिए तो इसके लिए उन्हें पैसे खर्च करने होंगे और बिना पैसा खर्च किए उनको पानी नहीं मिल सकता है। लोगों का कहना है कि उनकी मजबूरी है पानी खरीदना। दिन में कई बार टैंकर आते हैं और पानी की आपूर्ति करते हैं। इलाके में रहने वाले लोग चंदा एकत्र कर पानी मंगवाते है। ऐसे में लोगों पर अधिक भार पड़ रहा है। वहां टैंकर माफिया के खिलाफ भी जल बोर्ड कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस तरह देखा जाए तो टैंकर माफिया की रोजाना 60 हजार से 70 हजार रुपये कमाई है।

### हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के रबूपुरा थानाक्षेत्र के खेरली भाव गांव में आई बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति को गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि खेरली भाव में बीती रात को एक बारात आई थी तथा उस बारात में शामिल जीशान को हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लग गई। उन्होंने बताया कि जीशान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया और आज उसका ऑपरेशन हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि गोली लड़की पक्ष की तरफ से दानिश ने चलायी थी तथा उसे आज दोपहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# एनडीएमसी के 58 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के 58 कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को परिषद उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने पुष्प गुलदस्ता, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आज यहां का माहौल उत्सव की याद दिला रहा है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तब था जब आप सभी को परिषद् में रोजगार मिला था। उन्होंने बताया कि उस दौरान संसाधन सीमित थे और सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि आज भारत विकास हुआ है और सुविधाओं से सुसज्जित है। उन्होंने अमृतकाल में माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर विचार किया कि आज की तुलना में तीस साल पहले भारत कैसा था। उन्होंने आजादी के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने पर खुशी जताई। उन्होंने 2014 से पहले और और माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में हुई प्रगति को याद किया, जिसमें हर गांव में सड़कों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर हर घर तक बिजली पहुंचाने की पहल शामिल है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर, जो पांच शताब्दियों के संघर्ष के बाद आखिरकार वास्तविकता बन गया है, आज दुनिया का सबसे भव्य मंदिर बन गया है, भगवान राम अब अयोध्या में निवास कर रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन का उल्लेख किया, जहां पहले पथराव की घटनाएं, पाकिस्तानी झंडे लहराना और आतंकवाद जैसा माहौल था, लेकिन अब, अनुच्छेद 370 लागू होने के बाद, लाल चौक पर भारतीय ध्वज गर्व से लहराता है, जो माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रयासों का एक प्रमाण है। उन्होंने निदेशक कल्याण को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी सेवा-सेवानिवृत्त व्यक्ति को अपनी पेंशन/बकाया के संबंध में कोई परेशानी न हो और उनके सामने आने वाली किसी भी समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने यह अच्छी खबर भी साझा की कि उन लोगों के लिए सम्मान धीरे-धीरे बढ़ रहा है जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान सेवानिवृत्ति हुए लेकिन उनका सम्मान किसी कारणवश नहीं हो पाया था, ऐसे 1100 व्यक्तियों को भी अब सम्मानित किया जा रहा है। श्री उपाध्याय ने सेवानिवृत्त लोगों को अपनी मेहनत की कमाई का सदुपयोग करने और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की सलाह दी। उन्होंने व्यक्त किया कि उनका कामकाजी जीवन उपलब्धियों और संतुष्टि के साथ सकारात्मक मोड़ पर समाप्त होता है। उन्होंने उन्हें उत्साह के साथ आगे देखने के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि उनके जीवन का एक नया और रोमांचक अध्याय उनका इंतजार कर रहा है, जो अभी आने वाले अद्भुत क्षणों से भरा है। सदस्य एनडीएमसी विशाखा सैलानी, अलका बिजलानी निदेशक कल्याण, कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## दिल्ली हिंसा की जांच पूरी हुई या नहीं, स्पष्ट करें : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस से सख्त लहजे में कहा कि वर्ष 2020 में हुए दिल्ली हिंसा की साजिश की जांच पूरी हुई या नहीं। पीठ ने पूछा कि क्या अभियोजन पक्ष कोई और आरोप पत्र भी दाखिल करने जा रहे हैं। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की खंडपीठ ने इसे लेकर विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) अमित प्रसाद से चार मार्च को स्थिति स्पष्ट करने को कहा। न्यायमूर्ति कैत ने कहा कि आप हमें बताएंगे कि पांचवां पूरक आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा या नहीं। कोर्ट ने यूनाइटेड अगेंस्ट हेट (यूएएच) के संस्थापक खालिद सैफी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह मौखिक टिप्पणी की, जो दिल्ली हिंसा की साजिश के मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक हैं। सैफी की जमानत याचिका पर वकीलों ने अपनी दलीलें पूरी कीं, जिसके बाद अदालत ने स्पष्टीकरण के लिए मामले की अगली सुनवाई चार मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायालय ने पक्षों को उन निर्णयों को प्रस्तुत करने की भी अनुमति दी, जिन पर वे अपनी दलीलों के समर्थन में भरोसा करना चाहते हैं। पुलिसकर्मी पर पिस्तौल तानने वाले शाहरुख के मामले में नोटिस : हाईकोर्ट ने दिल्ली हिंसा के दौरान पुलिसकर्मी पर पिस्तौल तानने वाले शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पुलिस से नॉमिनल रोल मांगा और मामले को 16 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध कर दिया। पठान पर हिंसा करने, गैरकानूनी सभा में नफरत फैलाने वाले भाषण और विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने सहित कई अपराधों का आरोप है। दिसंबर 2021 में उनके खिलाफ आरोप तय किए गए और 14 दिसंबर 2023 को ट्रायल कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था।

## अदालत यह नहीं तय कर सकती कि कौन सा हाईकोर्ट कहां होगा

- यह तय नहीं कर सकते कि कौन सा उच्च न्यायालय कहां कार्य करेगा।

नई दिल्ली। पंजाब के उच्च न्यायालय को चंडीगढ़ के बजाय जालंधर में स्थानांतरित करने सहित उत्तर-भारत के विभिन्न शहरों के विलय की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि अदालत राज्यों की सीमाओं का पुनर्गठन नहीं करती। यह तय नहीं कर सकते कि कौन सा उच्च न्यायालय कहां कार्य करेगा। याचिकाकर्ता जेपी सिंह ने याचिका में केंद्र सरकार को मेरठ कमिश्नरेट, सोनीपत, फरीदाबाद और गुरुग्राम को दिल्ली के साथ-साथ चंडीगढ़ को हरियाणा के साथ विलय करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। उन्होंने जालंधर में पंजाब के लिए नया हाईकोर्ट बनाने का निर्देश देने की भी मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि हाईकोर्ट उक्त क्षेत्रों से काफी दूर हैं और इसके कारण अधिवक्ताओं को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

# अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेगा ठग सुकेश चंद्रशेखर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी के माध्यम से सुकेश ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर कई आरोप लगाए हैं और एक मोबाइल नंबर के बारे में भी पूछा। इसके साथ ही सुकेश चंद्रशेखर ने एलान किया है कि वह अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

लोकसभा चुनाव के टिकट का ऑफर अरविंद केजरीवाल को लिखी चिट्ठी में सुकेश ने कहा कि पिछले 2 महीने से सब कुछ खामोश था, मैं भी सोच रहा था कि सब कैसे चुप हो गए कि मुझे धमकियां और ऑफर नहीं भेज रहे हैं। हालांकि, पिछले 3 दिनों से एक बार फिर शुरू हो गया है। सुकेश ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि जेल प्रशासन के माध्यम से दबाव की रणनीति और तमिलनाडु या कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के टिकट ऑफर किए हैं। केजरीवाल को लेकर सुकेश ने कही ये बात उसने केजरीवाल को संबोधित करते हुए कहा कि सत्येंद्र जैन और आपके खिलाफ दिए बयान से मुकरने के लिए टिकट देने का ऑफिर किया गया है। साथ ही सुकेश ने लेटर में केजरीवाल से कहा कि अब समय आ गया है, मेरे भाई, अपनी घड़ी और कैलेंडर को देखना शुरू करो, उलटी गिनती शुरू हो गई है। हमारे देश में हर कोई आपके भ्रष्टाचार की सच्चाई जानता है, और अब तो कोर्ट भी जानती है, इसीलिए आपकी सारी ठग कॉन टीम अभी भी जेल में है। सुकेश चंद्रेशखर ने चुनाव लड़ने का कहा सुकेश चंद्रशेखर ने चिट्ठी में कहा कि मैंने सार्वजनिक रूप से आपके सामने दो बातों की घोषणा की हैं, पहला- मैं आपके सभी ऑफर को रिजेक्ट करता हूं और मुझे आपकी धमकियों की भी परवाह नहीं है। दूसरा- मैं दिल्ली में आपके खिलाफ आपके के ही निर्वाचन क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव में निर्दलीय में चुनाव चुनाव लड़ूंगा।

# उमर खालिद ने कड़कड़डूमा कोर्ट में जमानत याचिका लगाई

नई दिल्ली। दिल्ली हिंसा के आरोपी उमर खालिद ने नियमित जमानत के लिए कड़कड़डूमा कोर्ट में आवेदन दाखिल किया है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई ने बुधवार को याचिका पर सुनवाई की और मामले को 11 मार्च को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से पहले याचिका पर अभियोजन पक्ष से जवाब मांगा। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 437 के साथ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 43 डी (5) के तहत जमानत याचिका 14 फरवरी में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपनी जमानत याचिका वापस लेने के बाद खालिद द्वारा दायर की गई थी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की सुप्रीम कोर्ट की बेंच 14 फरवरी को इस मामले की सुनवाई करने वाली थी, जब खालिद के वकील वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट को सूचित किया कि जमानत याचिका वापस ली जा रही है। सिब्बल ने कहा था कि परिस्थितियों में बदलाव के कारण हम पीछे हटना चाहते हैं और उचित राहत के लिए ट्रायल कोर्ट का रुख करना चाहते हैं। खालिद को सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था और उस पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा के साथ-साथ यूएपीए के तहत कई अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था। तब से वह जेल में हैं। कड़कड़डूमा की एक अदालत ने मार्च 2022 में खालिद को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, हाईकोर्ट ने भी अक्तूबर 2022 में उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया।

# आदर्श नगर में आपसी रंजिश में युवक की चाकू गोदकर हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में बुधवार रात बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में वह बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना मिलते ही आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दरअसल, मामला आदर्श नगर इलाके के जेलर वाला बाग का है, जहां सोनू नाम का एक युवक आजादपुर की एक धर्मशाला में सैनी टेंट में काम करता था। वह बीती रात रोज की तरह अपने काम पर गया। वही उसका कुछ लड़कों से झगड़ा हो गया था। तब ननकू नाम के एक लड़के ने उसको मारने की धमकी दी थी। देर रात काम के बाद जब सोनू घर वापस लौट रहा था तभी ननकू और उसके कुछ साथियों ने रात करीब 12:00 बजे चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में वह लहूलुहान होकर सड़क पर ही गिर पड़ा। वहीं, वारदात को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की बहन का कहना है कि जिन लोगों के साथ उसके भाई का झगड़ा हुआ था वह धमकी दे रहे हैं कि अभी तुम्हारे घर के अन्य लोगों को भी देख लेंगे। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी कर लिया है और अन्य हमलावरों की तलाश जारी है।

## 90 लाख से ज्यादा सोने के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में तीन तस्करों को पकड़ा गया है। इनके पास से 90 लाख से ज्यादा का सोना बरामद किया गया। दिल्ली हवाई अड्डे पर बुधवार को तैनात सुरक्षा कर्मियों को एक यात्री पर संदेह हुआ। इस पर उसके सामान की बारीकी से छानबीन की गई तो उसके पास से 490 ग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी बाजार में कीमत 26 लाख से ज्यादा आकी जा रही है। यह यात्री कोलंबो से विमान के जरिए दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचा था। वहीं, दूसरी घटना सोमवार की है। सुरक्षा कर्मियों को विमान के जरिए ढाका से दिल्ली पहुंचे दो यात्रियों पर संदेह हुआ। इस पर दोनों की तलाशी ली गई तो उनके पास से 1260.72 ग्राम सोना बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत 67 लाख से ज्यादा है। तीनों ही यात्री भारतीय नागरिक हैं और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

# चुनाव से पहले एनडीएमसी का तोहफा, अब किस्तों में भर सकेंगे बिजली बिल; लोगों को होगी सहूलियत

- ऐसे में हमने उनके लिए योजना को मंजूरी दी है जिसमें वह तीन किस्तों में अपना बिल जमा कर सकते हैं।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



लोकसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बिजली बिल बकायेदारों के लिए किस्तों में बिल देने की योजना की घोषणा कर दी है। अगामी वित्त वर्ष से यानि एक अप्रैल से एनडीएमसी के नागरिक इसका लाभ उठा सकेंगे। इसमें बकाया बिल भरने में तीन किस्तों में बिल चुकाने की सुविधा बकायेदारों को मिलेगी। इसमें कुल बकाया का 50 प्रतिशत राशि पहली किस्त में करनी होगी। जबकि दूसरी और तीसरी किस्त में 25-25 प्रतिशत राशि देनी होगी। बिजली बिल किस्तों में जमा करने के साथ ही एनडीएमसी ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन उपनियमों के मसौदे को मंजूर कर दिया है। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद समेत अन्य प्रस्तावों को मंजूर किया गया है।

तीन किस्तों में बिल जमा कर सकते हैं लोग- उपाध्याय एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि बिजली बिल बकाया होने पर विभिन्न कारणों की वजह से लोग बिल नहीं भर पा रहे हैं। ऐसे में हमने उनके लिए योजना को मंजूरी दी है जिसमें वह तीन किस्तों में अपना बिल जमा कर सकते हैं। एक अप्रैल 2024 से यह योजना लागू होगी। एनडीएमसी के मुताबिक सात हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिन पर 128 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। उन्होंने बताया कि पांच साल में इस योजना का सिर्फ एक बार लाभ लिया जा सकता है। बकायेदारों को विवाद खत्म करने में सहूलियत होगी उपाध्याय ने बताया कि लगातार दो माह तक बिजली का बिल जमा न करने पर हम उपभोक्ता को डिफ्लाटर घोषित कर देते हैं। ऐसे में कई ऐसे उपभोक्ता है जिन पर बड़ी राशि बकाया है। वह एक इतनी ज्यादा राशि एक साथ नहीं भर सकते हैं। इसलिए हम किस्तों पर बिजली का बिल जमा करने की योजना लेकर आए हैं। इससे बकायेदारों को अपना विवाद खत्म करने में सहूलियत होगी।

नवीकरणीय स्त्रोतों से ऊर्जा खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी

एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत चहल ने बताया कि पीएम मोदी के सौर ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा खरीद के समझौते को मंजूरी दे दी है। इसमें गर्मी के दौरान अधिकतकम मांग 350 से 400 मेगावाट होती है। इस दौरान हमारे पास 200 मेगावाट की कमी होती है। इसलिए इस जरुरत को पूरा करने के लिए हमने नवीकरणीय स्त्रोतों के माध्यम से ऊर्जा खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सौर ऊर्जा और नवीकरणीय 55 मेगावाट बिजली की खरीद इसमें 5.13 रुपये प्रति यूनिट की दर से सौर ऊर्जा और नवीकरणीय 55 मेगावाट बिजली एनडीएमसी खरीदेगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के मसौदे को मंजूरी दे दी है। अब जनता से इस पर सुझाव मांगे जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि लोधी गार्डन में बोनसाई पार्क के रखरखाव के लिए भारतीय बोनसाई एसोसिएशन के साथ एक एमओयू बढ़ाया गया है।

# पीएम आवास के तहत घर देने की घोषणा करें एलजी-आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पिछले एक साल में केंद्र सरकार की एजेंसियों ने दिल्ली में जितनी झुग्गियाँ तोड़ी, उपराज्यपाल वहाँ पर रहने वाले लोगों को आज ही पीएम आवास के तहत घर देने की घोषणा करें। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कही। उन्होंने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र सरकार आज दिल्ली में गरीबों के घरों को, उन्हें छोटे-छोटे आशियाने तोड़ने के लिए बुलडोजर लेकर निकली हुई है। चाहे महरौली की घोसिया कॉलोनी हो या फिर तुगलकबाद हर जगह भाजपा शासित केंद्र सरकार की एजेंसियों ने लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर किया है। भाजपा चुनाव से पहले जहां झुग्गी वहीं मकान के वादे करती है, लेकिन गरीबों को घर देने के बजाय इनकी एजेंसियाँ लोगों के घर उजाड़ देती है। सुंदर नगर, कड़कड़डूमा जे जे कैम्प, आजादपुर जेजे कैम्प के लोगों ने भी जहां झुग्गी वहीं मकान के फॉर्म भरे, लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार की बुलडोजरों ने इनके घर और फॉर्म दोनों तहस नहस कर दिए। आतिशी ने कहा कि, मेरा दिल्ली के झुग्गीवालों की तरफ से एलजी साहब से निवेदन है- जिस तरह से उन्होंने एक रैट माइनर को घर देने की बात कही है, उसी तरह से दिल्ली में जितनी झुग्गियों उजड़ी वहाँ रहने वाले लोगों को पीएम आवास योजना के तहत घर दे।

आप नेता आतिशी ने कहा कि, उत्तराखण्ड टनल में रेस्क्यू करने वाले रैट माइनर्स में से एक के घर को कल डीडीए ने अपने एक डेमोलिशन ड्राइव के दौरान धवस्त कर दिया। आज सुबह एलजी साहब ने बयान देते हुए कहा है कि, जिस रैट माइनर का घर डीडीए द्वारा तोड़ा गया, उसे पीएम आवास योजना के तहत घर दिया जाएगा। मैं इसके लिए एलजी साहब का धन्यवाद करती हूँ लेकिन ये रैट माइनर इकलौते वो व्यक्ति नहीं है जिनका घर, जिनकी झुग्गी डीडीए या केंद्र सरकार की अन्य एजेंसी द्वारा तोड़ा गया है। पिछले कुछ महीनों से केंद्र सरकार की एक एक एजेंसी दिल्ली में गरीबों के मकानों पर बुलडोजर चला रही है।

उन्होंने कहा कि, चाहे वो डीडीए हो, एएसआई हो, रेलवे हो केंद्र सरकार के विभाग गरीबों के घर तोड़ रहे है। हमने देखा कि तुगलकाबाद कि ला के आसपास छोटे-छोटे मकानों को, टिन-टप्पर की झुग्गियों को एएसआई द्वारा बर्बरता से बड़ी-बड़ी बटालियन लगाकर पिछली सर्दियों में एक ऐसे समय पर तोड़ा जब बच्चों की परीक्षाएँ आने वाली थी, वो बच्चे सड़क पर आ गए पर केंद्र सरकार की एएसआई को फर्क.नहीं पड़ा। आतिशी ने कहा कि, हमने देखा की किस तरह से डीडीए ने महरौली की घोसिया कॉलोनी को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। वहाँ दशकों से रहने वाले लोग सड़क पर आ गये लेकिन केंद्र सरकार को कोई फर्क. नहीं पड़ा। सुंदर नगर की झुग्गियाँ, जो डूसिब के नोटीफाइड लिस्ट पर भी थी और पुनर्वास के बिना उन्हें ध्वस्त नहीं किया जा सकता था, भाजपा की केंद्र सरकार सरकार ने कड़कती सर्दियों में उन झुग्गियों को तोड़ डाला और इसके लिए उन्होंने ग्रैप लगा होने के बावजूद गरीबों की झुग्गियों तोड़ने के लिए स्पेशल परमिशन लेकर आये। उन्होंने कहा कि, कुछ समय पहले कड़कड़डूमा गाँव जे जे कैम्प, आजादपुर जेजे कैम्प को डीडीए ने तोड़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी कट्टा के साथ एक युवा गिरफ्तार, भेजा गया जेल



आलमनगर, आलमनगर थाना पुलिस द्वारा एक लड़के को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया इस बाबत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उदाकिशुनगंज अविनाश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि आलमनगर पानी टंकी मैदान पर चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट के दौरान एक लड़का हथियार लेकर घूम रहा है सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी रघुनंदन राघव गृह रक्षक बल के साथ जब वहां पहुंचा तो उक्त लड़का पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस द्वारा पकड़ा गया पकड़े गए व्यक्ति अजय कुमार पिता सुभाष चोधरी आलमनगर निवासी को गिरफ्तार किया गया एवं जांच के दौरान उसके कमर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया जिसपर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक किरासत में भेज दिया गया।

# राजद अध्यक्ष जयकांत यादव ने मधेपुरा की धरती पर तेजस्वी यादव को चाँदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुराः जन विश्वास यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव मधेपुरा सर्किट हाउस में एक साथ दिखे. यहां राजद के हजारों कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में मधेपुरा शहर व जिले के सभी गांव से लोग शामिल हुए. तेजस्वी यादव के साथ उनके बड़े भाई तेज प्रताप भी मौजूद थे। वही मधेपुरा में एक ऐसे नेता भी थे जिन्होंने तेजस्वी यादव को चांदी की मुकुट पहना दी. इस दौरान लालू यादव पर लिखा हुआ गाना गूंजता रहा और समर्थक नारे लगाते रहे। बता दें कि मधेपुरा जिला के लगातार दूसरी बार बने लोकप्रिय जिला अध्यक्ष जयकांत यादव ने तेजस्वी यादव को चांदी का मुकुट पहना कर भव्य तरीके से स्वागत किया. वहीं मधेपुरा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, जहां तेजस्वी यादव को देखते ही लोग काफी उत्साहित हुए. आम लोगों को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि जो भरोसा और प्यार आप लोगों ने आरजेडी पर जताया था इसके लिए आभारी हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि सत्ता परिवर्तन की जरूरी है। नया बिहार बनाना है। नया बिहार बनाने के साथ-साथ कोसी-सीमाचंल में सबसे अधिक गरीबी है। गरीबों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। गरीबों को आगे बढाने का काम करें। सामाजिक न्याय के साथ-साथ आज नए बिहार में 17 महीने के सरकार के दौरान डिप्टी सीएम बनने का मौका मिला तो 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। 17 महीने में जो काम हमलोगों ने किया, वह काम सीएम नीतीश कुमार 17 वर्ष में नहीं कर पाए पिछड़ा-अतिपिछड़ा, दलित और आदिवासी के लिए आरक्षण की सीमा बढ़ाई। किसी भी जात, धर्म, समुदाय के लोग हो, हमलोग सबको सम्मान देते हैं। इसलिए आप लोगों के बीच आने का मौका मिला। मधेपुरा क्रांतिकारी और समाजवादियों का गढ़ रहा है आपलोग बदलाव के तैयार हैं ना। आप लोगों का आशीर्वाद लेने आए हैं। हाथ उठाकर बताइए, आशीर्वाद मिलेगा या नहीं। उक्त बातें पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मधेपुरा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा। वे जन विश्वास यात्रा के क्रम में बुधवार की देर शाम मधेपुरा पहुंचे थे। हम आपका विश्वास लेने आए हैं. आज से यह लड़ाई छिड़ गई है और हम आपकी लड़ाई लड़ने आए हैं. तेजस्वी यादव आपके लिए मर-मिटने को तैयार रहेगा. नया बिहार बनाना है. रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, कारखाना आदि बेहतर हो इसमें हम लगे है। तेजस्वी ने आगे कहा, हमें 10 से 12 सीट बेईमानी कर हरा दिया गया. आप लोगों ने 115 की ताकत दी थी. मांझी, बीजेपी और कुशवाहा एक थे और एक साथ 30 हेलीकॉप्टर चुनाव में उड़ता था, लेकिन आरजेडी का एक हेलीकॉप्टर ही उड़ता था. नीतीश कुमार के मन में खोट था. नौकरी, जातीय आधारित गणना का क्रेडिट तेजस्वी ले लेगा यह डर था, लेकिन एक बात साफ है कि जब हमने 10 लाख नौकरी देने का वादा किया था तो क्रेडिट भी हम ही लेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा, उप मुख्यमंत्री रहते लाखों नौकरी देने का काम किया, लेकिन एक मौका मिला तो हरेक नौजवान के भविष्य को सुनहरा करेंगे. वही तेजस्वी यादव के बड़े भाई तेज प्रताप यादव ने बिहार की जनता को निमंत्रण देते हुए कहा कि- जितने नौजवान हैं सभी लोग तीन मार्च को महारैला में आइए. इसी से दिल्ली का रास्ता क्लियर होगा।

# बच्चे पूरी निष्ठा से करें मेहनत भविष्य को सुदृढ़ बनाने में होगा सहायक



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुराः राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगवानपुर साहुगढ़ के परिसर में एल्सटाम और एलएलएफ के द्वारा आयोजित स्टीम फेयर का उद्घाटन जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा, एलएलएफ के एचआर महबूब सैयद हुसैन, एमडी संजीव विज, जिला शिक्षा पदाधिकारी सैयिद हुसैन अंसारी, प्रोजेक्ट मैनेजर मुद्दासिर जामिन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मेला में मध्य विद्यालय तुनीयाही, मध्य विद्यालय श्रीपुर, मध्य विद्यालय चकला और उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगवानपुर के बच्चे शामिल हुए। जिलाधिकारी ने बच्चों के द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान बच्चों से जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों से सवाल भी पूछे। मौके पर डीएम ने कहा कि स्कूली बच्चे मन लगाकर पूरी निष्ठा से पढ़ाई करें। परिणाम बेहतर ही होंगे और आपके भविष्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे। मौके पर संजीव विज ने कहा कि बच्चों ने मेहनत से जो प्रदर्शनी लगाया है। वह सराहनीय है।

# मधेपुरा में तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा एवं रोड शो में भाकपा की मजबूत भागीदारी



प्रात: किरण, संवाददाता

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के मधेपुरा में जन विश्वास यात्रा एवं रोड शो में आज यहां भाकपा ने दी मजबूत भागीदारी । भाकपा कार्यकताओं ने मधेपुरा बीपी मंडल चौक ,भूपेंद्र चौक, कपूरी चौक ,चकला चौक, मिठाई बाजार एवं सबैला चौक पर अपने झंडे बैनर के साथ महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव के रोड शो का किया अभिनंदन एवं केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी' भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर, जिला मंत्री विद्याधर मुखिया, राज्य परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार, अंचल मंत्री एवं पूर्व मुखिया बाल किशोर यादव, युवा नेता एवं मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार, सहायक जिला मंत्री मुकुंद प्रसाद यादव ,वार्ड सदस्य संघ के जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश कुमार शर्मा ,अंचल मंत्री अनिल भारती, प्रोड ललन मंडल, कुंदन यादव, पूर्व मुखिया कृत्यानंद रजक, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मोड जहांगीर, मोड सिराज, युवा नेता शंभू क्रांति ,नवीन कुमार, मजदूर नेता दिलीप पटेल, मोड रहमान, मोड जवाहर, राम सेवक यादव आदि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाकपा कार्यकताओं ने विभिन्न चौक चौराहे एवं सड़कों पर जन विश्वास यात्रा में में भाग लिया। भाकपा नेता प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी का जन विश्वास यात्रा मधेपुरा में शानदार रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने प्रिय नेता का अभिवादन करने सड़क पर उतरे ' उन्होंने कहा कि यह तो अंगराई है तीन मार्च को बड़ी लड़ाई है' भाकपा नेता प्रभाकर ने मधेपुरा के आम लोगों से अपील की है कि 3 मार्च को गांधी मैदान पटना में आयोजित महागठबंधन का जन विश्वास महारैली में लाखों लाख की संख्या में भाग लेकर केंद्र की निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें।

# पंच सरपंच संघ के संरक्षक डॉक्टर भीम सिंह के राज्यसभा सांसद चुने जाने पर दि बधाई



प्रात: किरण, संवाददाता

खगड़िया। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने पंच सरपंच संघ के संरक्षक डॉ भीम सिंह के राज्यसभा सांसद चुने जाने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार के पंच सरपंचों के बीच हर्ष व्याप्त है। श्री यादव ने राज्यसभा सांसद सह संरक्षक डॉ भीम सिंह से एमएलए एमपी मंत्री के तरह चौथाई हिस्सा पंच सरपंच को 5000 रुपए मासिक पेंशन सहित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को 3000 से 10000 रुपए मासिक पेंशन चालू करने हेतु मजबूत पहल करने की मांग किया। इसके लिए राज्यसभा के सदन में सवाल उठाने की मांग किया। श्री यादव ने बताया कि 29 फरवरी 2024 को 11:00 बजे दिन में बिहार राज्य पंचायत परिषद भवन के सभागार, पटना में प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला के अध्यक्षता में अभिनंदन समारोह सह राज्य स्तरीय बैठक किया गया। जिसमें पूरे बिहार के पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष एवं जिला महासचिव भाग लिये। समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह को अंग वस्त्र एवं पुष्पहार , बुके से सम्मानित किया गया। सबों ने एक स्वर में हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दिया तथा पंच सरपंचों को पेंशन चालू करने हेतु पहल करने की मांग किया। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर, समस्तीपुर जिला अध्यक्ष महेश राय, गीतांजलि कुमारी रीता कुमारी आदि दर्जनों पंच सरपंच अध्यक्ष महासचिव ने भाग लिया।

# आगामी 2 मार्च 2024 को सभी जन वितरण विक्रेता के दुकान पर होगा मेगा कैंप का आयोजनः डीडीसी

- आयुष्मान भारत के तर्ज पर अब वंचित लाभुकों का बनेगा आयुष्मान कार्ड
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की होगी सुरुआत



प्रात: किरण, संवाददाता

केंद्र सरकार के आयुष्मान भारत योजना के तर्ज पर अब राज्य सरकार मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत की है। योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित परिवारों को भी अब राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए जन वितरण प्रणाली के डेटा का प्रयोग होगा। यह जानकारी बुधवार को झल्लू बाबू सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में डीडीसी अवधेश कुमार आनंद ने दी। डीडीसी ने बताया कि आगामी 2 मार्च को सरकार की ओर से जारी निर्देश के आलोक में सभी पीडीएस दुकानों पर मैगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। कार्ड बनाने की प्रक्रिया सभी पीडीएस दुकान सहित सीएससी पर आगे भी जारी रहेगी। आवेदन के लिए लोगों आधार कार्ड और राशन कार्ड साथ लाना होगा। वैसे लोग जिनका नाम आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी सूची में शामिल नहीं है और उनका राशन कार्ड बना हुआ है। वे मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीडीसी ने बताया कि जिले में जिले में 18 लाख 26 हजार 680 लाभुकों का कार्ड बनना है। अभी तक मात्र 2 लाख 53 हजार कार्ड ही बन पाया गया है। शेष बचे लोगों का कार्ड बनाने के लिए 2 मार्च को मेगा कैंप लगाया जाएगा। जिले में जितने भी पीडीएस दुकान हैं, सभी जगह केंद्र बनाया गया है। लाभुकों को सिर्फ राशन कार्ड और आधार कार्ड लेकर आना है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को आयोजित होने वाले पहले विशेष शिविर में ही मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 25 हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पीडीएस दुकानों को आसपास के सीएससी से टैग किया गया है। सीएएसी के प्रतिनिधि कैंप के दिन विशेष रूप से पीडीएस दुकानों पर मौजूद रहेंगे। कार्ड के लिए लाभुकों को किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना होगा।

# तेजस्वी यादव का बैजनाथपुर में गर्मजोशी के साथ हुआ स्वागत

प्रात: किरण, संवाददाता



सौरबाजार/सहरसा। पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा के क्रम में गुरुवार को बैजनाथपुर पहुंचे साथ में पूर्व पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव भी सामिल थे। तेज प्रताप ने वाहन से उतरकर बीपी मंडल के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व पर्यावरण मंत्री ने लोक सभा चुनाव को लेकर भविष्यवाणी कर दी है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की करारी हार होगी। प्रधानमंत्री की कुर्सी महा गठबंधन की हो जाएगी। राजद कार्यकर्ताओं ने युवा जिलाध्यक्ष भारत यादव के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ विशेष बस पर सवार तेजस्वी यादव जैसे ही मधेपुरा से सहरसा सीमा पर पहुंचे वहां के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। बस पर बैठे तेजस्वी ने हाथ जोड़कर और हाथ हिला कर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। मौजूद दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तेजस्वी यादव जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। उन्होंने बिहार का भावी मुख्यमंत्री बताया। और उन्होंने कहा कि हमने नौकरी देने का जो वादा किया था उसे 17 माह में पूरा किया। हमने 5 लाख लोगों को नौकरी दी है। अब नया बिहार बनाना है। आगे भी नौकरी देंगे। नीतीश चाचा से अब बिहार चलने वाला नहीं है। हम नए लोगों को मौका देंगे जो समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलेगा। आगामी 3 मार्च को पटना में होने वाली जन विश्वास रैली में आने का आह्वान किया। मौके पर पूर्व सरपंच अरुण कुमार यादव, समाजसेवी जनार्दन यादव , डॉ कैलाश कुमार, सुनील कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, सेवा निवृत्त शिक्षक कमलेश्वरी यादव, अधिवक्ता उमेश यादव एमएलसी प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार उर्फ बीडीओ समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित होकर स्वागत किया। जन विश्वास यात्रा में बीपी मंडल चौक बैजनाथपुर में शामिल माकपा के अंचल मंत्री रमेश यादव जिला सचिव मंडल सदस्य व्यास प्रसाद यादव, कुलानन्द यादव, बलराम यादव,मो. कियाम, जालेश्वर पासवान, बद्री राम, दयानंद यादव सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# अवैध खनन व भंडारण को लेकर नियमित करें छापेमारी : उपविकास आयुक्त



- 86.79 प्रतिशत राजस्व जब की हुई वसूली
- 1892.98 लाख रुपये वसूली का लक्ष्य
- 1643.01 लाख रुपये की अब तक हुई वसूली

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुराः जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक गुरूवार को उप विकास आयुक्त, अवधेश कुमार आनंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सहायक निदेशक, खान एवं भूतत्व ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभाग द्वारा 1892.98 लाख रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें 28 फरवरी तक कुल 1643.01 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। जो निर्धारित लक्ष्य का 86.79 प्रतिशत है। जिले के विभिन्न कार्य विभागों से प्राप्त रायल्टी एवं मालिकाना फीस की वसूली पर सहायक निदेशक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्य विभाग मद में अभी तक कुल-1402.73 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। इस डीडीसी ने सभी कार्य विभागों को निर्देश दिया कि अपने अधीन संचालित योजनाओं में संवेदकों के विपत्र से विभागीय नियमानुसार रायल्टी एवं मालिकाना फीस की कटौती कर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला खनन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। वहीं सहायक निदेशक को निर्देश दिया गया कि सभी कार्य विभागों से समन्वय स्थापित कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित योजनाओं के बावत रायलटी एवं मालिकाना फीस की वसूली सुनिश्चित करेगें।

अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर उप विकास आयुक्त ने बैठक में उपस्थित सहायक निदेशक व खान निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के दृष्टिकोण के क्षेत्रों पर नियमति रुप से छापेमारी करना सुनिश्चित करेगें तथा अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में संलिप्त व्यक्यिों व वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज दंड की वसूली करें।

# जन विश्वास यात्रा को लेकर मधेपुरा पहुंचे राजद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव



प्रात: किरण, संवाददाता

जन विश्वास यात्रा पर निकले राजद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मधेपुरा पहुंचे,जहां आज सर्किट हाउस में सबसे पहले मीडिया के साथ प्रेस वार्ता की ।इस दौरान तेजस्वी यादव ने मीडिया को संबोधित कर कहा की बिहार की जनता हमारे साथ है, अब मुझे लगता है जन विश्वास यात्रा नहीं बल्कि जन तीर्थ यात्रा हो चुकी है ।उन्होंने कहा कि बिहार में जब तक सरकार की स्थिरता नहीं रहेगी तब तक संपूर्ण विकास संभव नहीं है साथ हीं उन्होंने कहा कि आज बजट हमलोगों ने तैयार किया लेकिन पढ़ कोई आए, ये बिहार की नहीं बल्कि सत्ता का दुरुपयोग है।वहीं प्रेस वार्ता के बाद तेजस्वी यादव का जन विश्वास कारवां शहर के समाहरणालय मार्ग होते हुए बस स्टेंड पहुंची जहां बीपी मंडल के प्रतिमा पर रुक कर प्रणाम किया वहीं इस दौरान तेज प्रताप यादव ने मंडल मसीहा के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। जिसके बाद कॉलेज चौक होते हुए पुरानी बाजार के रास्ते कपूरी चौक पहुंच कर लोगों का अभिवादन करते हुए कपूरी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुनः सहरसा के लिए सड़क मार्ग से हीं रवाना हो गए। वहीं इस मौके पर तेज प्रताप यादव,एमएलसी डॉक्टर अजय कुमार सिंह, कोचा धमन के विधायक, सिंहेश्वर विधायक चंद्रहास चौपाल,राज्य सभा सदस्य मनोज झा, सदर राजद विधायक प्रो,चंद्रशेखर यादव, जिलाध्यक्ष जयकांत यादव, अरुण कुमार, संजीव कुमार, आलोक मुन्ना, आनंद मंडल, प्रो,रणधीर यादव, पूर्व विधायक प्रमेश्वरी प्रसाद निराला, महिला नेत्री विनीता भारती, समेत सैकड़ों की संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ईस्टर्न इंडिया के सर्वोत्तम कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व ने किया अपने सहरसा शाखा का शुभारंभ

प्रात: किरण, संवाददाता



सहरसा। ईस्टर्न इंडिया के सर्वोत्तम कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व ने दिनांक 29 फरवरी 2024 को अपने सहरसा शाखा का शुभारंभ किया। शुभारंभ समारोह में संस्थान के निदेशक आनंद कुमार जायसवाल के साथ एकलव्य सेंट्रल स्कूल सहरसा के डायरेक्टर डाक्टर मुकेश कुमार सिंह एवं सहरसा शाखा के सेंटर हेड राहुल राजा भी उपस्थित थे। पिछले 12 वर्षों में मेंटर्स एडुसर्व से पढ़ाई करके 6300 से ज्यादा विद्यार्थी आईआईटी में 29000 से ज्यादा विद्यार्थी एनआईटी में एवं 17000 से ज्यादा विद्यार्थी टॉप मेडिकल कॉलेजों में जा चुके हैं। मेंटर्स एडुसर्व ने साल दर साल लगभग सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे जेईई मेन, जेईई एडवांसड, नीट, एनटीएसई एवं ओलंपियाड में उत्कृष्ट और अतुलनीय रिजल्ट दिया है। पटना में मेंटर्स एडुसर्व का हेड ऑफिस होने के साथ-साथ बोरिंग रोड, कंकड़बाग, बेली रोड एवं बाजार समिति में भी शाखाएं हैं। इसके अतिरिक्त मेंटर्स एडुसर्व की शाखाएं भागलपुर में एवं बोकारो (झारखण्ड) में भी हैं। अब मेंटर्स एडुसर्व ने अपनी नई शाखा की शुरूआत सहरसा में की है। संस्थान के निदेशक श्री आनंद कुमार जायसवाल ने कहा कि सहरसा में उच्च स्तरीय एवं विश्वसनीय शिक्षण प्रणाली वाले संस्थानों का बहुत अभाव है। इस वजह से यहीं के विद्यार्थियों को उच्च कोटि की शिक्षा नहीं मिल पाती है और विद्यार्थियों का पलायन दूसरे राज्यों में होता है। बाहर जाने से विद्यार्थियों को होस्टल में रहने का अतिरिक्त खर्चा भी हो जाता है। जायसवाल ने घोषणा की है कि अब सहरसा एवं उसके आसपास के शहरों के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। संस्थान के पटना हेड ऑफिस द्वारा नियुक्त एक्सपर्ट शिक्षकों की टीम यहाँ के विद्यार्थियों को पढ़ाएगी। सारी एकाडेमिक बयवस्था भी पटना हेड ऑफिस द्वारा ही संचालित की जाएगी। विद्यार्थियों का सिलेबस समय से एवं प्रभावि रूप से समाप्त किया जायेगा। अब यहीं के विद्यार्थियों का भी जेईई मेन, जेईई एडवांसड, नीट, एनटीएसई एवं ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन होगा। जायसवाल ने यह भी बताया की यहाँ के विद्यार्थियों को मेंटर्स एडुसर्व 2.0 के माध्यम से स्मार्ट पढ़ाई करवाई जाएगी। ऑफलाइन क्लास में स्मार्ट डिजिटल बोर्ड पर पढ़ाई होगी। विद्यार्थियों को ऑफलाइन क्लासेस की रिकॉर्डिंग मिलेगी एवं शिक्षकों के ऑफलाइन क्लासरूम नोट्स भी पीडीएफ में मिलेगी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को क्लासरूम में एआर आधारित रचनात्मक शिक्षा के साथ-साथ एआई आधारित टेस्ट सीरीज एवं डिजिटल लाइब्रेरी भी मिलेगी। जायसवाल ने यह भी बताया की एकलव्य सेंट्रल स्कूल सहरसा के साथ मेंटर्स एडुसर्व विद्याआश्रम पाठ्यक्रम की मी शुरूआत हो रही है। विद्याआश्रम एक इंटिग्रेटेड स्कूल के साथ-साथ जे.ई.ई एवं नीट की कोचिंग का प्रोग्राम होगा। विद्यार्थियों को इस प्रोग्राम के द्वारा सारी व्यवस्थाएं जैसे अच्छा स्कूल एवं अच्छी कोचिंग सब एकलव्य सेंट्रल स्कूल सहरसा के कैम्पस में ही मिल जायेगी। विद्यार्थियों को उच्च कोटि की शिक्षा व मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा ताकि उनकी प्रतिभा निखरे एवं ये जेईई एवं नीट परीक्षा में टॉप बैंक प्राप्त कर सकें। इस प्रोग्राम में होस्टल सुविधा भी उपलब्ध होगी। मेटर्स एडुसर्व में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6ठवीं से 12वीं एवं 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए एडमिशन प्रक्रिया जारी है, जिसमें विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति तथा लगभग निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। बिहार बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए अलग से स्पेशल बैच बनाया जाएगा। इस बैच में अनुभवी शिक्षक मुख्यतः हिन्दी भाषा में पढ़ाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों को मिलने वाले असाइनमेंट एवं टेस्ट अंग्रेजी व हिंदी दोनों भाषाओं में होंगे।

# गरीबी से निकलने के तीन रास्ते; नौकरी, खेती और बिजनेस-व्यापार

प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि दुनिया में जितने विद्वान लोग हैं उन्होंने गरीबी से निकलने के तीन रास्ते बताए हैं। पहला है नौकरी, दूसरा है खेती और तीसरा है बिजनेस-व्यापार। आपके गांव में भी जो लोग नौकरी कर रहे हैं, इसी बिहार में उनकी जिंदगी कुछ बेहतर है। जो व्यक्ति 5, 10 बीघा में खेती कर रहे हैं उनकी जिंदगी भी चल रही है और जिन्होंने बिजनेस-व्यापार किया है उनकी जिंदगी भी चल रही है। रोड सभी लोगों के लिए खराब है, लेकिन जो गरीब हैं उन्हें ज्यादा भोगना है। अगर, कोई बीमार पड़ जाए, तो जिनके पास पैसा है वो पटना-दिल्ली में जाकर इलाज करा लेंगे। गरीबी से निकलने के तीन रास्ते नौकरी, खेती और बिजनेस-व्यापार में से कोई एक हो तो आपकी गरीबी खत्म हो सकती है। गरीबी खत्म तब होगी जब आपके पढ़ने की अच्छी व्यवस्था हो और नौकरी मिलेः प्रशांत किशोर प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर आपको नौकरी चाहिए तो उसके लिए बढ़िया पढ़ाई होनी चाहिए, अगर आपको खेती करनी है तो उसके लिए जमीन होनी चाहिए और बिजनेस-व्यापार करना है तो उसके लिए पूंजी होनी चाहिए। गरीबी से निकलने का चौथा कोई रास्ता नहीं है। नाली बन जाए चाहे यहां पुल बन जाए उससे आपकी गरीबी खत्म नहीं होगी। गरीबी खत्म तब होगी जब आपके बच्चों के लिए पढ़ने की अच्छी व्यवस्था हो जाए और बच्चे पढ़-लिखकर नौकरी पा जाएं। गरीबी खत्म तब होगी जब आपके बच्चों को रोजगार मिल जाए। गरीबी खत्म तब होगी जब आपके पास खेती करने के लिए जमीन हो, गरीबी खत्म तब होगी जब सरकार आपको पूंजी उपलब्ध कराए जिससे आप बिजनेस-व्यापार कर सकें। इसलिए वोट शिक्षा और रोजगार के नाम पर दें। क्योंकि आप जिस नाम पर वोट देते हैं वो आपको मिलता है।

# 76 वर्षीय किसान को गोली मारकर हत्या

प्रात: किरण, संवाददाता

रतवारा थाना क्षेत्र के खापुर पंचायत स्थित परेल डी वार्ड नंबर 2 निवासी 76 वर्षीय किसान मदारी मेहता पिता स्वर्गीय कोकाय मेहता को बुधवार के रात्रि सुप्ता अवस्था में गोली मारकर हत्या कर दिया परिवार जनों को सुबह तब पता चला जब वह सुबह मृतक मदारी मेहता को उठाने के लिए दरवाजे पर पहुंचा तो खून से लथपथ मदारी मेहता का शव देखा इसके बाद हत्या की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते आसपास के लोगों का भीड़ घटनास्थल पर लगने लगा वही इस बाबत मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था मृतक के परिजनों का कहना था कि प्रत्येक दिन की तरह आज भी खाना खाकर मदारी मेहता अपने दरवाजे पर सोया हुआ था 12:00 बजे के बाद ही इस बेखौफ अपराधियों के द्वारा इस अप्रिय घटना को अंजाम दिया गया है वही घटना को लेकर परिजनों के चित्कार से लोगों के आंखें नम थी घटना की सूचना रतवारा थाना को दिया गया सूचना मिलते ही रतवारा थाना अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस बाबत थाना अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ शर्मा ने बताया कि मृतक को सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है ।हत्या के कारणो को लेकर अभी तक पता नहीं चल पाया है परिजनों के द्वारा आवेदन मिलने के बाद हत्या में शामिल लोगों की धर पकड़ की जाएगी वहीं हत्या के कारण को लेकर भी पुलिस अन्य बिंदु पर भी जांच कर रहे हैं जल्द ही इसका खुलासा हो जाएगा घटना में शामिल दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## कांग्रेस खुद पर अफसोस करे

कांग्रेस खुद पर अफसोस या गुस्सा करे, अहंकार की दौलत में बिक रहा जमाना। जाहिर है हिमाचल से राज्यसभा की यात्रा ने एक सरकार के वजूद को छील दिया और इस छिछालेदर में सारी खुन्नस निकल गई। राजनीति अपनी बस्ती नहीं चुन सकती, तो अपनी ही अस्थि उठानी पड़ेगी, वरना भाजपा के कुल 25 विधायकों के सामने कांग्रेस के चालीस इतने सक्षम थे कि अभिषेक मनु सिंघवी यहां से राज्यसभा का तिलक लगाकर लौटते, मगर लुटिया डूबी जहां आशाएं तैर रही थीं। इस गिनती पर कौन भरोसा करे जिसने भाजपा के हर्ष में अपनी तौहीन कबूल की। आश्चर्य यह कि जिस अकड़ से सत्ता चल रही थी, उसकी हड्डी पसली एक कर दी, लेकिन आत्मबोध का आचरण खुद को साबित नहीं कर सका। सुलगती सूलियों को तिनके समझकर, कांग्रेस ने अपने ही हाथों को जलाया इस कद्र। ऐसे में भाजपा का जीतना जनादेश की गवाही नहीं, लेकिन कांग्रेस का हारना जगहंसाई जरूर है। कौनसा शिखर और कौनसी तोपें थीं इस दुर्ग की, कयामत घर से निकली और सारे गुरूर को जला गई। ऐसे में गलत कौन? जनता जिसने कांग्रेस को सत्ता सौंपी या व जो बागी हो गए। क्यों न इस सल्तनत को दोषी मानें जो हिमाचल में निरंकुश और दिल्ली में अंधी थी। कब कांग्रेस अपनी हैसियत से आलाकमान की हेकड़ी से बाहर नेतृत्व का कौशल दिखा पाएगी। यहां वह नेतृत्व भी हारा जिसने हिमाचल में सुक्खू सरकार का मौजूदा आकार बनाया और वह सत्ता भी हारी जिसने यारों का सहारा बनाया। एक एक करके गिनेंगे तो कितने कैबिनेट रैंक बिखर गए और बिखरा वह असंतुलन जो हिमाचल में कांग्रेस को संगठित नहीं कर पाया। आश्चर्य यह कि मुख्यमंत्री के गृह जिला से तीन विधायकों ने बगावत की, तो अपनी ही पार्टी को हराने में सुधीर शर्मा व राजिंद्र राणा ने शहादत दी। एक आसान सी जीत में अगर सुक्खू सरकार फिसल गई, तो सरकार के असंतुलन ही खा गए सरकार को। चादर फट गई पांव में नाखून बढ़े थे, शहनशाह की किस्ती में छेद बड़े थे। अब एक बदसूरत तस्वीर में कांग्रेस का तामझाम और दिल्ली का दरबार खुद को होश में लाने के लिए प्रयासरत है। चोट खाने के बाद दिल का हाल पूछा जा रहा है, अपनी नब्ज को दूसरे हाथ में देकर मापा जा रहा है। यानी छह विधायक छंट गए, विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद छोड़ दिया और कितने सबूत चाहिएं कि आग किस कद्र लगी है। कांग्रेस को खुद पर भरोसा कब होगा। हिमाचल में सरकार का गठन जिस तरह हुआ, उसमें नालायकी, अहंकार, टकराव और उपेक्षा थी। फैसलों की फेहरिस्त में अपने ही विधायकों के अपमान अगर जुड़ रहे थे, तो कहीं बंदूक के साये सत्ता को अपने नशे की हिफाजत की चिंता थी। पहले मंत्रिमंडल के आकार में और फिर इसके प्रकार में कान ही तो पकड़े गए। जिस कांगड़ा ने दस विधायक दिए, उसका सबसे क्षमतावान चेहरा इतना मजबूर किया कि वह आज सरकार के विरुद्ध तलवार बन गया। मंत्रियों को मजदूर और गैर विधायकों को अंगूर खिलाकर आत्मसंतुष्टि तो हो सकती है, लेकिन सरकारें यूं नहीं चलतीं। आश्चर्य यह कि सरकार के बीच खड़े राजिंद्र राणा, सुधीर शर्मा व तमाम विक्षुब्ध विधायकों की न कोई सुन रहा था और न ही सुनना चाहता था। बहरहाल कांग्रेस आलाकमान को इतना होश तो आया कि पर्यवेक्षक शिमला की गलियों में अपनी ही सरकार को ढूंढ रहे हैं।

## काठ की हांडियां भी चढ़ेंगी आग पर

राकेश अचल

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हो या भाजपा नए प्रत्याशियों के साथ ही अनेक ऐसे नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतारने के लिए विवश हो सकती है जो पिछले दिनों कोई न कोई चुनाव हार चुके है। काठ की इन हांडियों को दोबारा आग पर चढाने की मजबूरी भी है और जरूरी भी। हालाँकि इसमें जोखिम भी कम नहीं है। भाजपा की काठ की हांडियों में केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधियाऔर प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र का नाम भी शामिल है।

भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 29 में से 28 सीटें हासिल की थीं, और तब हासिल की थीं जब प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता थी और कमलनाथ मुख्यमंत्री थे। इस बार 2024 में भाजपा का लक्ष्य सभी 29 सीटें जीतने का है। इस बार भाजपा 2019 में भाजपा के ही एक सामान्य कार्यकर्ता केपी सिंह के हाथों गुना से चुनाव हारे ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनाव जिताना चाहती है। हालाँकि ऐसा करना आवश्यक नहीं है क्योंकि सिंधिया वर्तमान में राजयसभा सदस्य हैं और अगले दो साल और सदन में रह सकते हैं। लेकिन प्रदेश भाजपा कार्यसमिति ने खुद सिंधिया के आग्रह पर उन्हें गुना सीट से प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने अनेक मौजूदा सांसदों का पत्ता साफ करना चाहती है। सबसे ऊपर नाम भोपाल की संसद साध्वी प्रज्ञा का है। उनकी सीट से हाल ही में दतिया से विधानसभा चुनाव हारे प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा का नाम पैनल में शामिल किया गया है। पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी भोपाल से प्रत्याशी बनाये जाने के लिए राजी है, हालाँकि चौहान विदिशा सीट के पुराने अजेय संसद रह चुके हैं। चौहान के बारे में अंतिम फैसला मोदी और शाह को ही करना है। चौहान इस समय विधायक हैं लेकिन उन्हें मध्यप्रदेश की राजनीति से बेदखल किया जाना है इसलिए उनका लोकसभा में भेजा जाना पार्टी की मजबूरी बन गयी है।

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा भी अपनी वर्तमान सीट खजुराहो से चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं, क्योंकि ये सीट इंडिया गठबंधन ने समाजवादी पार्टी को दे दी है। यहां यदि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो शर्मा का जीतना आसान नहीं होगा। भोपाल से पुराने आजमाए हुए नेता आलोक शर्मा और सुमित पचौरी का नाम भी पैनल में जोड़ा गया है। इस लिहाज से भोपाल के पैनल में दो या तीन के बजाय पांच नाम है। जाहिर है कि भाजपा के पास प्रत्याशियों की कोई कमी नहीं है अन्यथा किसी भी पैनल में दो या तीन नाम ही रखे जाते हैं।

भाजपा के लिए भोपाल के बाद सबसे महत्वपूर्ण सीट इंदौर है। यहां से वर्तमान संसद शंकर लालवानी का मुखर विरोध देखते हुए हाल ही में विधानसभा का चुनाव जीतव मंत्री कैलाश वजयवर्गीय और इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव का नाम भी दिल्ली भेजा गया है। गौरतलब है कि कैलाश विजयवर्गीय प्रदेश की राजनीति में रहना नहीं चाहते। वे दिल्ली जाकर अपने बेटे के लिए प्रदेश की राजनीति में जगह वापस करना चाहते है। कैलाश विजयवर्गीय को उनके पूर्व विधायक बेटे आकाश की जगह विधानसभा का चुनाव लड़ाया गया था। महापौर के रूप में पुष्यमित्र भार्गव युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं इसलिए उनके नाम को भी आगे बढ़ाया गया है। वे लम्बी रेस के घोड़े साबित हो सकते है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की पुरानी सीट विदिशा से रमाकांत भार्गव के अलावा शिवराज सिंह का नाम भी सुझाया गया है। अर्थात शिवराज सिंह चौहान को भोपाल या विदिशा में से किसी एक से टिकिट मिलना तय है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम उनकी पुरानी गुना सीट से भेजा गया है हालांकि वर्तमान संसद केपी सिंह का नाम भी दोहराया गया है। केपी को गुना से हटाने का कोई कारण नहीं है किन्तु सिंधिया की इच्छा का मान रखा गया तो केपी शहीद हो सकते है। अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता सिंधिया के पक्ष में शायद नहीं है। सिंधिया का नाम ग्वालियर सीट से भी जोड़ा गया है। ग्वालियर के मौजूदा संसद विवेक शेजवलकर बहुत ज्यादा लोकप्रिय सांसद नहीं रहे इसलिए उनका बदला जाना तय समझा जा रहा है। उनके स्थान पर सिंधिया के अलावा विधानसभा चुनाव हारे डॉ नरोत्तम मिश्रा और विधानसभा चुनाव लड़ने से वंचित किये गए जयभान सिंह पवैया का नाम भी पैनल में जोड़ा गया ह। पवैया भी एक जमाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव रॉ सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ चुके है। वे ग्वालियर से सांसद भी रहे हैं।

ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की आरक्षित भिंड सीट से मौजूदा संसद सुमन राय के स्थान पार यदि सिंधिया की चली तो पूर्व मंत्री इमरती देवी को भी टिकट मिल सकता है। वे सिंधिया की कटटर समर्थक हैं और हाल ही में विधानसभा का चुनाव दूसरी बार हारीं है। इस सीट से हाल ही में विधानससभा का चुनाव हारे पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य को भी टिकट देने की सिफारिश की गयी है। पार्टी सूत्रों की मानें तो खंडवा से सुभाष कोठरी, ज्ञानेश्वर पाटिल, राजगढ़ से मोना सुस्तानी, बंटी बना, रोडमल नागर, अंशुल तिवारी, छिंदवाड़ा से नत्थन शाह कवरेती, डॉक्टर गगन कोल्हे, टीकमगढ़ः वीरेन्द्र कुमार, भारती आर्य, गोपाल राय, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी, गोपाल परमार, विजय अटवाल, राजेंद्र वर्मा और उज्जैन से अनिल फिरोजिया, चिंतामणि मालवीय को टिकिट देने की सिफारिश की गयी है। बालाघाट से डॉ ढालसिंह बिसेन, गौरीशंकर बिसेन, वैभव पवार, मंदसौर से सुधीर गुप्ता, पवन पाटीदार, नानालाल अटोलिया और रतलाम-झाबुआः गुमान सिंह डामोर, दिलीप कुमार मकवाना, रीवा से जनार्दन मिश्रा, गौरव तिवारी, पुष्पराज सिंह, सतना से राकेश मिश्रा, शंकरलाल तिवारी का नाम सुझाया गया है।

# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चचाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा। अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है।





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप भारतीय मतदाता संगठन इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चचाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।

अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है। अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थन वाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप ह्यभारतीय मतदाता संगठनह्ण इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। इस तरह के जन-आन्दोलन के साथ-साथ भारतीय संविधान में अनिवार्य मतदान के लिये कानूनी प्रावधान बनाये जाने की तीव्र अपेक्षा है। बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, ग्रीस, बोलिनिया और इटली जैसे देशों की भांति हमारे कानून में भी मतदान न करने वालों के लिये मामूली जुमार्ना निश्चित होना चाहिए। यदि भारत में मतदान अनिवार्य हो जाए तो चुनावी भ्रष्टाचार बहुत घट जाएगा। यह भी देखा गया है कि चुनावों में येन-केन-प्रकारेण जीतने के लिये ये ही राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदान को बाधित भी करते हैं और उससे भी मतदान का प्रतिशत घटता है। अधिकतम मतदान से इस तरह के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी, लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, वोट-बैंक की राजनीति थोड़ी पतली पड़ेगी। जिस दिन भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नागरिक वोट डालने लगेंगे, राजनीतिक जागरूकता इतनी बढ़ जाएगी कि राजनीति को सेवा की बजाय सुखों की सेज मानने वाले किसी तरह का दुस्साहस नहीं कर पायेंगे। राजनीति को सेवा या मिशन के रूप में लेने वाले ही जन-स्वीकार्य होंगे।

# देश में लागू होंगे 01ली जुलाई से तीन नये स्वदेशी कानून

अभी तक देश में 6 अक्तूबर, 1860 में कानून बनी और 01 जनवरी, 1962 को लागू किए गए भारतीय दंड संहिता, 1898 में लागू किए गए आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 18 मार्च, 1872 में लागू किए गए भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो अभी चल रही है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को 21 दिसंबर, 2023 को संसद की मंजूरी मिली थी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 25 दिसंबर, 2023 को इन तीनों कानून पर सहमति दी गई है। इन कानूनों में कई धाराएं और प्रावधान बदले गये हैं। भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) में 511 धाराएं हैं, अब भारतीय न्याय संहिता, 2023 में 356 धाराएं बची है, 175 धाराएं बदलीगई है, आठ नयी धाराएं जोड़ी गई है और 22 धाराएं खत्म कर दी गयी है। इसी तरह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (सीआरपीसी) में 533 धाराएं बची है, 160 धाराएं बदली गयी है, 9 नयी धाराएं जोड़ी गई है और नौ धाराएं खत्म की गयी है। देखा जाय तो पूर्व से चल रही भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की जगह अब भारतीय न्याय संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 01 ली जुलाई, 2024 से लागू हो जायेगा। ऐसी स्थिति में यह कहा जा सकता है कि अंग्रेजों का कानून खत्म हो कर स्वदेशी कानून चलेगा।





**जितेन्द्र कुमार सिन्ह**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

01 ली जुलाई, 2024 से लागू होगी तीन नये क्रीमिनल लॉ यथा- भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 । अभी तक देश में 6 अक्तूबर, 1860 में कानून बनी और 01 जनवरी, 1962 को लागू किए गए भारतीय दंड संहिता, 1898 में लागू किए गए आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 18 मार्च, 1872 में लागू किए गए भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो अभी चल रही है।

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को 21 दिसंबर, 2023 को संसद की मंजूरी मिली थी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 25 दिसंबर, 2023 को इन तीनों कानून पर सहमति दी गई है। इन कानूनों में कई धाराएं और प्रावधान बदले गये हैं। भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) में 511 धाराएं हैं, अब भारतीय न्याय संहिता, 2023 में 356 धाराएं बची है, 175 धाराएं बदलीगई है, आठ नयी धाराएं जोड़ी गई है और 22 धाराएं खत्म कर दी गयी है। इसी तरह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (सीआरपीसी) में 533 धाराएं बची है, 160 धाराएं बदली गयी है, 9 नयी धाराएं जोड़ी गई है और नौ धाराएं खत्म की गयी है।

देखा जाय तो पूर्व से चल रही भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की जगह अब भारतीय न्याय संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 01 ली जुलाई, 2024 से लागू हो जायेगा। ऐसी स्थिति में यह कहा जा सकता है कि अंग्रेजों का कानून खत्म हो कर स्वदेशी कानून चलेगा।

नये कानून लागू होने के बाद जो धाराएंअपराध की पहचान बन चुकी थी उनमें बदलाव हो गया है जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली आईपीसी की धारा 302 की जगह अब नई धारा 101 होगी। इसी प्रकार ठगी के लिए लगायी जाने वाली धारा- 420 अब नई धारा-316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगायी जाने वाली धारा-307 अब नई धारा-109 होगी। वहीं, दुष्कर्म के लिए लगायी जाने वाली धारा-376 अब नई धारा-63 होगी। नये कानून के प्रावधान सामने आते ही ट्रक चालकों ने धारा-106 (2) के प्रावधान का पुरजोर विरोध शुरू किया था। इस नये धारा में 10 साल की सजा और जुमार्ने का प्रावधान किया गया है, जो तेज गति से और लापरवाही से वाहन चला कर किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनते हैं और घटना के बारे में पुलिस को सूचना दिए बिना भाग जाते हैं।

देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नये कानून के तहत नाबालिग से रेप के दोषी को होगी उम्रकैद या फांसी, मॉब लिंचिंग में फांसी, गैंगरेप के दोषी को 20 साल की सजा या फिर जिंदा रहने तक जेल की सजा।

सशस्त्र विद्रोह करने और देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने भेजे जायेंगे जेल। किसी की गिरफ्तारी पर पुलिस को पहले जानकारी देनी होगी उसके परिवार को और अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम तीन साल में सुना देना होगा। वहीं हिंट एंड रन से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे।

# विकसित बिहार की परिभाषा हैं नीतीश कुमार

मुरली मनोहर श्रीवास्तव

कभी बिहार बिजली, पानी, सड़क, रोजगार के दंश को झेल रहा था। कभी बिहार आने के नाम से लोगों में भय व्याप्त हो जाता था। बिहार की पहचान नक्सलवाद, अपराध,लूट, अपहरण जैसे अनेक संगीन अपराध हुआ करती थी। उस कलंक को 2005 में सत्ता की कमान संभालते ही नीतीश कुमार ने मिटाने की ठानी और अपने दृढ़ इच्छाशक्ति से बिहार के दशा दिशा को बदलकर रख दी। पहले तो लगा की बिहार में ऐसा कुछ बदलाव देखने को नहीं मिलेगा, लेकिन नीतीश कुमार की सोच जब धरातल पर उतरी तो लोगों के अंदर भी इनके प्रति विश्वास जगी और आज की तारीख में बिहार किसी परिचय का मोहताज नहीं, बल्कि अपनी उपलब्धियों से एकबार फिर से चौंकाने में कामयाब हुआ। आजादी के बाद बीच के काललखंड में जहां बिहारी कहलाना शर्म की बात हो गई थी, वहीं आज की तारीख में बिहारी कहलाना पूरी दुनिया में गर्व का विषय बन चुका है।

बेटियों की पढ़ाई, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के उत्थान ने बिहार में गरीबी के पैरामीटर को कम किया। लोगों को पढ़ा लिखाकर सबका साथ सबका विकास को नीतीश कुमार ने पूरी तरह से सार्थक कर दिखाया।

जहां बिहार में सड़क, बिजली,पानी, नदी, सरोवर, आहर, पइन, तालाब और कुओं के अस्तित्व को पुनः कायम किया। इससे कृषि भी उन्नत हुई। इतना ही नहीं किसानों को खेती के लिए अलग फीडर से बिजली देना भी उनके प्रगति में मिल का पत्थर साबित हुआ।

धार्मिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक रुप से परिपूर्ण बिहार में नया बदलाव आया और अब बिहार पर्यटन की दृष्टि से भी काफी विकसित हो चुका है। हिंदू,मुस्लिम,जैन,बुद्ध एवं सिख धर्म के सभी धार्मिक स्थलों को विकसित कर उसे पर्यटन के मानचित्र पर नीतीश कुमार ने स्थापित किया।

बिहार में पंचायती राज संस्थाओं में 50 फीसदी आरक्षण देकर नव प्रयोग किया जिससे महिला और पुरुष साथ-साथ मिलकर कदमताल कर रहे हैं। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए नीतीश कुमार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए हैं, जिससे महिलाओं का निरंतर विकास हो रहा है। जीविका समूह से अब तक 1 करोड़ 30 लाख परिवार जुड़ चुके हैं, जिससे सभी लोगों का परिवार चल रहा है और उनके बच्चे अच्छी तालीम भी ले रहे हैं।

महात्मा गांधी के सात सामाजिक पाप को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री ने सूबे में नशाबंदी को लागू किया, दहेज प्रथा और कम उम्र में होने वाली शादियों का बहिष्कार तक करवाया। इससे बहुत बड़ा सामाजिक परिवर्तन आया। अब हर कोई अपनी जिम्मेदारियों को बाखूबी समझने लगा है। आपको याद होगा कि गया जी में जो भी पिंडदान करने के लिए आते थे उन्हें जल की समस्या से जुझना पड़ता था। उस समस्या को गंभीरता से समझते हुए नीतीश कुमार गयाजी डैम का निर्माण कराया। गंगा के पानी को राजगीर तक पहुंचाया इससे पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिली। इसके अलावे वर्षा के पानी को संग्रहित करने के लिए भंडारण की जगह-जगह व्यवस्था जैसे अनेक कार्य कर नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में अपनी महती भूमिका निभायी है।

बिहार की गरिमा को पुनः स्थापित करने के लिए तथा यहां के युवाओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए कही जाने की जरुरत न हो इसके लिए बिहार के सभी जिलों में एक मेडिकल और एक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना किया जाना नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है। इसके अलावे हर क्षेत्र में अलग-अलग विश्वविद्यालयों की स्थापना, नालंदा विवि जैसे अनेक कृति को स्थापित किया जाना आपकी बिहार की आगे की पीढी के प्रति उत्कृष्ट सोच को दशार्ता है।

नीतीश कुमार के बारे में जितनी बातें की जाएं वो कम पड़ जाएंगी। नीतीश कुमार ने राजनीति को भी सेवा की तरह लिया और बिहार की जनता ने जो प्यार और स्नेह दिया उसको उन्होंने उसी श्रद्धा के साथ पूरा कर दिखाया। जिस बिहार ने आज के वर्तमान परिवेश में कदम रखा है उसकी परिकल्पना नीतीश कुमार ने वर्षों पहले कर ली थी, जो आज साकार रुप में बिहार में दिख रहा है। नीतीश कुमार और विकास एक सिक्के के दो पहलू कहे जा सकते हैं, जिन्होंने बिहार के विकास के लिए खुद को न्योक्षावर कर दिया। नीतीश कुमार ने यह भी साबित कर दिखाया कि न्याय के साथ विकास कैसे होता है और ईमानदारीपूर्वक कैसे किसी ड्राई प्रदेश को हराभरा बनाया जा सकता है। हमे अपने बिहार और आपकी परिकल्पना पर नाज है।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवार परामर्श केंद्र ने कराया चार परिवारों में समझौता

अमरोहा। परिवार परामर्श केंद्र ने काउंसलिंग के बाद चार परिवारों को बिखरने से बचा लिया। गिले-शिकवे भुलाकर दंपति साथ रहने के लिए राजी हो गए। एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में केंद्र प्रभारी शालिनी शर्मा ने कांस्टेबल सिमरन पंवार, पायल चौहान व सीमा शर्मा के सहयोग से गुरुवार को दंपति के बीच मारपीट, गाली-गलौज व अन्य छिटपुट विवादों से संबंधित चार शिकायती पत्रों पर सुनवाई की। दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठकार बातचीत कराई। मनमुटाव और गलतफहमियां दूर होने पर पति-पत्न ी साथ रहने को राजी हो गए। समझौता होने पर केंद्र से विवाहिताओं को उनके पति के साथ राजी खुशी ससुराल रवाना किया गया।

### यूपी बोर्ड परीक्षा में 1534 परिक्षार्थी रहे अनुपस्थित

अमरोहा। यूपी बोर्ड हाईस्कूल विज्ञान व इंटरमीडिएट लेखाशास्त्र प्रश्नपत्र की परीक्षा गुरुवार को जिले के 79 केंद्रों पर हुई। दोनों परीक्षाओं में 27269 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 1534 नदारद रहे। जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट स्तर से विशेष सतर्कता बरती गई। सचलदल ने भी परीक्षा केंद्रों का दौरा किया।गुरुवार को पहली पाली में हाईस्कूल विज्ञान प्रश्नपत्र की परीक्षा हुई।परीक्षा में 28421 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 26913 परीक्षा दी जबकि 1508 नदारद रहे। वहीं पहली पाली में इंटरमीडिएट लेखाशास्त्र प्रश्नपत्र की परीक्षा भी हुई। इसमें पंजीकृत 382 में से 356 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 26 गैर हाजिर रहे। परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। परीक्षा के दौरान भी चेकिंग की गई। जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट स्तर से विशेष सतर्कता बरती गई। सभी सचल दल भी अलर्ट रहे। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षा का जायजा लेते हुए बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होती मिली है।

### सपा विधायक मनोज कुमार पांडेय अयोध्या जाएंगे

समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक मनोज कुमार पांडेय ने कहा है कि वह परिवार के साथ बृहस्पतिवार को अयोध्या जाएंगे और रामलला के दर्शन करेंगे। पांडेय ने बताया, ह्लयह गर्व का विषय है कि मैं अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या जा रहा हूं। मैं पहले भी वहां गया था और मैंने भगवान राम के दर्शन किये थे। रायबरेली के ऊंचाहार से सपा विधायक पांडेय ने 27 फरवरी को पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया था और राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। उन्होंने कहा, ह्लमैं लोगों की भलाई के लिए प्रार्थना करूंगा। लोग इस सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों जैसे मुफ्त राशन आदि से खुश हैं। कई पीढ़ियों के बलिदान के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर बना है। मुझे खुशी है कि मैं वहां जा रहा हूं।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

उत्तर प्रदेश के गोंडा में बुधवार रात एक सड़क दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) विनय कुमार सिंह ने बताया कि बिंदेश यादव (29), अनुपम पाठक (28) और सूरज पाठक कार से बीती रात लखनऊ से गोंडा आ रहे थे। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत हारीपुर कस्बे के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि कार में आग गई। हादसे में कार सवार अनुपम और बिंदेश की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सूरज को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर किया गया है। सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जन्मदिन समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। वीडियो में एक शख्स जन्मदिन समारोह में फायरिंग करते हुए दिखा। सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक संग्राम सिंह ने बताया कि वीडियो की जांच करने पर पता चला कि यह मंडावर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव का है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहिउद्दीनपुर निवासी प्रवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसके पास से अवैध तमंचा बरामद किया गया है।

# जल्द ही तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा यूपी : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। हमने कानून व्यवस्था में व्यापक रिफॉर्म के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में यह बात कही। इस दौरान सीएम योगी ने विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित हैं। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष 1944 में प्रदेश में इस विभाग का गठन किया गया। वर्ष 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये, जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज हम प्रदेश में तेजी के साथ तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। उन्होंने कहा कि हमने कानून व्यवस्था में व्यापक रिफॉर्म के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। साथ ही उनके आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम आगे बढ़ाए गए हैं। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में आज अग्निशमन विभाग प्रदेश की इमरजेंसी सेवाओं में बेहतरीन सेवा प्रदान करने के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है। हमने विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले सात वर्षों में विभाग के आधुनिकीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। साथ ही समयबद्ध तरीके से विभाग में अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके परिणाम सभी के सामने हैं। पहले अक्सर एनओसी को लेकर उद्यमी शिकायतें करते थे। हमने उसमें कई बदलाव कर उसे सरल किया। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि फायर टेंडर के रिस्पांस टाइम को कम से कम करने पर जोर होना चाहिये, ताकि जन-धन की हानि को कम से कम किया जा सके। पिछले कुछ वर्षों में इसमें काफी सुधार भी हुआ है। यही वजह है कि 33 हजार से अधिक अग्नि दुर्घटनाओं में 3,780 जनहानि को रोका गया। साथ ही 5000 से अधिक पशुओं के साथ ही 150 करोड़ रुपये की संपत्ति को नष्ट होने से बचाया गया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विभाग तेज लू के दौरान फसलों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए सदैव खड़ा रहता है। इसे ही ध्यान में रखते हुए हमने आपात सेवाओं का उच्चीकरण करने का कार्य किया है। इस दिशा में न केवल अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकरण बल्कि प्रदेश में एसडीआरएफ के गठन की कार्रवाई को भी पूरा किया गया है। आज एसडीआरएफ की छह कंपनियां काम कर रही हैं। साथ ही साथ प्रदेश के अंदर स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन करते हुए महत्वपूर्ण इमारतों और संस्थाओं की सुरक्षा के दायित्व को पूरा किया है। इन प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेशवासियों, निवेशकों और टूरिस्ट के विश्वास को और मजबूत करना है। इसी के तहत पहले चरण में जनपद स्तर और दूसरे चरण में तहसील स्तर पर एक से डेढ़ वर्ष में फायर स्टेशन स्थापित हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विभाग रिस्पांस टाइम को कम करता है, तो कॉमन मैन के मन में विभाग और शासन के प्रति विश्वास मजबूत होगा। उसके लिए सहायता को पहुंचाना हमारा दायित्व है। हमें स्कूल और कॉलेज में बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए, उनकी काउंसिलिंग को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि सामान्य दिनों में केवल विभाग के भरोसे ही रहकर नहीं, बल्कि घटना घटित होते ही बचाव शुरू हो, यह महत्वपूर्ण है। सीएम ने कहा, बचाव के लिए हम लोगों को पहले से ही तैयार करें।

## सीबीआई के समन पर आज नहीं जाएंगे अखिलेश यादव, अवैध खनन मामले में होनी है गवाही

**लखनऊ, एजेंसी**



समाजवादी पार्टी (सपा) प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि अवैध खनन मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गवाही के लिए भेजे गए समन पर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव आज दिल्ली नहीं जाएंगे। पार्टी प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, वह (अखिलेश यादव) कहीं नहीं जा रहे हैं। वह लखनऊ में एक बैठक में भाग लेंगे। यादव को सीबीआई द्वारा जारी नोटिस पर उन्होंने कहा, मुझे इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं है, लेकिन यह तय है कि वह आज दिल्ली नहीं जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव का यहां पार्टी कार्यालय में पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग) की बैठक में शामिल होने का कार्यक्रम है और अब तक उनकी कहीं भी जाने की कोई योजना नहीं है। समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने मीडिया से कहा, ह्लह्लअखिलेश जी आज पार्टी कार्यालय में पीडीए की बैठक में शामिल होंगे। बताते चलें कि सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के कथित उल्लंघन के जरिए खनन पट्टी जारी करने से जुड़े एक मामले में आज तलब किया है। उन पर आरोप है कि जब वह मुख्यमंत्री थे तो उनके कार्यकाल में अधिकारियों ने 2012-16 के दौरान अवैध खनन की अनुमति दी थी और खनन पर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण द्वारा प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस नवीनीकृत किए गए। अधिकारियों ने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 160 के तहत जारी नोटिस में सीबीआई ने अखिलेश को 29 फरवरी को उसके सामने पेश होने को कहा है। इस मामले में उन्हें बतौर गवाह पेश होने का समन दिया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार राशन डीलर की मौत

**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। बाईपास पर अमरोहा अड्डे के नजदीक टैंकर ने आगे चल रही बाइक को रौंद दिया। बाइक सवार राशन डीलर की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद आरोपी चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया।रहरा थाना क्षेत्र के गांव मदारीपुर निवासी आस मोहम्मद पुत्र रशीद अहमद गुरुवार दोपहर किसी काम से शहर आ रहे थे। जैसे ही वह बाईपास पर अमरोहा अड्डे के नजदीक चौराहे पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे दूध के खाली टैंकर ने उनकी बाइक को रौंद दिया। 45 वर्षीय आस मोहम्मद की मौके पर मौत हो गई। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आस मोहम्मद के परिवार में एक बेटी व दो बेटे हैं। वह लंबे समय से गांव के राशन डीलर थे। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के बेटे की तहरीर पर टैंकर के अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि दो माह बाद आस मोहम्मद के बेटे की शादी होनी है।

## चन्दनपुर चीनी मिल ने 15 फरवरी तक किया 25167.17 लाख रुपए का गन्ना भुगतान

### चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति करने से किसानों का बेसिक कोटा बना रहेगा: आमोद कुमार

**प्रात: किरण संवाददाता, मनोज कुमार**



हसनपुर।चीनी मिल चन्दनपुर कृषक भाईयों के गन्ने का भुगतान करने में पूरे उत्तर प्रदेश में हमेशा से सबसे आगे रही है और समय से ही भुगतान करती रही है। इसी क्रम में चीनी मिल के उपाध्यक्ष श्री आमोद कुमार शर्मा जी से हुई वार्ता के क्रम में बताया गया कि चीनी मिल द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में दिनांक 19 फरवरी तक का समस्त गन्ना मूल्य भुगतान 25167.17 लाख रुपए कृषकों के खाते में भेज दिये हैं जो सरकार द्वारा घोषित राज्य परामर्श मूल्य पर किया गया है। श्री शर्मा जी ने बताया कि हमारे द्वारा इसी प्रकार जल्द से जल्द भुगतान किया जाता रहेगा और कृषक भाईयों से निवेदन किया कि आप सभी अपना गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करें। कच्चे लालच में आकर अपना गन्ना इधर-उधर औने-पौने दामों में नहीं डाले। क्योंकि चीनी मिल गन्ना आपूर्ति करने से आपका बेसिक कोटा बना रहेगा और आगामी पेराई सत्र में पर्चियों की परेशानी नहीं होगी। अधिक गन्ना पर्ची प्राप्त करने के लिये बेसिक कोटा मजबूत होना बहुत आवश्यक है और आपके गन्ने की एक-एक पोरी लेकर ही चीनी मिल बन्द होगी।अतः चीनी मिल को साफ स्वच्छ ताजा गन्ना जड़ पत्ती अगोला रहित गन्ना चीनी मिल में आपूर्ति करें क्योंकि आप अच्छा गन्ना आपूर्ति करते रहेंगे तो चीनी मिल को अच्छा चीनी परता प्राप्त होगा और इससे आपको समय से भुगतान मिलता रहेगा जो आपके आर्थिक उत्थान में सहयोग करेगा।चीनी मिल के उपाध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि किसानो द्वारा गन्ने को डूंडा जा रहा है जो किसी भी सूरत में उचित नहीं है क्योंकि इससे किसान को वजन के रूप में एवं चीनी मिल को चीनी परता के रूप में हानि होती है, इसलिये गन्ना न डूंडे और न ही चट्टा लगाकर रखें। साथ ही साथ यह अपील की कि किसान भी गन्ना प्रजाति 0238 में रेडरॉट जैसी भयंकर बीमारी से ग्रसित हो जाने के कारण गन्ना प्रजाति का बदलाव अत्यन्त आवश्यक है जिसके लिये बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में अन्य अच्छी प्रजाति को 0118, को 98014, को 15023 कोजा 85 एवं कोजा 88 प्रजाति की गन्ना बुवाई करें साथ ही लाही, मूंग, मटर, आलू की सहफसल उगायें और दोहरा लाभ कमायें।

## समूह से जुड़ी दीदीयों के साथ संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**प्रात: किरण संवाददाता**

हसनपुर। विकासखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित समूह से जुड़ी समूह की दीदीयों को लखपति बनाने के लिए उनके साथ संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक महोदय विकासखंड गजरौला के वीडियो नीरज गर्ग एवं एडीओ आईएसबी सलीम अहमद पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन विभाग से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक महेंद्र खड़कवंशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में समूह सखी, बी सी सखी, विद्युत सखी, बैंक सखी, मनरेगा महिला मेट, उत्कर्ष कार्य करने वाली दीदियां एवं अन्य समूह की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में लखपति बन चूकी एवं अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली समूह की दीदीयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एव मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न विभागो से संचालित योजनाओं से समूह की दीदीयों को जोड़कर कम खर्चे पर अधिक से अधिक आय तक लखपति बनने हेतु प्रेरित किया। ब्लाक प्रमुख श्रीमती ममता गुर्जर ने भी महिलाओ को उत्साहित करते हुए सशक्त एवं आत्म निर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही पशुपालन विभाग एवं दुग्ध विभाग के अधिकारियो द्वारा पशुपालन के विषय में जानकारी साझा की गयी। कक्ति वंदन का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता से जुड़ी समूह की महिलाओं को मेहनत और लगन के बल पर विशिष्ट कार्य कर रही हैं। उनको सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना है।

## भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति पदाधिकारियों ने किया प्रर्दशन

**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति पदाधिकारियों ने अपनी 29 सूत्रीय मांगों को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।संगठन जिलाध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में संगठन कार्यकताओं ने गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद करने, एमएसपा पर गारंटी कानून लाने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसान व मजदूरों का कर्ज माफ करने, मनरेगा में हर साल 200 दिन का काम व 700 रुपये दिहाड़ी दिलाने, नकली बीज,कीटनाशक दवा व खाद बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने, छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने, लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने समेत किसानों से जुड़ी अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए समाधान कराने की मांग की गई। इस दौरान वजाहत हुसैन, राजपाल चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, शमीम अहमद, डॉ. असद चौधरी, इमरान अली, कादिर अली, मुशाहिद अली, उस्मान चौधरी, सलीम अहमद,ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका स्योहारा में हुई सफाई संसाधनों में बढ़ोतरी



**प्रात: किरण संवाददाता**

स्योहारा। चेयरमैन फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल की अगुवाई में नगर पालिका द्वारा शहर को साफ और क्लीन रखने के उद्देश्य से सफाई संसाधनों में बढ़ोतरी कराई जिसके तहत नई मेट्रो रिक्शा मंगाई गई हैं जिनको हरी झंडी दिखाते हुए चेयरमैन फैसल वारसी ने बताया कि आज आई इन नई ई रिक्शाओ द्वारा शहर की उन छोटी गलियों से कूड़ा आदि आसानी से उठाया जा सकेगा जहां ट्रेक्टर ट्राली नही जा पाती।उन्होंने आगे कहा कि ग्रीन स्योहारा क्लीन स्योहारा मिशन उनका पहला मकसद है जिसके लिए तमाम तरह की योजनाएं शुरू हो गई हैं तो बहुत सारी खास योजनाएं लांच होने वाली हैं जिसके बाद हमारा शहर सबसे क्लीन और सबसे ग्रीन दिखेगा लेकिन इसके लिए सिर्फ नगर पालिका अकेले कामयाब नही हो सकती इसके लिए हर शहर वासी को अपनी भूमिका पूरी करते हुए सफाई व्यवस्था में अपना पूरा सहयोग देना होगा।

## पत्रकार हैदर जैदी दिल्ली में नेशनल अवार्ड से सम्मानित

### फिल्म अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने किया डी डी न्यूज के एंकर को सम्मानित

**प्रात: किरण संवाददाता**



स्योहारा। नगर के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ पत्रकार आरिफ हसन जैदी के होनहार पुत्र हैदर हसन जैदी ने अपनी काबिलियत के चलते तीसरी बार देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अवार्ड पाकर न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया बल्कि सम्पूर्ण नगर का नाम रोशन करने के साथ साथ अपने गुरूजनों व अन्यजनों का नाम भी रोशन किया है कार्यक्रम का आयोजन शनिवार देर शाम दिल्ली के इंडस्ट्रीयल एरिया उद्योग नगर के इफोरिया बैंकट्स में आयोजित किया गया जिसमें ग्लेम इंडिया इवेंट की ओर से आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि फिल्मी दुनिया की मशहूर अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने दूरदर्शन के एंकर हैदर जैदी को बेस्ट न्यूज एंकर का अवार्ड देकर सम्मानित किया इससे उत्साहित श्री जैदी के शुभ चिंतकों में खुशी की लहर दौड़ पडी और वह उन्हें सप्रेम हार्दिक बधाईयाँ भेंट कर रहे है। दूसरी ओर उनके पिता आरिफ जैदी के परिचितों द्वारा भी उनको ढेर सारी शुभकामनाएँ मिल रही है इस मौके पर दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार एवं वर्किंग जर्नलिस्ट्स आफ इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर दिल्ली नादिर त्यागी ,सामाजिक संस्था सवेरा एजुकेशनल एंड वैलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर मौलाना ऐजाजुल हसन, कोषाध्यक्ष आरती जुनेजा व अनिल जुनेजा, दिल्ली एम्स में कार्यरत शमीम अहमद, कुरैशी फाउन्डेशन के अध्यक्ष मौहम्मद जुबैर हसीन व उनके प्रिय मित्र नजमुद्दीन अंसारी राशन डीलर आदि ने भी हैदर जैदी को मुबारकबाद पेश कर तमाम दुआओं से नवाजते हुए उनका मनोबल बढ़ाया श्री जैदी ने भी सभी का ससम्मान दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से सभासद पुत्र गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रेफर

**प्रात: किरण संवाददाता**

स्योहारा। ट्रैक्टर की टक्कर से वार्ड 6 के सभासद युसूफ अली का पुत्र बुरी तरह जख्मी हो गया। डॉक्टरो ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात उस्मान अली खां चौक पर उस समय चीख पुकार मच गई जब एक बेकाबू ट्रेक्टर ट्राली ने बीच सड़क पर तांडव मचा दिया। और वहां खड़ी हुए भीड़ को रोंद दिया।यहां उस्मान अली खां चौक पर लोगो इर्द गिर्द खड़े थे तभी धामपुर की दिशा से एक तेज गति से ट्रेक्टर चालक आ रहा था और लापरवाही से ट्रेक्टर बेकाबू हो गया और ट्रेक्टर ने पहले तो सड़क किनारे खड़े लड़को को अपना निशाना बनाया जिसमे उमेर (23) पुत्र यूसुफ सभासद निवासी इस्लाम नगर को बुरी तरह से जख्मी करता हुआ ट्रेक्टर ने सड़क किनारे खड़ी एक कार संख्या डी एल 1 सीवी 2022 को पीछे से टक्कर मार दी और उसे दूर तक घसीट कर ले गया।जिसमे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई पर गनीमत रही कि कार में बैठे लोगो को चोट नही आई। लेकिन गम्भीर घायल उमेर को मुरादाबाद भर्ती कराया गया है। जबकि कार स्वामी मुबस्सिर अहमद पुत्र मुनीर अहमद निवासी मुस्लिम चौधरियांन ने पुलिस को सौंपी तहरीर में आरोपी ट्रेक्टर चालक जुनेद पुत्र रईस के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की।

## मोदी का कृष्ण प्रेम एक दिखावा, श्री कृष्ण की द्वारका के दर्शन किए, कृष्ण की पटरानी की दुर्दशा पर चुप्पी

**मथुरा, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने गृहराज्य गुजरात के दौरे पर द्वारका पहुंचे जहा गहरे पानी में उतरकर प्राचीन द्वारका के दर्शन करने उतरे, साथ में भगवान कृष्ण का प्रिय मोर पंख लेकर गहरे पानी में कृष्ण की आराधना कर लोगों को अपनी कृष्ण भक्ति का मजमा दिखा कर वोट बैंक की तिजोरी में कुछ और वोट जोड़ने की भरपूर कोशिश की। जिस द्वारका को बसाने वाले श्री कृष्ण की जन्म स्थली में उनकी पटरानी यमुना की दुर्दशा उनके गृहराज्य गुजरात सहित तमाम कृष्ण भक्तो से छुपी नहीं है। अगर नरेंद्र मोदी द्वारा हृदय से एकचित्त होकर द्वारका मैं दर्शन किए होते तो स्वम द्वारकाधीश मोदी को यमुना की करुण पुकार सुना देते। मोदी के गृहराज्य गुजरात में लाखों यमुना भक्त यमुना की करुण पुकार सुन कर अपने आप से एक ही सवाल पूछने पर मजबूर हैं। क्यू आज तक एक बार मोदी को मथुरा मै यमुना की दुर्दशा के बारे मे सही स्थिति से अवगत नही कराया । मोदी बड़े बड़े मंच से मोदी की गारंटी का लंबा भाषण देते हैं। मथुरा के यमुना भक्त मोदी से पूछना चाहते है यमुना मैया को दी गई गारंटी का क्या हुआ। मोदी की कृपा पर जीत हासिल करने वाली हेमा मालिनी ने यमुना के लिए क्या कार्य कराए। यमुना की अगर दुर्दशा का वर्तमान में कोई दोषी है तो वह मोदी ही है। मथुरा की जनता ने मोदी के नाम पर वोट दिया और यमुना सहित ब्रज के विकास की गारंटी भी मोदी की जिम्मेदारी बनती है। मथुरा के यमुना भक्तो द्वारा अनेकों बार यमुना के लिए आवाज बुलंद की किंतु मथुरा के लालची नेताओ द्वारा अधिकारियों से साठगांठ कर यमुना भक्तो की आवाज को दवा दिया। बीते 19 फरवरी को यमुना भक्तो द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा किंतु अपनी हठधर्मिता और राजनैतिक दबाव के चलते यमुना भक्तो की आवाज को अनसुना कर दिया। मथुरा के यमुना भक्त अबकी बार आरपार के मूढ़ में हैं यमुना की पुकार को हाथधर्मियो द्वारा नही सुना गया तो मथुरा से बढ़ा आंदोलन खड़ा कर देश के सभी यमुना भक्तों को एकत्रित कर प्रधानमंत्री कार्यालय पर यमुना के लिए बलिदान भी दिया जाएगा। यमुना में निरंतर गंदे नालों को डालकर यमुना भक्तो की आस्था पर कुठाराघात किया जा रहा है। यमुनाभक्त इस कृत्य के लिए मोदी सरकार के इस कृत्य को अब और सहन नहीं कर सकती। उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया संत होने के नाते भी यमुना पर अपनी जवान को बंद कर बैठे हुए हैं ये सनातन धर्म संस्कृति का घोर अपमान के बराबर है। एक संत द्वारा यमुना की अनदेखी संत के रूप को शर्मसार करने वाली है। मथुरा में व्रज तीर्थ विकास ट्रस्ट बनाकर खुद उसके मुखिया बन तीर्थ की महत्ता को कमतर करने का पाप भी प्रदेश के मुखिया के नाम और भेष को कलंकित करता है। इसके लिए ज़िम्मेदार मथुरा का चाटुकार नेता और हठधर्मी अधिकारी ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है। योगी आदित्यनाथ को तत्काल प्रभाव से यमुना भक्तो की आवाज को सुनकर उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

## गन्ना विभाग किसानों को नई प्रजातियों का बीज मुहैया कराएगा

**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। जिले में किसान गन्ने की बसंतकालीन बुआई की तैयारी में जुटे हैं। खाद-बीज का बंदोबस्त किया जा रहा है। मार्च से अप्रैल माह तक बुआई कार्य चलेगा। कुल 20 हजार हेक्टर क्षेत्रफल पर बसंतकालीन गन्ने की बुआई की जाएगी। गन्ना विभाग किसानों को नई प्रजातियों का बीज मुहैया कराएगा। इसको लेकर कंट्रोल रूम भी शुरू कर दिया गया है।जिले में 89 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर गन्ने की खेती की जाती है। गन्ना जिले की प्रमुख फसलों में से एक है। एक लाख से अधिक किसान गन्ने की खेती पर निर्भर हैं। जिले में संचालित तीन समेत आसपास जिलों की 10 शुगर मिलों को किसान गन्ने की आपूर्ति करते हैं। इस बीच भले ही गन्ने का पेमेंट मिलों से समय पर नहीं मिल रहा हो लेकिन किसानों का रुझान इस ओर कम नहीं हो रहा है। वहीं इस बार गन्ने की 238 प्रजाति में बीमारी के चलते उत्पादन में भारी गिरावट आई है। विशेषज्ञों ने किसानों को सुझाव दिया है कि वह 0238 प्रजाति के गन्ने की बुआई न करें। यह प्रजाति रेड रॉट बीमारी आ जाने के कारण फेल हो गई है। इसके स्थान पर कई अन्य विकसित प्रजातियां मौजूद हैं। नई प्रजातियों से गन्ने की बुआई करें। डीसीओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बसंतकालीन बुआई में गन्ना पर्यवेक्षक गांवों में जाकर किसानों को गन्ना प्रजाति सीओ 0238 को लेकर जागरूक करेंगे। इसके विकल्प में अन्य नवीनतम प्रजातियां सीओएस 13235, सीओएलके 14201, सीओ 15023, 0118, 98014 की प्लांटिंग किसान कराएं। बताया कि गन्ने की सहफसली खेती के प्रति किसानों को जागरूक किया जा रहा है। किसानों की समस्याओं का समाधान करने और उन्हें गन्ने की नवीन प्रजातियों का बीज मुहैया कराने को कंट्रोल रूम भी चालू किया गया है। बसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए जिले में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है।

## मथुरा के शाही ईदगाह मामले में अगली सुनवाई 13 मार्च को

**प्रयागराज, एजेंसी**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में शाही ईदगाह प्रबंध समिति की वकील ने बृहस्पतिवार को दलील दी कि मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के बगल में बनी मस्जिद को ह्लहटानेह्व का आग्रह करने वाले वाद पर सुनवाई नहीं हो सकती है, क्योंकि परिसीमा कानून के तहत यह वाद निर्धारित समयसीमा में दायर नहीं किया गया है। परिसीमा अधिनियम कानूनी उपाय खोजने के लिए एक विशिष्ट समय अवधि निर्धारित करता है। मुस्लिम पक्ष की ओर से पेश हुईं तसलीमा अजीज अहमदी ने दलील दी कि दोनों पक्षों के बीच 12 अक्टूबर 1968 को एक समझौता हुआ था जिसकी पुष्टि 1974 में एक दीवानी वाद में कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि एक समझौते को चुनौती देने की समय सीमा तीन वर्ष है, लेकिन वाद 2020 में दायर किया गया, लिहाजा मौजूदा वाद पर परिसीमा कानून के तहत सुनवाई नहीं हो सकती है। उच्च न्यायालय को बताया गया कि यह वाद शाही ईदगाह मस्जिद के ढांचे को हटाने के बाद कब्जा लेने और मंदिर बहाल करने के लिए दायर किया गया है। अहमदी ने कहा कि वाद में की गई प्रार्थना दशार्ती है कि वहां मस्जिद का ढांचा मौजूद है और उसका कब्जा प्रबंधन समिति के पास है। उन्होंने कहा, ह्लइस प्रकार से वक्फ की संपत्ति पर एक सवाल/विवाद खड़ा किया गया है, लिहाजा इसपर वक्फ अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे और ऐसे में वक्फ न्यायाधिकरण को मामले की सुनवाई का अधिकार है, न कि दीवानी अदालत को।



# साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म में नजर आएंगे रजनीकांत!

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत जल्द ही फिल्म वेट्टैयन में नजर आने वाले हैं। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इसके अलावा अब अभिनेता के एक और फिल्म से जुड़ने की खबर सामने आ रही है। रजनीकांत जल्द ही साजिद नाडियाडवाला के साथ किसी फिल्म में काम करते हुए नजर आएंगे। फिल्म निर्माता और निर्देशक साजिद नाडियाडवाला ने हाल ही में सुपरस्टार के साथ काम करने के संकेत दिए हैं।

## रजनीकांत के साथ साजिद ने साझा की तस्वीर

साजिद नाडियाडवाला ने हाल ही में एक्स पर रजनीकांत के साथ एक फिल्म साझा की है। साजिद ने तस्वीर साझा कर लिखा, महान रजनीकांत सर के साथ सहयोग करना एक सच्चा सम्मान है, जैसे-जैसे हम अपनी इस यात्रा पर आगे निकलने की तैयारी कर रहे हैं, उत्सुकता बढ़ती जा रही है। इसके अलावा उनकी टीम ने अपने एक बयान में कहा, यह प्रतिष्ठित सुपरस्टार रजनीकांत के साथ एक बड़ा सहयोग है। इन दोनों दिग्गजों के एक साथ आने की संभावना और उत्सुकता जा रही है। फैंस साजिद के पोस्ट पर कमेंट कर दोनों को उनके सहयोग और आने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए बधाई दे रहे हैं। साथ ही इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि निर्देशक की अगली फिल्म में रजनीकांत अभिनय करते हुए नजर आएंगे।



# बॉलीवुड में जलवा बिखेरने को तैयार हैं प्रज्ञा जायसवाल

**अक्षय कुमार और प्रज्ञा जायसवाल स्टारर यह फिल्म मशहूर इटालियन फिल्म परफेक्टी स्कोनोसियुटी की रीमेक है। सूत्रों की मानें तो यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी।**

साउथ सुपर स्टार प्रज्ञा जायसवाल इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। प्रज्ञा तमिल और तेलुगु में कई फिल्में कर चुकी हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्रज्ञा को एक बहुत बड़ी बॉलीवुड फिल्म के लिए साइन किया गया है। इस फिल्म से पहले वे सलमान खान की फिल्म अंतिम में एक कैमियो करती नजर आई थीं। प्रज्ञा अपने इस नए प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। उनकी यह फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वे आगामी फिल्म खेल खेल में की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। इस फिल्म में उनके अलावा तापसी पन्नू भी नजर आने वाली हैं। दर्शकों में अभी से ही अक्षय कुमार की इस फिल्म के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सूत्रों की मानें तो अक्षय की इस फिल्म में साउथ की मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल भी शामिल हो गई हैं। इस खबर ने प्रज्ञा के फैंस के उत्साह को काफी बढ़ा दिया है।

# लकी भास्कर को लेकर सुपरएक्साइटेड हैं बिग बॉस 17 फेम आयशा खान

रियलिटी शो बिग बॉस 17 में मुनव्वर फारूकी पर अपने रिश्ते को लेकर तमाम आरोप लगा चुकीं आयशा खान एक बार फिर से चर्चा में हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, आयशा बहुत जल्द मलयालम स्टार दुलकर सलमान के साथ उनकी फिल्म में नजर आनेवाली हैं। बताया गया है कि इस फिल्म का नाम लकी भास्कर है जिसमें दुलकर के साथ दिखेंगी आयशा खान। ये तेलुगू फिल्म है और अपनी इस फिल्म को लेकर आयशा बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी इस फिल्म को लेकर बातें करते हुए आयशा ने कहा, मुझे अपने साउथ इंडियन फैन्स से जो प्यार मिला है वो जबरदस्त है और ये कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी। मैं हमेशा खुद को बेहतर करने के लिए खुद को प्रेरित करती हूं और इस मामले में दुलकर सलमान से बेहतर और कौन हो सकता है। दुलकर ऐसे शख्स हैं जिनकी कला की मैंने हमेशा प्रशंसा की है। उन्होंने आगे कहा, मैं फिल्म में अपने स्पेशल अपीयरेंस को लेकर काफी एक्साइटेड हूं। वेंकी सर के निर्देशन में परफॉर्म करना और इतनी शानदार टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। आयशा बिग बॉस 17 के दौरान तब काफी चर्चा में रहीं जब मुनव्वर ने उन्हें नॉमिनेट किया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुनव्वर के खिलाफ ऐसे-ऐसे आरोप लगाए कि घरवाले और दर्शक भी दंग रह गए थे। आयशा ने अपने आरोपों में कहा कि मुनव्वर ने अपनी एक्स वाइफ को धोखा दिया था। उन्होंने कहा था कि मुनव्वर एक साथ एक टाइम पर कई लड़कियों के साथ रिलेशनशिप रखने वाले शख्स हैं।



# अदा शर्मा ने अपने बयान से पलटी मारी, बोलीं, 'इंदिरा ही नहीं 'बस्तर' के सारे कलाकार हीरो-हीरोइन'

फिल्म द केरल स्टोरी के बाद इन दिनों अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी फिल्म बस्तर- द नक्सल स्टोरी को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह छत्तीसगढ़ में तैनात पुलिस महानिरीक्षक की भूमिका निभा रही है। अदा शर्मा कहती हैं कि पहले मैं द केरल स्टोरी को अपने करियर की सबसे कठिन फिल्म मानती थी लेकिन अब फिल्म बस्तर- द नक्सल स्टोरी उससे भी कठिन फिल्म मालूम होती है। अदा शर्मा इस फिल्म के सभी कलाकारों और तकनीशियनों को फिल्म का हीरो मानती हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्नातक इंदिरा तिवारी फिल्म बस्तर- द नक्सल स्टोरी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में अदा ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में इंदिरा को फिल्म बस्तर की असल हीरोइन बताया और इसके लिए इंदिरा तिवारी ने खुलकर अदा शर्मा का न सिर्फ शुक्रिया जताया बल्कि, उनकी इस दरियादिली की तारीफ भी की। अदा शर्मा कहती हैं, फिल्म 'बस्तर' का हर किरदार हीरो है। फिर चाहे वह किसी एक सीन में ही क्यों न हो। ऐसा इसलिए क्योंकि फिल्म फिल्म में सबके किरदार बहुत ही मजबूत हैं। अगर इस कहानी में एक भी किरदार मजबूत नहीं होता तो यह फिल्म नहीं बनती। निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन की पिछली फिल्म 'द केरल स्टोरी' बीते साल की सबसे कामयाब फिल्मों में रही। अब ये जोड़ी अपनी नई फिल्म 'बस्तर- द नक्सल स्टोरी' लेकर तैयार है। फिल्म का ट्रेलर जल्द ही रिलीज होने वाला है।



# मार्च में सिख और ईसाई धर्म के अनुसार विवाह बंधन में बंधेगी तापसी पन्नू

बी-टाउन में शादियों का सीजन चल रहा है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी के बंधन में बंधे। मार्च में पुलकित सम्राट-कृति खरबंदा भी शादी करने वाले हैं। वहीं अब बॉलीवुड की एक और एक्ट्रेस दुल्हन बनने जा रही है। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस तापसी पन्नू हैं। एक्ट्रेस तापसी पन्नू हमेशा किसी न किसी कारण से समाचारों में रहती हैं। कभी उनकी प्रोफेशनल लाइफ की हाईलाइट होती है, तो कभी पर्सनल लाइफ की बात। फिलहाल उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी एक खास खबर सामने आ रही है। हाल ही एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह ने फिल्ममेकर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए हैं और अब तापसी के फैंस के लिए भी गुडन्यूज है। तापसी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड डेनमार्क के बैडमिंटन प्लेयर मैथियास बो के साथ शादी रचाने वाली हैं। मैथियास 2 बार यूरोपियन चैंपियन और ओलंपिक मेडलिस्ट रह चुके हैं। तापसी (36) मैथियास (43) को 10 साल से डेट कर रही हैं। हालांकि तापसी ने इस रिश्ते का कभी प्रचार नहीं किया। बताया जा रहा है कि तापसी मार्च में शादी करेंगी। पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में राजस्थान पहली पसंद बना हुआ है और तापसी भी इसी प्रदेश में ब्याह रचाएंगी। वह झीलों की नगर उदयपुर में शादी करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक तापसी-मैथियास 2 अलग-अलग धर्म सिख और क्रिश्चियन के रीति-रिवाज के हिसाब से शादी करेंगे। उनकी गेस्ट लिस्ट में बॉलीवुड सितारे शामिल नहीं हैं। कपल सिर्फ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी करेगा। हालांकि अभी तक कपल ने शादी को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दी है। एक्ट्रेस रवीना टंडन-अनिल थडानी, प्रियंका चोपड़ा-निक जोनस, कैटरीना कैफ-विक्की कौशल, कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा और परिणीति चोपड़ा-राघव चड्ढा की शादी भी राजस्थान में ही हुई थी।



# मुझे भी फिल्म इंडस्ट्री में करना पड़ा विरोध का सामना

इन दिनों शाहिद कपूर की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इसमें शाहिद और कृति सेनन की जोड़ी फैंस को लुभा रही है। अब शाहिद ने बॉलीवुड में इनसाइडर और आउटसाइडर को लेकर बात की है। शाहिद ने एक्ट्रेस नेहा धूपिया के शो 'नो फिल्टर' में कैम्प कल्चर के खिलाफ बोलते हुए कहा कि मैं कभी किसी कैम्प का हिस्सा नहीं रहा। शायद मेरे में वो क्वालिटी ना रही हो कि मैं कैम्प से जुड़ सकूं। पहले मैं दिल्ली में रहता था और जब मुंबई आया तो यहां मुझे मेरी क्लास में एक्सेप्ट नहीं किया गया। हम रेंट पर रहते थे इसलिए हर 11 महीने में हम शिफ्ट हो जाते थे। मैं फिर कोरियोग्राफर श्यामक डावर से मिला और वहां मुझे फाइनली एक्सेप्ट कर लिया गया। जब मैं फिल्म इंडस्ट्री में आया तो मुझे एहसास हुआ कि यह भी मेरे स्कूल जैसा है। बाहर वाले को आसानी से एक्सेप्ट नहीं करते ये लोग, इनको बड़ी दिक्कत है कि तुम कैसे इंडस्ट्री में घुस गए। तो कई सालों तक आपको इससे डील करना होता है। मुझे लगता है कि जो लोग क्रिएटिव हैं और वे अगर किसी के साथ कुछ अच्छा काम करना चाहते हैं तो करने दो। लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए कि वो आउटसाइडर है तो उसे नीचा दिखाओ। यही होता है इस इंडस्ट्री में। मेरे साथ भी ऐसे ही हुआ था, लेकिन अब आप मुझे परेशान करके देखो। आपको वापस जवाब जरूर मिलेगा।






# विक्की नहीं मानते हैं खुद को स्टार

साल 2023 में अभिनेता विक्की कौशल की दो फिल्में रिलीज हुई और दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। फिल्म सैम बहादुर में उन्होंने लीड रोल निभाया था। वहीं, डंकी में वे शाहरुख खान के साथ नजर आए थे। दर्शकों को विक्की दोनों ही किरदारों में काफी पसंद आए थे। हाल ही में, एक कार्यक्रम के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे खुद को स्टार मानते हैं। अभिनेता विक्की कौशल खुद को स्टार मानते हैं या नहीं इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, देखिए स्टार का मतलब यह नहीं होता है कि आपकी एक फिल्म हिट हो जाए और आप स्टार बन गए या फिर आप सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगे हों और स्टार बन गए। स्टार होना अपने आप में एक बड़ी बात है। जब आप लोकप्रियता के मामले में राजेश खन्ना या अमिताभ बच्चन या फिर शाहरुख खान जैसे बन जाते हैं तब खुद को स्टार समझिए उससे पहले नहीं। विक्की कौशल अभी खुद को स्टार नहीं मानते हैं। इसी इंटरव्यू के दौरान विक्की स्टार की परिभाषा बताते हुए कहते हैं, मैं फिलहाल खुद को स्टार नहीं मानता हूं। मेरे लिए स्टार और स्टारडम की परिभाषा थोड़ी अलग है। देखिए, जब आपकी कोई फिल्म रिलीज हो और दर्शक सिर्फ और सिर्फ आपके लिए सिनेमाहॉल तक खींचे चले आए तब आप स्टार हैं। जब सिर्फ आपको देखने के लिए आपके फैंस टिकट कटवा कर थियेटर पहुंचे बिना इस बात की परवाह किए कि फिल्म की कहानी कैसी भी हो मुझे सिर्फ हीरो से मतलब है तब आप समझिए कि आप स्टार बन चुके हैं।

# हीरामंडी को अपना सबसे बड़ा प्रोजेक्ट मानते हैं संजय लीला भंसाली

फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अब हाल ही में उन्होंने अपने निर्देशन में बनने वाली इस वेब सीरीज के बारे में बात की और इसे अपना सबसे बड़ा प्रोजेक्ट बताया। उन्होंने फिल्मों की दुनिया में रहते हुए ओटीटी पर कदम जमाने की भी बात की। उन्होंने हीरामंडी के बारे में बात करते हुए कहा कि मैंने बड़ी फिल्में बनाई हैं। मुझे बड़ी फिल्में बनाने में मजा आता है और यह मेरे अंदर स्वाभाविक है, लेकिन डिजिटल में बदलाव के दौरान मैंने इसे एक कदम ऊपर ले लिया है। हीरामंडी मेरी सबसे बड़ी परियोजना है। मैं इसे वास्तव में खास बनाना चाहता था और मैंने इससे खुद को आश्चर्यचकित कर लिया है। संजय लीला भंसाली ने आगे कहा कि यह सिर्फ एक सीरीज नहीं है, बल्कि यह एक दुनिया है और दुनिया भर के दर्शकों के लिए नेटफ्लिक्स पर हीरामंडी के दुनिया में ले जाने के लिए तैयार हूं।



# एनिमल की सफलता से चमकी तृप्ति की किस्मत

फिल्म एनिमल की सफलता के बाद अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की रातों रात किस्मत चमक गई। इस फिल्म की रिलीज के बाद से ही तृप्ति डिमरी नेशनल सेंसेशन बन चुकी हैं। इस फिल्म में अभिनेता रणबीर कपूर के साथ उनकी सिजलिंग केमिस्ट्री की खूब चर्चा हुई। और, हाल ही में उनकी एंट्री फिल्म 'भूल भुलैया 3' में भी हो चुकी है। इस सबके चलते तृप्ति डिमरी आईएमडीबी की लोकप्रियता की सूची में लगातार चौथी बार शामिल हुई हैं। एनिमल में तृप्ति ने जोया का किरदार निभाया था। छोटी सी ही भूमिका में तृप्ति डिमरी को काफी लोकप्रियता मिली। हालांकि फिल्म के अंतरंग दृश्यों की वजह से तृप्ति डिमरी की काफी आलोचना भी हुई थी। तृप्ति डिमरी कहती हैं, मैंने खुद अभिनेत्री बनने का फैसला किया था। इसके लिए किसी ने मुझे मजबूर नहीं किया। मैं इस पेशे में इसलिए आई क्योंकि यह काम मुझे उत्साहित करता है। जब मैं अभिनय करती हूं, तो एक किरदार बन जाती हूं। फिल्म एनिमल की एनिमल की सफलता से तृप्ति डिमरी न सिर्फ आईएमडीबी की लोकप्रियता की सूची में लगातार चौथी बार शामिल हैं। बल्कि इस फिल्म की सफलता के बाद उनको कई फिल्मों के ऑफर लगातार मिल रहे हैं। अभिनेता विक्की कौशल के साथ तृप्ति डिमरी ने हाल ही में फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम की शूटिंग पूरी की है तो वहीं कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म भूल भुलैया 3 में भी काम करने जा रही हैं। फिल्म एनिमल की सफलता के बाद तृप्ति डिमरी को साउथ में एक बड़ी फिल्म में रवि तेजा के साथ काम करने का मौका मिला है। वहीं चर्चा यह भी है कि एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा साउथ सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी को लेकर एक फिल्म की प्लानिंग कर रहे हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में बनने जा रही फिल्म आशिकी 3 में भी तृप्ति डिमरी के काम करने की चर्चा है, लेकिन अभी तक इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।






## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया पर 30 लाख का जुर्माना

#### एयरपोर्ट पर बुजुर्ग महिला की मौत से जुड़ा है मामला

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई एयरपोर्ट पर बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में नागर विमानन महानिदेशालय ने एयर इंडिया पर बड़ी कार्रवाई की है। डीजीसीए ने पर्याप्त व्हीलचेयर नहीं होने के मानदंडों के उल्लंघन को लेकर एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इससे पहले डीजीसीए ने एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। डीजीसीए के नोटिस के मुताबिक नागरिक उड्डयन जरूरतों (सीएआर) के प्रासंगिक प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने को लेकर एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। एयरलाइन कंपनी को सात दिन में जवाब देने को कहा गया था। नोटिस के जवाब के बाद अब एयर इंडिया पर डीजीसीए ने कार्रवाई की है।

**क्या है आरोप-** आरोप है कि 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को व्हीलचेयर नहीं मिली थी और गिरने की वजह से उसकी बाद में मौत हो गई थी। ऐसा आरोप है कि एयर इंडिया ने बुजुर्ग महिला को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराया था। बता दें कि मृतक महिला यात्री अपने पति के साथ न्यूयॉर्क से मुंबई आ रही थी।

**एयर इंडिया ने दी थी ये सफाई-** घटना पर सफाई देते हुए एयर इंडिया ने कहा था कि मृतक यात्री के साथी ने व्हीलचेयर के लिए इंतजार नहीं किया। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से तब तक इंतजार करने का अनुरोध किया था जब तक कि उसे भी उपलब्ध नहीं करा दिया जाए। एयरलाइन ने बताया था कि इस दुर्घटना के बाद एयरपोर्ट की मेडिकल टीम ने तुरंत यात्री की देखभाल की। इसके बाद नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां दुर्भाग्य से मृत घोषित कर दिया गया। एयर इंडिया के अनुसार वह पीड़ित परिवार के सदस्यों के साथ लगातार संपर्क में है और जरूरी सहायता की जा रही है।

### ब्रिटेन में टाटा लगाएगी सबसे बड़ी ईवी फैक्ट्री! 41,460 करोड़ का होगा निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेजी से बढ़ रहे इलेक्ट्रिक कार बिजनेस पर टाटा समूह का भी फोकस है। इसके तहत टाटा समूह बैटरी बनाने के लिए नई गीगाफैक्ट्री लगाने वाला है। टाटा ग्रुप की सब्सिडियरी कंपनी एग्रेटस ब्रिटेन के ब्रिजवाटर में सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक व्हीकल फैक्ट्री इंस्टॉल करने जा रही है। समूह ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।



बता दें कि ये ईवी प्लांट ब्रिटेन का अबतक का सबसे बड़ा प्लांट होगा और इसे टाटा ग्रुप तैयार करेगा। बता दें कि भारत के बाहर के ब्रिगवाटर ये पहली गीगाफैक्ट्री होगी। इसके लिए कंपनी 41000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगी।

इस गीगाफैक्ट्री के लिए कंपनी 41460 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। ये निवेश कर्ज और इक्विटी के मिश्रण से होगा और इसी फंड का इस्तेमाल कर प्लांट तैयार किया जाएगा। बता दें कि इस प्लांट की क्षमता 40 गीगावॉट की होगी।

बीते साल जुलाई महीने में टाटा ग्रुप ने ब्रिटेन में ईवी प्लांट की स्थापना करने की योजना बनाई थी। इस प्लांट से अगले 2 साल यानी कि 2026 तक कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू होने की संभावना है।

# अंबानी से ज्यादा मजबूत हुए अडानी, प्रभावशाली भारतीय में निकले आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी ने टॉप 100 सबसे प्रभावशाली भारतीयों की लिस्ट में मुकेश अंबानी को पछाड़ दिया है। इंडियन एक्सप्रेस ने 29 फरवरी को 2024 के टॉप 100 सबसे प्रभावशाली भारतीयों की अपनी लिस्ट जारी की। इसमें देश को प्रभावित करने वाले राजनीतिक, व्यावसायिक, मनोरंजन और खेल क्षेत्रों की हस्तियों को शामिल किया गया है। इस लिस्ट में उद्योगपति गौतम अडानी ने टॉप 10 में जगह बनाई और अरबपति मुकेश अंबानी को एक स्थान से पछाड़ दिया। बता दें कि पिछले साल के मुकाबले अडानी ने इस साल 33 स्थान की छलांग लगाई है। इस लिस्ट में पहले स्थान पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी हैं और गृह मंत्री अमित शाह दूसरे स्थान पर हैं।

**इन कारोबारियों ने भी बनाई जगह-** इस लिस्ट में अजीम प्रेमजी 37वें स्थान पर हैं। वहीं, इन्फोसिस के संस्थापक नंदन नीलेकणि 95 वें स्थान पर हैं। 61 साल के गौतम अडानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को एक स्थान से पछाड़कर टॉप 100 की लिस्ट में टॉप 10 में जगह बनाई। इस लिस्ट में अडानी के टॉप 10 में रहने के कई कारण गिनाए गए हैं। इनमें सबसे अहम कारण अधिग्रहण और ग्रीनफील्ड



परियोजनाओं के जरिए सीमेंट, बिजली, एयरपोर्ट्स, ग्रीन एनर्जी, बंदरगाह, बिजली और गैस डिस्ट्रिब्यूटर्स जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में तेजी से प्रगति को बताया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के आरोपों से प्रभावित होने के बावजूद समूह ने जबरदस्त वापसी की है और स्टॉक ने अपने नुकसान की भरपाई कर ली है। इसके अलावा, संसद में विपक्ष द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद अडानी खबरों में रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल के साथ उनकी नजदीकी से उनके समूह को फायदा हुआ है। योजनाओं के संदर्भ में देखें तो अडानी का अलग अलग सेक्टर्स में 7 लाख करोड़ के निवेश का भी प्लान है।

बता दें कि ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स (बीबीआई) के अनुसार, अडानी 101 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं। लिस्ट में आरआईएल के सीएमडी मुकेश अंबानी के नई ऊर्जा, पुनर्गठन और उत्तराधिकार योजना में निवेश के माध्यम से समूह को मजबूत करने के कदम को स्वीकार किया गया है, इसमें कहा गया है - इसमें जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) की लिस्टिंग शामिल है; और अंबानी के बच्चे आकाश (जियो के डिजिटल व्यवसाय के प्रमुख), ईशा (रिटेल शाखा रिलायंस रिटेल के प्रमुख) और अनंत (ऊर्जा व्यवसाय के प्रमुख) रिलायंस बोर्ड में स्थान ले रहे हैं। एआई के मामले में, आरआईएल भारतजीपीटी का भी समर्थन कर रही है और भारत के लिए अपना हनुमान एआई मॉडल लॉन्च करने के लिए तैयार है।

# 7 मार्च से खुल रहा एक और आईपीओ




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुणे ई-स्टॉक ब्रोकिंग आईपीओ का प्राइस बैंड 78 से 83 के बीच तय किया गया है। प्रत्येक का फेस वैल्यू 10 है। पुणे ई-स्टॉक ब्रोकिंग आईपीओ गुरुवार 7 मार्च को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और मंगलवार 12 मार्च को बंद होगा। पुणे ई-स्टॉक ब्रोकिंग आईपीओ लॉट साइज में 1,600 शेयर हैं। निवेशक न्यूनतम 1,600 शेयरों के लिए और उसके गुणकों में बोली लगा सकते हैं।

इन्वेस्टरगेन.कॉम के अनुसार, पुणे ई-स्टॉक ब्रोकिंग आईपीओ जीएमपी या ग्रे मार्केट प्रीमियम 70 है। इसका मतलब है कि शेयर ग्रे मार्केट में 153 के प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं। यानी पहले ही दिन निवेशकों को 85 प्रतिशत तक का मुनाफा हो सकता है। बता दें कि पुणे ई-स्टॉक ब्रोकरेज लिमिटेड एक कॉर्पोरेट ब्रोकरेज कारोबार है, जैसा कि रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में बताया गया है। कंपनी के ग्राहकों में डायरेक्ट ग्राहक और रजिस्टर्ड व्यक्ति दोनों शामिल हैं, जो दस से अधिक शहरों में फैले हुए हैं।

# एक और भारतीय श्रीधर रामास्वामी को विदेशी टेक कंपनी की कमान, गूगल में भी कर चुके काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की चर्चित डेटा क्लाउड कंपनी स्नोफ्लेक की कमान अब भारतीय मूल के श्रीधर रामास्वामी के हाथों में होगी। कंपनी ने श्रीधर रामास्वामी को बतौर सीईओ नियुक्त किया है। इसी के साथ रामास्वामी टेक इंडस्ट्री के उन ग्लोबल लीडर्स की सूची में शामिल हो गए हैं, जो भारतीय मूल के हैं। ग्लोबल लीडर्स की सूची में त्नश्नश्वद्दद्यद्ग के सुंदर पिचाई, माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला, आईबीएम के अरविंद कृष्णा और एडोब के शांतनु नारायण जैसे बड़े नाम हैं।



**किसकी जगह लेंगे रामास्वामी-** स्नोफ्लेक में रामास्वामी अपने सीनियर फ्रैंक स्लूटमैन का स्थान लेंगे। फ्रैंक स्लूटमैन ने चार साल से अधिक समय तक कंपनी में बतौर सीईओ काम किया। हालांकि, फ्रैंक चेयरमैन के पद पर बने रहेंगे।

**आईआईटी से पढ़ाई-** रामास्वामी ने 1989 में आईआईटी, मद्रास से कंप्यूटर विज्ञान में बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद ब्राउन यूनिवर्सिटी से पीएचडी की डिग्री ली। डेटा क्लाउड कंपनी स्नोफ्लेक के साथ रामास्वामी का कार्यकाल मई 2023 में शुरू हुआ। दरअसल, स्नोफ्लेक ने लीडिंग प्राइवेट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑपरेटेड सर्च इंजन नीवा का अधिग्रहण किया। साल 2019 में रामास्वामी ने अपने साथी विवेक रघुनाथन के साथ मिलकर नीवा की स्थापना की थी। इसके जरिए रामास्वामी का लक्ष्य विज्ञापन पर यूजर्स एक्सपीरियंस को प्राथमिकता देते हुए गूगल का एक विकल्प बनाना था। इस सर्च इंजन ने बाद में स्नोफ्लेक की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्ट्रैटजी को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**गूगल के लिए भी कर चुके काम-** रामास्वामी ने गूगल में भी कई प्रमुख पदों पर कार्य किया। यहां उन्होंने विज्ञापन व्यवसाय को .1.5 बिलियन से .100 बिलियन तक बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। रामास्वामी ने करियर में बेल लैब्स, ल्यूसेंट टेक्नोलॉजीज और बेल कम्युनिकेशंस रिसर्च (बेलकोर) में बतौर रिसर्चर भी काम किया है। इसके अलावा, उन्होंने ग्रेलॉक पार्टनर्स में वेंचर पार्टनर के रूप में कार्य किया। रामास्वामी वर्तमान में ब्राउन यूनिवर्सिटी में ट्रस्टी बोर्ड में शामिल हैं।

# दिग्गज कंपनी भारत में लॉन्च करेगी वजन घटाने की दवा, विदेश में है जलवा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोटापे की वजह से परेशान लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, अमेरिकी दवा कंपनी एली लिली एंड कंपनी की चर्चित वेट लॉस मेडिसिन भारत में लॉन्च होने वाली है। कंपनी के इस मेडिसिन का नाम- मौन्जारो है। कंपनी के सीईओ डेविड रिक्स के मुताबिक यह मेडिसिन अगले साल भारत में लॉन्च की जा सकती है। अमेरिका में Eli Lilly वजन घटाने के लिए जेपबाउंड के रूप में



बेचती है। बता दें कि यह दुनिया की सबसे मूल्यवान दवा कंपनियों की सूची में शीर्ष पर है। इस कंपनी का मार्केट वैल्यू करीब .720 बिलियन है।

## दवा की कीमत पर क्या बोले

वेट लॉस की इस दवा की क्या कीमत होगी, इस पर डेविड रिक्स ने कहा- कहीं भी हम यह नहीं कह सकते हैं कि हमारी कीमत अधिक है क्योंकि जहां भी हमने लॉन्च किया, हमारी आपूर्ति खत्म हो गई है। सप्लाई के आधार पर हमें विचार करना होगा। जब आप आपूर्ति नहीं कर सकते तो कम कीमत देना कोई तर्कसंगत नहीं है। ऐसे में जब हम यहां लॉन्च करेंगे तो इसके बारे में सोचना होगा। फिलहाल हमने मूल्य निर्धारण पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

## क्या कहा सीईओ ने

Eli Lilly के सीईओ डेविड रिक्स ने कहा कि उन्हें अगले साल भारत में जेपबाउंड और मौन्जारो लॉन्च करने की उम्मीद है। अगर ऐसा हुआ तो यह भारत में आधिकारिक तौर पर वेट लॉस की बेची जाने वाली पहली विदेशी दवा हो सकती है। रिक्स का कहना है कि वेट लॉस एक बड़ी समस्या के रूप में उभरा है। यह भारत में शुरुआत का सही समय है।

डेविड रिक्स ने आगे कहा- हम इस बारे में सोच रहे हैं कि हमें जो सफलता मिली है उसे कैसे आगे बढ़ाया जाए। हम लगातार मंथन कर रहे हैं कि अगले साल भारत में अधिक रोगियों तक अपनी दवाएं कैसे पहुंचाएं। यह स्पष्ट रूप से मंजूरी और आपूर्ति आदि पर निर्भर है। हमने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन को पहले ही आवेदन दे दिया है और यह मूल्यांकन के अलग-अलग चरणों में है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो हम 2025 में उस दवा को भारत में लाने में सक्षम होंगे।

# वित्त वर्ष 2024 में 10 निजी जीवन बीमाकर्ताओं में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने दर्ज की सबसे अधिक बढ़ोतरी

## उद्योग के औसत की तुलना में आईआरएनबी में 3 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई

**पुणे एजेंसी।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के माध्यम से अपने बिजनेस पेरामीटर्स को बढ़ाना जारी रखा है। वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के परिणाम भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अन्य निजी खिलाड़ियों की तुलना में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के लिए कंपनी का व्यक्तिगत रेटेड नया व्यवसाय पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 24% बढ़ा। यह उद्योग के औसत द्वारा प्रदर्शित वृद्धि का लगभग तीन गुना था। व्यक्तिगत रेटेड नए व्यवसाय (आईआरएनबी) में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस की तीन साल (वित्त वर्ष 2020 से वित्तीय वर्ष 2023) 39% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) कंपनी के मजबूत विकास पथ की पुष्टि करती है।

BAJAJ Allianz LIFE GOALS. DONE.

व्यक्तिगत व्यवसाय में मजबूत वृद्धि और प्राप्त नवीकरण प्रीमियम के कारण, कंपनी का GWP वित्त वर्ष 2024 के 9 महीनों में 14,860 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 13,028 करोड़ रुपये था।

ऑटो-भुगतान पंजीकरण, डिजिटल भुगतान इत्यादि जैसी पहलों के माध्यम से नवीनीकरण भुगतान प्रक्रियाओं को बढ़ाने पर मजबूत फोकस के कारण अधिकांश क्षेत्रों में लगातार बेहतर स्थिति बनी हुई है। 31 दिसंबर, 2023 तक पर्सिस्टेंसी 13वें महीने के लिए 83त्न, 37वें महीने के लिए 65त्न और 61वें महीने के लिए 51त्न थी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की 9वीं तिमाही में नवीनीकरण प्रीमियम में 31त्न की मजबूत वृद्धि दर्ज की। पर्सिस्टेंसी में सुधार के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के कारण यह संभव हुआ।

# गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड शामिल हुई सीडीपी जलवायु परिवर्तन लीडरशिप इंडेक्स में

**मुंबई , एजेंसी।** गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (केमिकल्स) को सीडीपी के क्लाइमेट डिस्क्लोज़र इंडेक्स (जलवायु प्रकटीकरण सूचकांक) 2023 के लीडरशिप इंडेक्स में स्थान दिया गया है। हमारे लक्ष्यों के सार्वजनिक प्रकटीकरण के अलावा, मज़बूत संचालन ढांचा (गवर्नेंस स्ट्रक्चर), जोखिम प्रबंधन रणनीतियों और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए लागू किए गए उपायों के संबंध में हमने अपने स्कोप 3 उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन अवसरों के खुलासे में उच्च रेटिंग हासिल की, जिससे हमें जलवायु परिवर्तन के खुलासे के लिहाज़ से ए- की रेटिंग प्राप्त करने में मदद मिली।

सीडीपी एक वैश्विक गैर-लाभकारी पर्यावरण प्रकटीकरण मंच (एनवायरनमेंटल डिसक्लोज़र प्लेटफॉर्म) है। बाज़ार पूंजीकरण के लिहाज़ से 67 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रतिनिधित्व करने वाली 23,000 से अधिक कंपनियों ने 2023 में सीडीपी को अपने पर्यावरण प्रदर्शन डेटा का खुलासा किया। सीडीपी की स्कोरिंग पद्धति के आधार पर, कंपनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किया जाता है। गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (केमिकल्स) उन कुछ भारतीय कंपनियों में से एक है, जिसने लीडरशिप इंडेक्स में जगह बनाई है। हमने अपने पर्यावरण वहनीयता लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में पिछले कुछ वर्षों में कई पहलें की हैं। जलवायु परिवर्तन के अलावा, हमने जल सुरक्षा और वन प्रकटीकरण (फॉरेस्ट डिसक्लोज़र) भी प्रस्तुत किया। हमने जल सुरक्षा में बी और जंगलों में बी- का स्तर हासिल किया है, जो एशिया के औसत और रसायन क्षेत्र के दोनों खुलासों में सी के औसत स्कोर से अधिक है।

# सैमसंग ने गैलेक्सी ए15 5जी के नए मैमोरी वैरिएंट की घोषणा की

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज 16499 रुपये की आकर्षक कीमत पर गैलेक्सीए15 5जी का एक नया स्टोरेज वैरिएंट, 6जीबी+128जीबी लॉन्च करने की घोषणा की है। गैलेक्सी ए15 5जी खरीदने के इच्छुक उपभोक्ताओं को यह वैरिएंट कई विकल्प देगा। यह स्मार्टफोन वर्तमान में 8जीबी+256जीबी और 8जीबी+128जीबी स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध है और तीन नए रंगों - ब्लू ब्लैक, ब्लू और लाइट ब्लू में आता है।

काउंटरप्वाइंट रिसर्च के मुताबिक गैलेक्सी ए15 5जी, गैलेक्सी ए14 5जी का उत्तराधिकारी है जो 2023 का भारत का नंबर 1 बिकने वाला 5जी स्मार्टफोन है। यह किफायती कीमत पर नवीनतम टेक्नोलॉजी प्रदान करने की सैमसंग की क्षमता का उदाहरण है। इसी वजह से सैमसंग भारत में




लाखों उपभोक्ताओं की पहली पसंद बना हुआ है। गैलेक्सी ए15 5जी हेज़ फ़िनिश में ग्लैस्टिक बैक पैनल के साथ प्रीमियम अनुभव के लिए गैलेक्सी के सिग्नेचर डिज़ाइन में आता है। साइड पैनल पर नया की आइलैंड डिज़ाइन और फ्लैट लीनियर कैमरा हाउसिंग बेहतर पकड़ की सुविधा देता है। गैलेक्सी ए15 5जी में 6.5 इंच का सुपर एमोलेड डिस्प्ले है जो विज़न बूस्टर से लैस है। ये 90एच 5 रिफ्रेश रेट और आंखों के आराम के लिए कम नीली रोशनी वाले डिस्प्ले के साथ सहज, ब्राइट और जीवंत अनुभव देता है। गैलेक्सी ए15 5जी में वीडीआइएस के साथ 50 एमपी ट्रिपल कैमरा सेटअप है, जो अस्थिर या अस्थिर गतिविधियों के कारण वीडियो में धुंधलापन या विकृति को कम करता है, साथ ही इसमें प्रोफाइल-लायक सेल्फी के लिए 13एमपी का फ्रंट कैमरा दिया गया है।गैलेक्सी ए15 5जी नॉक्स सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म के साथ आता है जो यह सुनिश्चित करता है कि यूजर ऑटो ब्लॉकर, प्राइवेसी डैशबोर्ड, सैमसंग पासकी और दूसरी सुविधाओं के साथ अपने डेटा पर पूर्ण नियंत्रण रखें। डिवाइस में चिप स्तर पर निर्मित नॉक्स वॉल्ट चिपसेट भी है जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर खतरों से सुरक्षा के लिए आपके संवेदनशील डेटा, जैसे पिन, पासवर्ड और पैटर्न को एक अलग छेड़छाड़-प्रतिरोधी स्टोरेज में सुरक्षित रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# 2047 तक विश्व नेता बनने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए आईआईटी मंडी तेजी से तकनीकी परिदृश्य में विकसित हो रहा: डॉ. वी. कामत

**मंडी, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने 27 फरवरी 2024 को अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया, जिसमें कई सम्मानित अतिथि और

- **भविष्य के लिए एक साहसिक दृष्टिकोण के साथ आईआईटी मंडी ने मनाया 15वां स्थापना दिवस समारोह**

गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में डीआरडीओ के सचिव (रक्षा अनुसंधान एवं विकास) और अध्यक्ष, डॉ. समीर वी. कामत सम्मिलित हुए। रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) के निदेशक, श्री जी.ए.



श्रीनिवास मूर्ति, और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के निदेशक (अनुसन्धान एवं विकास) श्री मनोज जैन, विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। इस समारोह में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा, के साथ शिक्षकगण, छात्रगण, और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

### ऑस्ट्रेलियाई- न्यूजीलैंड टेस्ट

# कैमरून ग्रीन ने ठोका शतक, 9 विकेट पर 279



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** वेलिंगटन के मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन कैमरून ग्रीन के शतक की बदौलत 9 विकेट खोकर 279 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत सधी हुई रही थी लेकिन लंच के बाद उनके तेजी से 3 विकेट गिर गए। स्कोर जब 89/4 था तो कैमरून ने एक छोर संभाला और पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ छोटी छोटी साझेदारियां कर स्कोर 279 तक ले गए। कैमरून 155 गेंदों पर 16 चौकों की मदद से 103 रन बनाकर नाबाद हैं।

ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर की रिटायरमेंट के बाद उसमान ख्वाजा के साथ स्टीव स्मिथ ने ओपनिंग की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। स्मिथ 71 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाकर आऊट हो गए तो वहीं, उसमान ख्वाजा ने 118 गेंदों पर 33 रनों का योगदान दिया। मार्नेस लबुछेन 1 तो ट्रेविस हेड 1 पर आऊट हो गए तो कैमरून ग्रीन ने मिशेल मार्श के साथ मिलकर स्कोर 150 पार कराया। मार्श ने 39 गेंदों पर 6 चौके और एक छक्के की मदद से 40 रन बनाए। जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने 20 गेंदों पर 10 रन का योगदन दिया। कप्तान पैट कमिंस 24 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 16 रन बनाकर आऊट हो गए। मिशेल स्टार्क ने 9 तो नाथन लियोन 5 रन बनाकर आऊट हो गए। अभी क्रीज पर कैमरून के साथ आखिरी विकेट के रूप में जोश हेजलवुड बने हुए हैं।

न्यूजीलैंड की गेंदबाजी की बात करें तो तेज गेंदबाज मैट हेनरी 20 ओवर में 43 रन देकर 4 विकेट लेने में सफल रहे। इसी तरह विलियम ओरूर्के 59 रन देकर 2 तो स्कॉट 56 रन देकर 2 विकेट निकालने में सफल रहे। रचिन रवींद्र को भी 4 ओवर में 19 रन देकर 1 विकेअ मिला।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**न्यूजीलैंड** – टॉम लैथम, विल यंग, ??केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मैट हेनरी, टिम साउदी (कप्तान), स्कॉट कुगलेइजन, विलियम राउरके।

**ऑस्ट्रेलिया** – स्टीवन स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

# 'मैं उनके फैसले से हैरान था', इशान किशन के प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने पर बोले गांगुली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का कहना है कि वह श्रेयर्स अय्यर और इशान किशन जैसे खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेने से आश्चर्यचकित थे क्योंकि उन्हें राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया था। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में भाग न लेने के विवाद के बीच भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अय्यर और किशन को बुधवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया। अय्यर 23 फरवरी को आयोजित रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। दुबे भी साइड स्ट्रेन के कारण खेल से बाहर हो गए थे। हालाकि किशन ने राष्ट्रीय टीम में शामिल नहीं होने के बावजूद हाल ही में रणजी ट्रॉफी मैचों में हिस्सा नहीं लिया। वह पिछले साल दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में थे, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से बाहर हो गए। उन्होंने भारत के लिए आखिरी टी-20 मैच पिछले साल नवंबर में खेला था जिसमें वह झारखंड के लिए रणजी मैचों से बाहर रहे थे।



गांगुली ने कहा कि बीसीसीआई चाहता है कि खिलाड़ी प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलें और सभी खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी में खेलना चाहिए क्योंकि यह एक प्रमुख टूर्नामेंट है। पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि बीसीसीआई चाहता है कि वे प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलें। मुझे आश्चर्य है कि श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी क्यों नहीं खेली। यह एक प्रमुख टूर्नामेंट है और आपको खेलना चाहिए। इसलिए यह बीसीसीआई का निर्णय है और उन्होंने क्या सोचा है, उन्होंने सही किया है। प्रत्येक अनुबंधित क्रिकेटर को प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना चाहिए क्योंकि यही इस देश में क्रिकेट का मूल आधार है।

पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने आगे कहा कि वह किशन के रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलने के फैसले से हैरान थे। उन्होंने कहा, आपको प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना चाहिए। एक बार जब आप अनुबंधित खिलाड़ी बन जाते हैं, तो आपसे प्रीमियर टूर्नामेंट खेलने की उम्मीद की जाती है। श्रेयस अय्यर कुछ दिनों में मुंबई के लिए सेमीफाइनल खेल रहे हैं। हां, वे युवा लोग हैं और ईशान ने मुझे आश्चर्यचकित कर दिया है। वह सभी प्रारूपों में भारतीय टीम का हिस्सा थे। आईपीएल में इतना बड़ा अनुबंध। मुझे नहीं पता कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। आपको विशेष रूप से तब खेलना चाहिए जब आप ईशान किशन जैसे प्रतिभाशाली हों। जब आप सभी प्रारूपों में भारत के लिए खेल रहे हैं, आपको अवश्य खेलना चाहिए। मैं उनके न खेलने के फैसले से हैरान था।

## खाली होने पर रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : कीर्ति आजाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने बृहस्पतिवार को क्रिकेटरों के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने के कारण केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है।



आजाद ने कहा, 'यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी ट्रॉफी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा, 'जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी क्रिकेट खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया जिससे आप देश के लिये खेल सके।

उन्होंने हालांकि कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिये रास्ते अब बंद हो चुके हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं । वे टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी20 क्रिकेट लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिए खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।% उन्होंने टी20 क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी में संतुलन बनाने के लिये ध्रुव जुरेल और सरफराज खान की तारीफ की।

## पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित, केएल राहुल बाहर, बुमराह की एंट्री

● पांचवां टेस्ट जीते तो पहली बार जीत की संख्या हार के बराबर होगी



**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और सीरीज के अंतिम टेस्ट मैच के लिए बीसीसीआई ने टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। केएल राहुल टीम से बाहर हो गए हैं जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वापसी करेंगे। पांचवां टेस्ट 7 मार्च से खेला जाएगा। बीसीसीआई ने कहा, फिटनेस समस्या के कारण धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर कड़ी निगरानी रख रही है। वहीं चौथे टेस्ट में आराम दिए जाने वाले जसप्रीत बुमराह 5वें टेस्ट के लिए धर्मशाला में टीम के साथ जुड़ेंगे।

उन्होंने कहा, वॉशिंगटन सुंदर को टीम से रिलीज कर दिया गया है और वह वह 2 मार्च, 2024 से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के लिए अपनी रणजी ट्रॉफी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे। जरूरत पड़ने पर वह पांचवें टेस्ट के लिए घरेलू मैच पूरा होने के बाद भारतीय टीम में शामिल होंगे।

इसके अलावा बीसीसीआई ने मोहम्मद शमी पर अपडेट देते हुए कहा, शमी की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी 2024 को सफलतापूर्वक सर्जरी की गई। वह ठीक हो रहे हैं और जल्द ही अपनी पुनर्वास प्रक्रिया शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे। गौर हो कि भारत ने पहला टेस्ट हारने के बाद शादार वापसी करते हुए लगातार तीन मैच जीतकर टेस्ट सीरीज अपने नाम की।

### 5वें टेस्ट के लिए भारत की अपडेटिड टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# मराइस इरास्मस ने किया संन्यास का ऐलान, तेज गेंदबाजी ऑलराउंर से बने थे अंपायर


**वेलिंगटन (एजेंसी)।** अनुभवी दक्षिण अफ्रीकी अंपायर मराइस इरास्मस ने घोषणा की है कि वह न्यूजलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाद अंतर्राष्ट्रीय अंपायरिंग से संन्यास ले लेंगे। इरास्मस बोलैंड में दक्षिण अफ्रीका के घरेलू क्रिकेट सर्किट में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर थे लेकिन 2006 में वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग में आ गए। इरास्मस ने पुरुषों के 80 टेस्ट, 124 वनडे और 43 टी20आई में अंपायरिंग की है जबकि महिला क्रिकेट में 18 टी20आई में अंपायर की भूमिका निभाई है। इसी के साथ ही वह 131 पुरुष अंतर्राष्ट्रीय मैचों में टीवी अंपायर भी रहे हैं।



इरास्मस ने संन्यास की जानकारी देते हुए कहा, मैं इस सम्मान और ट्रेवलिंग को याद करूंगा। लेकिन मैं दूर रहना और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर रहना काफी झेल चुका हूं। मुझे लगता है कि जो मैं देख रहा हूं यह उससे काफी बोरिंग है। मैंने पिछले साल अक्तूबर में विचार किया और मैंने आईसीसी से इस बारे में कहा कि मैं अप्रैल में अपना कांट्रैक्ट समाप्त करना चाहता हूं। इरास्मस ने साल 2016, 2017 और 2021 में आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर का खिताब भी जीता है और रिचर्ड केटलबोरो और अलीम डार की सूची में शीर्ष पर साइमन टफेल हैं जिन्हें पांच बार यह सम्मान मिला है। वह 2010 से अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल हुए थे। संन्यास के बाद अपने प्लान के बारे में जानकारी देते हुए इराम्मस ने कहा, मेरे पास देश की यात्रा के लिए कुछ ट्रेवलिंग प्लान है और सितम्बर के बाद से मैं क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के साथ रहूंगा। अभी हमें यह तय करना है कि वह मेरा इस्तेमाल कैसे करते हैं। मैं अगले सत्र में घरेलू क्रिकेट में अंपायरिंग करूंगा और सलाहकार की भूमिका निभाऊंगा। मैं खाया मजोला वीक (एक स्कूल कार्यक्रम) या क्लब चैंपियनशिप में जा सकता हूं और मैं अंपायरों को देखूंगा और उन्हें सलाह दूंगा।

## रोनाल्डो पर सउदी लीग मैच में अश्लील इशारे करने पर कार्रवाई, बैन के साथ लगा जुर्माना

**रियाद (एजेंसी)।** सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए कथित तौर पर अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को इस निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को करीब पांच हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को भी जुर्माने के तौर पर देनी होगी। इस फैसले के खिलाफ अपील भी नहीं की जा सकती है।



# 2027 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप बीजिंग में

### ग्लासगो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स परिषद की बैठक में लिया गया फैसला



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के बीजिंग में 2027 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैम्पियनशिप (1-3 मार्च) से पहले ग्लासगो में आयोजित 234वीं वर्ल्ड एथलेटिक्स परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक से पहले इतावली एथलेटिक्स महासंघ ने रोम की दावेदारी को वापस ले लिया। जिसके बाद बीजिंग के लिए रास्ता साफ हो गया। इटली की सरकार ने पैसे देने से मना कर दिया, जिसके बाद इतावली एथलेटिक्स महासंघ ने दावेदारी से अपने हाथ पीछे खींच लिए।

चीन दूसरी बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन कर रहा है। इससे पहले 2015 में चीन में इसका आयोजन हो चुका है। वहीं चीन में अगले साल नानजिंग में वर्ल्ड इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की भी मेजबानी कर रहा है। 2008 में चीन ने बीजिंग में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक और 2022 में शीतकालीन खेलों की मेजबानी की।

वर्ल्ड एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक बयान में कहा, यह दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक बाजारों में से एक में हमारे खेल और प्रशंसक आधार को बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है।वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप और ओलिंपिक गेम्स में जेवलिन में गोल्ड जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने पिछले साल ज्यूरिख में डायमंड लीग के 2027 के लिए बोली लगाने का दावा किया था।

नीरज ने ज्यूरिख में डायमंग लीग के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में भारत की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी की संभावना के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा था, भारत 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबनी की बोली लगाने जा रहा है। मैं भारतीय फैन्स से अनुरोध करूंगा और मुझे उम्मीद है कि भारी संख्या में लोग उस टूर्नामेंट को देखने के लिए आएंगे।

### अब तक वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के 19 एडिशन हो चुके हैं

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 1976 से हो रहा है। 1976 ओलिंपिक गेम्स में 50 किमी वॉक को बाहर किए जाने के बाद वर्ल्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ने इसकी शुरुआत की। 1976 के बाद 1980 में इसका आयोजन हुआ था। 1983 से 1991 तक प्रत्येक चार साल के बाद इसका आयोजन होता था। 1991 के बाद से इसका आयोजन हर दो साल बाद किया जाना लगा। 2025 वर्ल्ड चैम्पियनशिप टोक्यो में आयोजित की जाएगी। पिछली गर्मियों में ट्रैक का बड़ा आयोजन बुडापेस्ट, हंगरी में और उससे पहले गर्मियों में यूजीन, ओरेगॉन में आयोजित किया गया था।



# ट्रायल के बाद होगा सीनियर पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर : डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) करीब 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन के कारण शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में लग सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश की तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का रोजमर्रा का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरूष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लिये जाने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिये राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल का ऐलान किया।

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, 'ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष चार पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा। अभी हमने शिविर के वेन्यू तय नहीं किए हैं। समझा जाता है कि सोनीपत के साइ केंद्र में पुरूष और दिल्ली के आईजी स्टेडियम में महिला वर्ग के शिविर लगेंगे। एक सूत्र ने कहा, 'पंजाब में गतिविधियों पर प्रतिबंध के कारण हर किसी के लिए पंजाब पहुंचना आसान नहीं होगा। हमने इसलिए सरकार से महिलाओं के शिविर के लिए आईजी स्टेडियम देने का अनुरोध किया है। ट्रायल में जयपुर और पुणे में हुई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शीर्ष चार पर रहे पहलवानों को बुलाया जाएगा। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप नहीं खेल सके अच्छे पहलवानों को भी मौक मिलेगा।

## आरसीबी के खिलाफ लौटेंगी मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शनिवार को डब्ल्यूपीएल के अगले मैच में उपलब्ध होंगी। फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत चोट के कारण बुधवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। मुंबई को सात विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था। ष एडवर्ड्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हरमन आज चयन के लिये उपलब्ध नहीं थी लेकिन शनिवार को आरसीबी के खिलाफ खेलेगी। मुझे इसका पूरा यकीन है। हरमनप्रीत ने इस डब्ल्यूपीएल में दो मैचों में 101 रन बनाए हैं। मुंबई को अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल की कमी भी खली जो चोटिल है। एडवर्ड्स ने कहा कि उनकी फिटनेस पर नजर रखी जा रही है लेकिन आरसीबी के खिलाफ उनका खेलना मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'हम उसके लिए इंतजार कर रहे हैं। यह लंबा नहीं होना चाहिए लेकिन हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश के कंधे में भी फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और उनका स्कैन कराया गया है जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।



## धर्मशाला टेस्ट में केएल राहुल की वापसी पर सस्पेंस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में केएल राहुल की वापसी पर संशय बरकरार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह इलाज के लिए लंदन गए हैं। सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 3–1 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा। वहीं, इस मैच से पहले केएल राहुल की वापसी को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट से पहले बीसीसीआई ने एक बयान में कहा था कि राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के कारण मैच नहीं खेल पाएंगे। लेकिन, ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि राहुल इस समय जाँघ के सामने के हिस्से में चोट के लिए एक विशेषज्ञ से परामर्श लेने के लिए लंदन में हैं। इस कारण उन्हें हैदराबाद में श्रृंखला के शुरुआती मैच के बाद एक्शन से बाहर होना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर से निकला एक और हीरो

**इंदौर, एजेंसी।** आने वाले 8 मार्च 2024 के दिन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक सम्पूर्ण बॉलीवुड मसाला फिल्म रिलीज होने जा रही है जिसका नाम है डकैत ऑफ धौलपुर। इस फिल्म से मनोज चतुर्वेदी बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म डकैत ऑफ धौलपुर में मनोज चतुर्वेदी ने अभिनय के साथ साथ फिल्म का निर्माण भी किया है। मनोज चतुर्वेदी के साथ इस फिल्म में निर्देशन की जिम्मेदारी अफजल खान ने संभाली है। डकैत ऑफ धौलपुर में मनोज के साथ राधा अजमेरा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मनोज चतुर्वेदी अपनी पहली फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि उन्होंने अपनी पहली फिल्म के लिए शानदार कहानी का चयन किया है जिसमें ट्रेजेडी है, ऐक्शन है, ड्रामा है, रोमांस है,और कॉमेडी है। साथ ही फिल्म को महाशिवरात्रि के दिन रिलीज होने की वजह से उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। मनोज चतुर्वेदी ने फिल्म के रिलीज को लेकर कहा है कि मैं शिवशक्ति का भक्त हूं। उनके लिए महाशिवरात्रि का ये त्योहार साल में एक बार मनाया जाता है इसलिए भक्त होने के नाते मैं अपनी पहली फिल्म को शिवशक्ति के चरणों में समर्पित करने जा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि शिवशक्ति की कृपा मुझपर बनी रहेगी और उनके आशीर्वाद से मुझे मेरे मकसद में कामयाबी मिलेगीदरअसल इंदौर के रहने वाले मनोज चतुर्वेदी का मकसद है मनोरंजन की दुनियां में खूब नाम कमाना और बॉलीवुड में अपना ऊंचा मुकाम बनाना जिसका सपना मनोज चतुर्वेदी ने बचपन से देखा है। पेशे से मनोज चतुर्वेदी केमिस्ट रहे हैं और देश की सबसे बड़ी फार्मास्यूटिकल कंपनियों में से एक फार्मास्यूटिकल कंपनी के साथ बतौर केमिस्ट जुड़े रहे हैं। केमिस्ट रहते हुए मनोज चतुर्वेदी ने अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयास किया। मनोज चतुर्वेदी ने फिल्म बनाने से पहले एक छत्रनीति नाम की डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई थी जिसका भव्य प्रीमियर इंदौर शहर में किया गया था।

### जज को ठीक से नहीं दी सलामी, गुरुग्राम कोर्ट ने एसीपी के खिलाफ ऐक्शन लेने के दिए आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम की एक अदालत ने पुलिस आयुक्त को आदेश दिया है कि वह पेशी के दौरान न्यायाधीश को ठीक से सलामी नहीं देने वाले एसीपी के खिलाफ कार्रवाई करें। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) करण गोयल को सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक, एसीपी नवीन शर्मा और उनकी टीम धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को पेश करने के लिए न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) विक्रांत की अदालत में गई थी। अदालत ने प्रकरण में आदेश पारित किया जिसमें एसीपी की सलामी का भी उल्लेख है और पुलिस आयुक्त से मामले में कार्रवाई करने को कहा गया है। आदेश में कहा गया कि जैसे ही आदेश पारित हुआ, जांच अधिकारी एसीपी नवीन ने सिर्फ अपना हाथ उठाकर और दो उंगलियों से माथे को छूकर अनुचित तरीके से पीठ को सलामी दी। आदेश में कहा गया है कि जब पुलिस अधिकारी से सलामी के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि उन्होंने तीन तरह की सलामी सीखी है, यानी सिर्फ कोहनी उठाना, माथे को छूना और फिर उचित सलामी देना। हालांकि, जब अधिकारी को एहसास हुआ कि अदालत चुटकुले सुनाने की जगह नहीं है तब उन्होंने बहाना बनाया कि उन्होंने तंग कमीज पहनी हुई थी।

### दूल्हे की अजीबोगरीब शर्त से टली शादी, बैरंग लौटी बारात

**रांची, एजेंसी।** वैवाहिक रस्म के दौरान दूल्हे की अजीबोगरीब शर्त की वजह से शादी टल गई और बारात को बैरंग लौटना पड़ा। वाकया झारखंड के गढ़वा जिले के केतार थाना क्षेत्र का है। बुधवार को गढ़वा के धुरकी थाना क्षेत्र निवासी अंजनी कुमार की बारात केतार प्रखंड गई थी। बारातियों के स्वागत, जयमाल और द्वारपूजा के बाद जब दुल्हन के सिंदूरदान के रस्म का वक्त आया, तो दूल्हे ने शर्त रख दी कि वह लाइट बंद कर एकांत में यह रस्म पूरी करेगा। वर-वधू दोनों पक्ष के लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी शर्त पर अड़ा रहा। अंततः पंचायत बैठी और दोनों पक्षों की सहमति से शादी टाल दी गई। दूल्हा पक्ष को 5.13 लाख रुपए दुल्हन पक्ष को देना पड़ा।

# 3 डिग्री तापमान बढ़ने पर हिमालय के 90 प्रतिशत हिस्से को साल भर सूखे का करना पड़ेगा सामना

**अध्ययन में सामने आए तथ्य**



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एक नए शोध में हिमालय क्षेत्र में सूखे को लेकर कुछ तथ्य सामने आए हैं। शोध के अनुसार, यदि ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाती है, तो हिमालय क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में एक वर्ष तक सूखा रहेगा।

जर्नल क्लाइमैटिक चेंज में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चलता है कि पेरिस समझौते के ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के पेरिस समझौते के तापमान लक्ष्यों का पालन करके भारत में गर्मी के तनाव के बढ़ते मानव जोखिम से 80 प्रतिशत तक बचा जा सकता है, जबकि तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है। यूके में ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय (यूईए) के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने यह निर्धारित किया कि ग्लोबल वार्मिंग का स्तर बढ़ने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर मानव और प्राकृतिक प्रणालियों के लिए जलवायु परिवर्तन के जोखिम कैसे बढ़ जाते हैं। भारत, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया और घाना पर केंद्रित आठ अध्ययनों के संग्रह से पता चलता है कि ग्लोबल वार्मिंग की प्रत्येक अतिरिक्त डिग्री के लिए सूखा, बाढ़, फसल की पैदावार में गिरावट और जैव विविधता और प्राकृतिक पूंजी के नुकसान में काफी वृद्धि होती है। इसमें पाया गया कि भारत में 3-4 डिग्री ग्लोबल वार्मिंग पर परागण आधे से कम हो जाता है जबकि 1.5 डिग्री पर एक चौथाई की कमी हो जाती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से आधे देश को जैव विविधता के लिए आश्रय के रूप में कार्य करने की अनुमति मिलती है, जबकि 3 डिग्री पर यह 6 प्रतिशत है। टीम ने पाया कि 3 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने के साथ कृषि भूमि के सूखे की चपेट में आने की संभावना में बहुत बड़ी वृद्धि हुई है। अध्ययन किए गए प्रत्येक देश में 50 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि 30 साल की अवधि में एक वर्ष से अधिक समय तक गंभीर सूखे के संपर्क में रहने का अनुमान है। हालाँकि, ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से कृषि भूमि पर सूखे का जोखिम 21 प्रतिशत (भारत) और 61 प्रतिशत (इथियोपिया) के बीच कम हो जाएगा और साथ ही नदी से आने वाली बाढ़ के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान में भी कमी आएगी। किनारे तोड़ देते हैं और पानी निकटवर्ती निचले इलाकों में बह जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा, गंभीर सूखे के संपर्क में आने से मानव जोखिम में वृद्धि छह देशों में 3 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस पर 20-80 प्रतिशत कम है।

## मेट्रो ट्रैक के आगे छलांग लगाकर व्यक्ति ने दी जान, कैंसर पीड़ित था शख्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को कैंसर पीड़ित शख्स ने मेट्रो के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। हालांकि, घटना घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि 39 वर्षीय शख्स बीमारी से परेशान था। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण उसने खुदकुशी कर ली।

मरने वाला शख्स मुकुंदपुर इलाके का रहने वाला था और पेंटर का काम करता था। पुलिस को पत्नी ने बताया कि कैंसर से पीड़ित होने के कारण आजकल वह काम नहीं कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी जेब से बरामद एक पर्ची में एक मोबाइल नंबर लिखा था, जिसके आधार पर उसकी पहचान की गई। पत्नी के अनुसार शख्स का एक प्रमुख अस्पताल में इलाज चल रहा था और हाल ही में उसकी सर्जरी हुई थी। उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रैक पर एक व्यक्ति द्वारा कूदने की एक पीसीआर कॉल डीडी नंबर 19ए के माध्यम से पीएस राजीव चौक को प्राप्त हुई थी। आईओ पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ करने और सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि उस व्यक्ति ने उद्योग भवन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर सुबह करीब 11ः29 बजे मेट्रो ट्रेन के आगे ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या कर ली। आगे की पूछताछ पर उसकी पत्नी प्रीति से उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, जिसने मृतक की पहचान आनंद कुमार के रूप में बताई।



### गैर हिमाचली को राज्यसभा चुनाव में उतारने पर कांग्रेस विधायकों ने की बगावत, मंत्री अनुराग ठाकुर ने कसा तंज

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मेट्रो केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के लोगों का कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार से 14 महीने के भीतर ही विश्वास समाप्त हो गया है। इसका कारण यह है कि कांग्रेस चुनाव के दौरान किए गए बड़े-बड़े वादों को पूरा करने में विफल रही है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ मतदान किया, क्योंकि वे राज्य से एक गैर हिमाचली को उम्मीदवार बनाए जाने से नाराज थे। कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग के बाद मंगलवार को कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन से राज्यसभा चुनाव हार गए। ठाकुर ने कहा कि विधायकों में गुस्सा है। वे अपनी सरकार से नाखुश हैं, क्योंकि वे अपने वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ मतदान कर अपना गुस्सा निकाला। कांग्रेस विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं का सामना करने में असमर्थ हैं।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र खत्म

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश की भाजपा सरकार आने के बाद पहला विधानसभा का सत्र समाप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का यह सत्र 17 दिनों तक चला, जिसमें प्रदेश के बजट के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई है। विधानसभा का पहला बजट सत्र तय समय से दो दिन पहले बुधवार को सूचीबद्ध कामकाज पूरा करने के बाद, अध्यक्ष रमन सिंह ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। बजट सत्र समाप्त होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई के आखिरी सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। इसके साथ ही बजट सत्र के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सदन ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पारित कर दिया। इसके साथ ही बताया कि राज्य सरकार पिछले साल बेमेतरा जिले में सांप्रदायिक हिंसा में भुनेश्वर साहू की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करेगी। डॉ रमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित दुकानों की जांच के संबंध में (भाजपा विधायक) धरमलाल कौशिक के 6 फरवरी के तारांकित प्रश्न में, राज्य सरकार ने एक सदन समिति द्वारा जांच की सहमति दी है।

## गुजरात से दुहाई डिपो पहुंचे नमो भारत के तीन डिब्बे, जल्द मेरठ ट्रैक पर दौड़ेगी ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मेरठ में चलने वाली मेट्रो के तीन डिब्बे मंगलवार रात एनसीआरटीसी के दुहाई डिपो पहुंच गए। गुजरात के सावली से बड़े ट्राला में लादकर इसे लाया गया। डिब्बों को जोड़कर डिपो के अंदर ट्रायल होगा। इसके कुछ दिन बाद ट्रायल के लिए मेरठ में ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा। एनसीआरटीसी अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन को भारत में ही डिजाइन कर इसे यहीं बनाया गया है।

मेक इन इंडिया अभियान के तहत यह ट्रेन बनाई है। मेरठ मेट्रो के ट्रेनसेट ऊर्जा कुशल है। साथ ही हल्के और ब्रेकिंग सिस्टम से लैस है। यह ट्रेन स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी), स्वचालित ट्रेन नियंत्रण (एटीसी) और स्वचालित ट्रेन संचालन (एटीओ) है। मेरठ मेट्रो ट्रेन की परिचालन गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसका ट्रायल रन जल्द शुरू कराने की




तैयारी है। मेरठ मेट्रो 13 स्टेशन के साथ 23 किलोमीटर लंबा है। फिलहाल मेरठ मेट्रो का निर्माण तेजी से चल रहा है। यह देश की पहली ट्रेन है जो नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो रैपिड रेल ट्रांजिस्ट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर पर चलेगी। ट्रेन मेरठ शहर के अंदर चलेगी।

मेरठ साउथ, परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल (भूमिगत), भैसाली (भूमिगत), बेगमपुल (भूमिगत), एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो है। मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम स्टेशन पर आरआरटीएस के साथ मेट्रो भी उपलब्ध होंगी। लोग सुविधानुसार ट्रेन आगे जाने के लिए बदल सकेंगे।

मेट्रो का डिजाइन आधुनिक तरीके से बनाया गया है, इसमें यात्रियों को आराम और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

एक ट्रेन मे 700 से ज्यादा यात्री सफर कर सकेंगे, मेरठ मेट्रो के ट्रेन हल्के वजन और स्टेनलेस स्टील से निर्मित है।

मेरठ मेट्रो में भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने की बेहतर व्यवस्था होगी। सभी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) के साथ मेट्रो संचालन को जोड़ा जाएगा।

ऊर्जा खपत में कमी के लिए ट्रेनों के दरवाजों में पुश बटन का प्रयोग किया गया है। इसकी मदद से सिर्फ वही दरवाजे खुलेंगे जहां पुश बटन को दबाया जाएगा। इसके साथ ही आपातकालीन निकास उपकरण, अग्निशामक यंत्र, अलार्म जैसे सुरक्षा सिस्टम को जोड़ा गया है।

आपातकालीन स्थिति में मेडिकल स्ट्रेचर ले जाने के लिए ट्रेन में जगह की व्यवस्था, व्हील चेयर के लिए भी स्थान।

## फ्रांसीसी सांसद ने गर्भपात के अधिकारों को मंजूरी देने के लिए किया वोट, पीएम बोले- प्रगति की ओर बड़ा कदम

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांसीसी सांसद ने बुधवार को संविधान में गर्वपात के अधिकारों को मंजूरी देने के लिए मतदान किया। उन्होंने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा रो वी वेड के फैसले को पलटने के बाद इसके पक्ष में निर्णायक रूप से मतदान किया। सांसद के पक्ष में 267 और विपक्ष में 50 वोट पड़े। यह विधायी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने इसे प्रगति की ओर एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने महिलाओं के अपने शरीर पर स्वतंत्र रूप से नियंत्रण रखने के महत्व को दर्शाया। पीएम अटाल ने कहा कि लैंगिक समानता की दिखा में एक कदम आगे बढ़ाया गया है संविधान में गर्वपात के अधिकारों को मंजूरी देने के लिए पेश किए गए प्रस्ताव का उद्देश्य फ्रांसीसी कानूनी ढांचे के भीतर गर्भपात के अधिकारों को मजबूत करना है। गर्वपात फ्रांस में 1975 से ही वैध है और गर्भावस्था के पहले 10 हफ्तों में इसे वैध बताया था। हालांकि, बाद में इसे बढ़ाकर 14 हफ्ते किया गया था। इस प्रक्रिया की लागत राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा प्रणाली द्वारा कवर किया जाएगा। यह निर्णय तब लिया गया जब नेशनल असेंबली ने नवंबर 2022 में बदलाव का समर्थन किया था। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने आठ मार्च 2023 को नारीवादी कार्यकर्ता गिसेले हलीमी को श्रद्धांजलि देने के दौरान यह प्रस्ताव रखा था।




### पश्चिमी नॉर्वे में हुआ हेलीकॉप्टर क्रैश, दुर्घटना में एक की मौत ; पांच घायल

**ओस्लो , एजेंसी।** पश्चिमी नॉर्वे के पास समुद्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा है कि ब्रिस्टो नॉर्वे द्वारा संचालित सिकोरस्की एस-92 विमान बुधवार को खोज और बचाव प्रशिक्षण मिशन पर था जब दुर्घटना हुई। पुलिस ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि बचावकर्मियों ने जहाज पर सवार छह लोगों को समुद्र से बाहर निकाला, लेकिन एक को बाद में अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि जीवित बचे पांच लोगों में से एक को केवल हल्की चोटें आईं, जबकि अन्य चार को हल्की से गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना का कारण का तत्काल पता नहीं चल पाया है। हेलीकॉप्टर का निर्माण करने वाली लॉकहीड मार्टिन कंपनी सिकोरस्की ने बुधवार को कहा कि सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वह जांच में सहयोग के लिए तैयार है। ऊर्जा समूह इक्विनोर ने कहा कि हेलीकॉप्टर एक खोज और बचाव विमान था जो आम तौर पर उत्तरी सागर में कंपनी के ओसेबर्ग तेल और गैस क्षेत्र में प्लेटफार्मों पर सेवा प्रदान करता था।

### एच 1 बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए कर रहे हरसंभव प्रयास, भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोला व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एच 1 बी वीजा प्रक्रिया, ग्रीन कार्ड बैकलॉग और आव्रजन प्रणाली से जुड़े अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। व्हाइट हाउस ने बुधवार को यह बात कही। एच 1 बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है। यह आमतौर पर उन लोगों को दिया जाता है, जो अमेरिका में काम करने के लिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो एच-1बी वीजा ऐसे कुशल कर्मचारियों को रखने के लिए दिया जाता है, जिनके काम की जरूरत अमेरिका की कंपनियों को है। इसके बाद ग्रीन कार्ड दिया जाता है। इस वीजा की वैधता छह साल की होती है। भारतीय आईटी पेशेवर इस वीजा को सबसे ज्यादा हासिल करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पीयरे ने बुधवार को एक दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमने एच 1 बी वीजा, ग्रीन कार्ड बैकलॉग प्रक्रिया में सुधार के लिए कदम उठाए हैं। दरअसल, उनसे भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों के एक वर्ग में फैली इस भावना के बारे में पूछा गया था कि राष्ट्रपति बाइडन वैध प्रवासियों की मुश्किलों को दूर करने के लिए उतने प्रयास नहीं कर रहे हैं, जितना वह अवैध प्रवासियों के लिए कर रहे हैं। पीयरे ने आगे कहा, उदाहरण के तौर पर अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने पिछले महीने ही एच 1 बी वीजा से जुड़े नए नियम प्रकाशित किए हैं। यह बदलाव आव्रजन प्रणाली की अखंडता को मजबूत करने और धोखाधड़ी की संभावनाओं को कम करने के लिए किए गए हैं। यह बदलाव निष्पक्ष और ज्यादा न्यायसंगत परिणामों को बढ़ावा दे रहे हैं। अधिकारी आव्रजन प्रणाली में सुधार के लिए अपना काम जारी रखेंगे। यह निश्चित रूप से हमारी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा, प्रशासन इसे बहुत गंभीरता से लेता है और वह वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखेगा।

## अमेरिका के टेक्सास पैनहैंडल जंगलों में लगी भीषण आग

**न्यूयार्क, एजेंसी।**
टेक्सास पैनहैंडल के जंगलों में बुधवार तड़के आग लग गई, जिसके कारण लोगों को प्रभावित क्षेत्र छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ा। इसके कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति काट दी गई जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए जबकि एक परमाणु हथियार इकाई को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा, क्योंकि तेज हवाओं, सूखी घास और बेमौसम गर्म तापमान के चलते आग तेजी से फैल रही थी। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने 60 काउंटी के लिए आपदा घोषित की। स्मोकहाउस क्रीक में लगी आग प्रांत के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जंगल की आग बन गई।

अमेरिका के परमाणु हथियार इकाई का कामकाज मंगलवार रात रोक दिया गया लेकिन इकाई की ओर से कहा गया कि यह बुधवार को सामान्य काम के लिए खुला है। अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि आग किस कारण से लगी हो सकती है जो कम आबादी वाले काउंटी में फैल गई। हचिंसन काउंटी के लगभग 13,000 लोगों वाले बोर्गर में एड्रियाना हिल



ने कहा कि वह और उनका परिवार बहुत डरे हुआ था क्योंकि हवा के रुख बदलने तक आग ने पूरे शहर को घेर लिया था। हिल (28) ने कहा, यह बोर्गर के चारों ओर आग छल्ले की तरह थी, बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था... सभी चार मुख्य सड़कें बंद थीं।

आग की लपटें मेरे घर से लगभग 1.6 किलोमीटर के दायरे में आ गईं, जहां मैं अपने पति और 20 महीने के बेटे के साथ रहती हूं। हिल ने कहा, जिस चीज़ ने हमें बचाया वह उत्तरी हवा थी... इसने इसे विपरीत दिशा में उड़ा दिया। मौसम के पूर्वानुमान ने अग्निशामकों के लिए कुछ आशा प्रदान की। ऐसा अनुमान जताया गया है कि बृहस्पतिवार को बारिश के साथ मौसम ठंडा रहेगा और हवा की गति तेज नहीं रहेगी।

टेक्सास ए और एम वन सेवा की ओर से बुधवार तड़के जारी की गई ताजा जानकारी के अनुसार, हचिंसन काउंटी में स्मोकहाउस क्रीक आग ने लगभग 2,070 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को जला दिया है। यह सोमवार के आकार से पांच गुना अधिक है, जब यह आग शुरू हुई थी। स्थानीय आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि काउंटी में अज्ञात संख्या में घर और अन्य संरचनाएं क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गईं।

## शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद के लिए नामित, पीएमएल-एन ने किया औपचारिक ऐलान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन ) के संसदीय दल ने बुधवार को शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए औपचारिक रूप से नामित किया। पीएमएल-एन ने नेशनल असेंबली के अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ नेता सरदार अयाज सादिक को भी नामित किया है। यह घटनाक्रम नई नेशनल असेंबली के उद्घाटन सत्र से एक दिन पहले आया है। आठ फरवरी के आम चुनावों के बाद बृहस्पतिवार को नयी नेशनल असेंबली की पहली बैठक होगी। पीएमएल-एन के केंद्रीय उप सचिव अताउल्लाह तरार ने बैठक के बाद एक बयान में कहा, ''पीएमएल-एन के संसदीय सदस्यों की बैठक बुधवार को पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ की अध्यक्षता में इस्लामाबाद में हुई। नवाज ने आधिकारिक तौर पर अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ और पार्टी के वफादार सरदार अयाज सादिक को क्रमशः प्रधानमंत्री और नेशनल असेंबली के स्पीकर पद के लिए नामित किया। उन्होंने कहा कि संसदीय दल ने प्रधानमंत्री पद के लिए 72 वर्षीय शहबाज शरीफ के नाम का समर्थन किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129